www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 6 अप्रैल, 2024 | वर्ष-16 | अंक -361 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करना... 02

■ सभी के जीवन में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित...
■ सरकारी अस्पतालों की बदहाली को लेकर... 03

■ गाजा में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने...
■ अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को मारने के आरोप में... 07

बसपा के सामने अंबेडकर नगर सीट पर फिर जीत हासिल करने... 10

`हाथ बदलेगा हालत' नारे के साथ कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

# महिलाओं को 1 लाख सालाना का वादा

## कांग्रेस ने देश की जनता को पांच न्याय के साथ 25 गारंटियां दी

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए ' हाथ बदलेगा हालत' नारे के साथ आज अपना घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि यह 'न्याय पत्र' है जो देश की जनता को पांच न्याय के साथ 25 गारंटी देता है तथा गरीबों की खुशहाली का वादा करता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र की बड़ी बातों की अगर बात की जाए तो इसमें केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, जाति जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी 400 रुपए, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी घोषणा की है।

**घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम और पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त रूप से कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि घोषणा पत्र न्याय की गारंटी देता है इसलिए इसे 'न्याय पत्र' कहा गया है। इसमें सभी देशवासियों से न्याय का वादा है और लोगों को विश्वास दिलाया गया है कि कांग्रेस को वोट देने से पूरे देश के हालात बदल जाएंगे।

श्री खडगे ने कहा कि घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है और देश के गरीबों को सम्मान देने का वादा किया गया है। इसमें आम लोगों की आर्थिक हालत सुधारने के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड देने का भी वादा किया गया है।



### घोषणा पत्र के मुख्य बिन्दु

- राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना की जाएगी
- आरक्षित रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरा जाएगा
- भूमिहीनों को जमीन दी जाएगी
- हर प्रशिक्षु को एक लाख रुपए प्रति वर्ष का मानदेय दिया जाएगा
- संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन किया जाएगा
- संसद के दोनों सदन साल में 100 दिनों के लिए चलेंगे
- योजना आयोग को बहाल किया जाएगा
- हिरासत में मौतों व बुलडोजर न्याय को समाप्त करने का वादा

- **सत्ता में आने पर 30 लाख नौकरी देने का भी किया वादा**
- **आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा खत्म करेगी पार्टी**
- **उभरते खिलाड़ियों को प्रति माह 10,000 की छात्रवृत्ति दी जाएगी**
- **5,000 करोड़ का नया स्टार्टअप फंड बनाया जाएगा**

**यात्रा के दौरान हालात करीब से देखे**

उन्होंने कहा हम देश की सामाजिक और आर्थिक गति को आगे ले जाएंगे। किसानों, गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों के विकास के बंद दरवाजे खोलेंगे। ये हमारी प्रतिज्ञा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा ही डॉ. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हैं, लेकिन उन 10 वर्षों में कांग्रेस ने मनरेगा, सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण कानून, शिक्षा का अधिकार सहित कई कदम उठाए हैं। मनरेगा और खाद्य सुरक्षा के पीछे श्रीमती सोनिया गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मोदी जी इसके मुकाबले अपने 10 साल के कार्यकाल में एक भी काम नहीं कर सके। पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने देश की हालत करीब से देखे हैं और वह जानते हैं कि देश के लोगों के साथ न्याय नहीं हो रहा है इसलिए कांग्रेस पांच न्याय के तहत देशवासियों को 25 गारंटियां देने का वादा करती है।

> **घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है और देश के गरीबों को सम्मान देने का वादा किया गया है: मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

> **लोगों के साथ न्याय नहीं हो रहा है, इसलिए कांग्रेस पांच न्याय के तहत 25 गारंटियां देने का वादा करती है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

> **नोटबंदी, राफेल सौदा, पेगासस मामला, पीएम केयर फंड व चुनावी बॉन्ड आदि की जांच कराई जाएगी: पी चिदंबरम, अध्यक्ष घोषणा पत्र समिति**

**न्यूनतम मजूदरी 400 करने की गारंटी**

कांग्रेस ने 'श्रमिक न्याय' के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपए प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। साथ ही 'नारी न्याय' के अंतर्गत 'महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं।

# भाजपा ने किया शराब घोटाला : संजय सिंह

- **घोटाले में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लोग शामिल**
- **केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश**

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप)के नेता संजय सिंह ने गुरुवार को कहा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने शराब घोटाला किया है। उन्होंने बताया कि इस शराब घोटाले में छोटे-मोटे लोग शामिल नहीं हैं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व के लोग शामिंल हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साजिश के तहत जेल भेजा गया ताकि 'आप' को खत्म किया जा सके। 'आप' के राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, दुर्भावनापूर्ण तरीके से साजिश रचकर इस देश और दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। यह बहुत बड़ी साजिश है। उन्होंने मीडिया के सामने शराब कारोबारी एवं सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हाथ मिलाते हुए तस्वीरें साझा करते हुए कहा, सोलह जुलाई को जब मगुंटा रेड्डी श्री केजरीवाल और 'आप' के खिलाफ बयान देता है और हमारी पार्टी को खत्म करने की भाजपा की साजिश में शामिल हो जाता है, तो 18 जुलाई को मगुंटा रेड्डी के बेटे राघव रेड्डी की जमानत हो जाती है। एक मगुंटा रेड्डी को बार-बार ईडी शराब का घोटालेबाज बता रही है।



सिसोदिया ने लिखा पत्र, कहा

## जल्द जेल से बाहर आऊंगा : सिसोदिया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को गुरुवार को पत्र लिखकर कहा कि वह जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। श्री सिसोदिया ने जेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक पत्र लिखकर उम्मीद भी जतायी कि वह जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। उन्होंने कहा, जल्द ही आपसे बाहर मिलूंगा। अंग्रेज को भी अपनी ताकत का घमंड था और उन्होंने लोगों को झूठे मामलों में जेल भेजा था।

**रमजान मुबारक**

**6 अप्रैल-26**

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 4.44 |
| रोजा इफ्तार | : | 6.44 |





इस्लाम में जुमे का खास महत्व है। रमजान के पाक महीने में इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। 5 अप्रैल को दुनियाभर में आखिरी जुमे जुमातुल विदा की नमाज पढ़ी गई। राजधानी स्थित कई मस्जिदों में भी हजारों की संख्या में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। छाया : इम्तियाज खान।

# उप्र मदरसा के 17 लाख छात्रों को राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ के 22 मार्च 2024 को 'उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड शिक्षा अधिनियम 2004' के प्रावधानों को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द करने वाले फैसले पर शुक्रवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि हाई कोर्ट का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करने में राज्यों के वाजिब हित हैं कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें। क्या इस उद्देश्य के लिए पूरे क़ानून को रद्द करने की आवश्यकता नहीं होगी, इस पर विचार करने की आवश्यकता होगी।

**हाई कोर्ट ने बताया था असंवैधानि**



पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हाई कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि 2004 का अधिनियम धर्मनिरपेक्षता और बुनियादी ढांचे और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये निष्कर्ष हालांकि, मदरसा बोर्ड को सौंपी गई नियामक शक्ति से मेल खाते प्रतीत होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में प्रावधान है कि सरकार द्वारा पूर्ण सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले का समर्थन करते हुए दलील दी कि लगभग 17 लाख छात्रों को नियमित संस्थानों में समायोजित किया जा सकता है और अगर फैसले पर रोक लगाई गई तो राज्य को 1096 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा।

## अनिल मसीह ने सुप्रीम कोर्ट में मांगी माफी

- **चंडीगढ़ मेयर चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर थे मसीह**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में रिटर्निंग ऑफिसर रहे अनिल मसीह ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी है। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा अनिल मसीह के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 340 के तहत कार्यवाही शुरू की गई थी। उन पर मतपत्रों से छेड़छाड़ कर आठ वोटों को अवैध करार देने और कोर्ट में गलत बयान देने का आरोप था। सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी पेश हुए।

## सार संक्षेप

### चुनाव आयोग ने आतिशी को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी मर्लेना चुनाव आयोग के निशाने पर आ गई हैं। शुक्रवार को आयोग ने नोटिस भेजकर उनके उस बयान पर जवाब मांगा है,जिसमें उन्होंने कहा था कि उनसे भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया था। चुनाव आयोग ने 6 अप्रैल शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है।

### रांची में 21 अप्रैल को 'इंडिया' गठबंधन की रैली



**रांची।** 21 अप्रैल को रांची में 'इंडिया' गठबंधन की रैली होगी। इसमें गठबंधन के देशभर के बड़े नेता शामिल होंगे। इसी के साथ 'इंडिया' गठबंधन में शामिल पार्टियां राज्य में संयुक्त रूप से चुनावी अभियान का आगाज करेंगी।

### खजुराहो से सपा उम्मीदवार का नामांकन निरस्त



**पन्ना।** मध्य प्रदेश में विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का नामांकन निरस्त हो गया है।

महागठबंधन को मिला एक और साथी

# बिहार में मुकेश सहनी भी आए साथ

- **महागठबंधन में शामिल हुए मुकेश सहनी**
- **राजद ने तीन सीटें वीआईपी को दी**

**पटना,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के लिए पिछले कई महीने से इधर-उधर घूम रहे मुकेश सहनी को आखिरकार ठिकाना मिल गया है। मुकेश सहनी को महागठबंधन में जगह मिल गई है। वैसे, तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी को एक भी मनपसंद सीट नहीं दी है। राजद को जिन तीन सीटों पर उम्मीदवार तलाशने में परेशानी हो रही थी, वैसी तीन सीटें वीआईपी को थमा दी गई हैं।



वीआईपी पार्टी से समझौते के बाद तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस की। तेजस्वी ने बताया कि राजद ने अपने कोटे से वीआईपी को तीन सीट देने का फैसला कर लिया है । राजद को इंडिया गठबंधन में हुई सीट शेयरिंग में 26 सीटें मिली थीं, उनमें से 3 सीटें वीआईपी को दी गई है। वीआईपी पार्टी को गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी सीट देने का फैसला लिया गया है। राजद ने मुकेश सहनी के लिए जो सीटें छोड़ी है, उनमें से एक भी सीट ऐसी नहीं है जिस पर मुकेश सहनी लड़ना चाह रहे थे। मुकेश सहनी की पहली पसंद मुजफ्फरपुर सीट थी। लेकिन वह सीट पहले से ही कांग्रेस को दी जा चुकी थी। मुकेश सहनी दरभंगा से लेकर खगड़िया सीट लेना चाह रहे थे। लेकिन दोनों सीट नहीं मिली।

मुकेश सहनी की पसंद वैशाली सीट भी थी। आखिर आखिर कर मुकेश सहनी वैशाली सीट लेने की कोशिश में लगे रहे। लेकिन लालू और तेजस्वी उस पर नहीं माने। अब हालत ये है कि मुकेश सहनी के पास ऐसी कोई सीट नहीं है, जिस पर वे खुद चुनाव लड़ सकें। राजद ने वही सीटें छोड़ी हैं, जहां उम्मीदवार तलाशनें में राजद को काफी परेशानी हो रही थी।

# चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर की चर्चा

## 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के नगर निगम आयुक्तों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगर निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) के साथ बैठक की और पिछले चुनावों के दौरान कम मतदान प्रतिशत होने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बैठक के दौरान निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों से ऐसा माहौल बनाने को कहा जिससे लोग मतदान करने के लिए स्वत: प्रेरित हो सकें। आयोग ने एक बयान में कहा कि अधिकतर शहरों से आये निगम आयुक्त और बिहार और उत्तर प्रदेश से चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारियों ने चिह्नित शहरी और ग्रामीण पंचायत केन्द्रों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मतदाता जागरूकता संदेशों को शामिल करने, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मतदाता जागरूकता मंचों के साथ सहयोग करना और विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग करना शामिल है।

**विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग करना शामिल**




# एलओसी पर घुसपैठ का प्रयास नाकाम, दो आतंकी ढेर

**जम्मू,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में उड़ी के सहुरा नाला इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के बाद एक और अज्ञात आतंकवादी मारा गया है, जिससे मरने वालों की संख्या दो हो गई है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं, एक शव बरामद हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि इलाके में तलाशी जारी है। इससे पहले, तड़के आतंकवादियों की गतिविधियों का पता चला था। घुसपैठियों को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी, जिसके बाद गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी मारे गए, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

**शुक्रवार तड़के आतंकवादियों की गतिविधियों का पता चला था**

चुनाव | आरबीआई का जीडीपी में सात फीसदी वृद्धि का अनुमान

# रेपो रेट में लगातार सातवीं बार बदलाव नहीं

**मुंबई,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी का हवाला देकर महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुए नीतिगत दरों को आज लगातार सतावीं बार यथावत रखने के निर्णय से कार और घर की ईएमआई कम होने की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी ।मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है।

- **रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा**

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख दरें यथावत हैं। साथ ही समायोजन के रुख को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। समिति के इस



निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

**आर्थिक गतिविधियों का विस्तार जारी**

श्री दास ने कहा कि निश्चित निवेश और वैश्विक माहौल में सुधार से समर्थन मिलने की बदौलत घरेलू आर्थिक गतिविधियों का तेज गति से विस्तार जारी है। दूसरे अग्रिम अनुमान (एसएई) ने 2023-24 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रखी। दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद, रबी गेहूं की अच्छी फसल और खरीफ फसलों की बेहतर संभावनाओं के साथ कृषि और ग्रामीण गतिविधियों में तेजी रहने की उम्मीद है। ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार की स्थिति और अनौपचारिक क्षेत्र की गतिविधि में सुधार होने, मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आने और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में निरंतर मजबूती से निजी खपत को बढ़ावा मिलने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# देश

**उवाच**

"जम्मू-कश्मीर में जब तक अनुच्छेद 35ए लागू था, तब तक यह गारंटी थी कि कोई बाहरी व्यक्ति जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकता है या सरकारी नौकरी प्राप्त नहीं कर सकता है। जम्मू-कश्मीर में नौकरियों के लिए लड़ेंगे, जो केवल राज्य के लोगों को प्राप्त होना चाहिए।

-गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 22.0 |
| मुंबई | 34.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र की हत्या : अखिलेश यादव

**भोपाल, 5 अप्रैल (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश में इंडिया गठबंधन को करारा झटका लगा है। कांग्रेस ने प्रदेश की 29 में से एक खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ी थी। यहां से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपनारायण यादव का नामांकन निरस्त हो गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि खजुराहो सीट से इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त करना सरेआम लोकतंत्र की हत्या है। कहा जा रहा है कि हस्ताक्षर नहीं थे तो फिर देखने वाले अधिकारी ने फार्म लिया ही क्यों। ये सब बहाने हैं और हार चुकी भाजपा की हताशा। जो न्यायालय के कैमरे के सामने छल कर सकते हैं वो फार्म मिलने के बाद पीठ पीछे क्या-क्या साजिश रचते होंगे। भाजपा बात में ही नहीं काम में भी झूठी है समस्त प्रशासनिक तंत्र को भ्रष्ट बनाने की दोषी भी है।

**■ खजुराहो सीट से मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने पर बोला हमला**

### घटना की हो न्यायिक जांच

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि घटना की न्यायिक जांच हो, किसी का पर्चा निरस्त करना लोकतांत्रिक अपराध है। नामांकन निरस्त करने को लेकर कलेक्टर ने इसकी दो वजह बताई है। नामांकन फॉर्म पर प्रत्याशी के दो जगह हस्ताक्षर होते हैं, जिसमें से एक जगह मीरा यादव ने हस्ताक्षर नहीं किए थे। मतदाता पहचान पत्र की सत्यापित प्रति की जगह पुरानी प्रति दे दी गई थी। मीरा यादव के पति दीपनारायण यादव ने कहा है कि हम इस फैसले को



**भाजपा समस्त प्रशासनिक तंत्र को भ्रष्ट बनाने की भी है दोषी : अखिलेश यादव**

हाईकोर्ट में और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त के पास भी जाएंगे। मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूदा सांसद और उम्मीदवार हैं। उनकी राह अब आसान हो गई है। एक तरह से इंडिया गठबंधन ने उन्हें वॉकओवर ही दे दिया है। नामांकन निरस्त होने के बाद राजनीतिक उठापटक भी तेज हो गई है। कांग्रेस और सपा का उम्मीदवार न होने की स्थिति में दोनों ही पार्टियां मिलकर किसी एक उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन दे सकती है। लेकिन उसे कांग्रेस या सपा का चुनाव चिह्न नहीं मिल सकेगा।

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर और पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि नामांकन फॉर्म को दो आधार पर निरस्त किया गया है। मीरा यादव ने अपने नामांकन फॉर्म के साथ सत्यापित मतदाता सूची संलग्न नहीं की थी। फॉर्म में दो जगह हस्ताक्षर भी नहीं पाए गए हैं। मीरा यादव निमाड़ी विधायक रह चुकी हैं। उनके पति दीप नारायण सिंह यादव भी यूपी के झांसी के गरोठा विधानसभा सीट से दो बार के विधायक हैं। यादव परिवार का राजनीतिक रसूख न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड सहित कई इलाकों में बना हुआ है। यादव समाज का बड़ा चेहरा होने की वजह से दीपनारायण यादव सपा प्रमुख अखिलेश यादव के काफी करीबी हैं। सपा ने पहले मनोज यादव को उम्मीदवार बनाया था। इसके दो दिन बाद ही मनोज यादव का टिकट काटकर मीरा को टिकट दिया गया था। दूसरे चरण के नामांकन के आखिरी दिन यानी चार अप्रैल को ही मीरा ने नामांकन दाखिल किया था। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है।

### खजुराहो में अब 14 उम्मीदवार ही शेष

मीरा यादव के साथ पांच अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र निरस्त हुआ है। इसके बाद अब खजुराहो सीट पर 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। अभ्यर्थी सोमवार को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारी से नाम वापस ले सकेंगे। भाजपा से विष्णुदत्त शर्मा, बसपा से कमलेश कुमार पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। 12 निर्दलीय मोहम्मद इमरान, कपिल गुप्ता भारतीय, केशकली, गिरन सिंह, नंदकिशोर, पंकज मौर्य (कुशवाहा), पन्ना लाल त्रिपाठी एड., फिरोज खां, बिटइया अहिरवार, आर.बी. प्रजापति (राजा भइया) पूर्व आईएएस, लक्ष्मी प्रसाद और पेंटर सुनमान सिंह लोधी भी चुनाव लड़ रहे हैं।

# कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के नाम घोषित

**नैनीताल, 5 अप्रैल (एजेंसियां)।** कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों के नाम का ऐलान कर दिया है। स्टार प्रचारकों की सूची में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही पार्टी के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम शामिल हैं। चुनाव आयोग को भेजी गयी स्टार प्रचारकों की सूची में जिन नामों का ऐलान किया गया है उनमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अलावा कुमारी शैलजा, जितेन्दर सिंह, सलमान खुर्शीद, गुरदीप सिंह सप्पाल, अलका लांबा और अमरिंदर सिंह राजा के नाम शामिल हैं। इनके अलावा प्रदेश के तीस कांग्रेस नेताओं के नाम सूची में शामिल हैं। इनमें दिग्गज नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह और हरक सिंह रावत के नाम प्रमुख हैं। सूची में कांग्रेस नेता हरीश रावत की पुत्री अनुपमा रावत, भुवन चंद्र कापड़ी, काजी निजामुद्दीन, मयूख महर, तिलक राज बेहड़, ममता राकेश, मनोज तिवारी, फुरकान अहमद, हरीश धामी, मदन सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह नेगी, आदेश सिंह चौहान, गोपाल सिंह राना शामिल हैं। इनके अलावा अन्य जो नाम हैं उनमें खुशाल सिंह अधिकारी, सुमित हृदयेश, रवि बहादुर, वीरेंद्र जति, गोविंद सिंह कुंजवाल, डा. जीत राम, मंत्री प्रसाद नैथानी, हरक सिंह रावत, नव प्रभात, दिनेश अग्रवाल, शूरवीर सिंह सजवाण, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी और ज्योति रौतेला के नाम शामिल हैं।

**■ खड़गे, राहुल, प्रियंका के नाम शामिल**

# पुंछ में युवकों की मौत के मामले की जांच से न्याय की उम्मीद : महबूबा

**श्रीनगर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल दिसंबर में सेना की कथित पूछताछ में पुंछ के तीन युवकों की हुई मौत के मामले की जांच से शोक संतप्त परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है। महबूबा एक मीडिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे रही थीं जिसमें बताया गया था कि दिसंबर 2023 में तीन युवकों की मौत के मामले में सेना की आंतरिक जांच में विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों सहित सात से आठ कर्मियों के 'आचरण' में 'गंभीर खामियां' पाई गई हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल 21 दिसंबर को पुंछ के सुरनकोट के बुफलियाज इलाके में एक घातक हमले में चार सैनिक मारे गए थे। हमले के कुछ ही घंटों के भीतर तीन युवकों- सफीर अहमद, मोहम्मद शौकत अली और शब्बीर अहमद, को सेना की ओर से पूछताछ के लिए अन्य लोगों के साथ उठाया गया था लेकिन अगले दिन तीनों मृत पाए गए। बड़े पैमाने पर आक्रोश के बाद सेना ने मौतों की जांच के आदेश दिए और एक अभूतपूर्व निर्णय में ब्रिगेड कमांडर और कमांडिंग ऑफिसर को भी हटा दिया। मुफ्ती ने कहा कि पिछली जांचों में जहां सशस्त्र कर्मियों के दोषी होने की पुष्टि हुई थी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि कैसे झूठी मुठभेड़ों की पूछताछ और जांच ने हमेशा ऐसे मामलों में दोषी सशस्त्र कर्मियों की दोषीता की पुष्टि की है। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुर्भाग्य से पथरीबल, माछिल या शोपियां फर्जी मुठभेड़ हुई और किसी भी जांच के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या के लिए जिम्मेदार लोग बचकर निकल गए। उन्होंने कहा कि कोई केवल यह आशा कर सकता है कि बफलियाज के तीन युवकों की दुखद मौत की हालिया जांच से शोक संतप्त परिवारों को न्याय मिलेगा। जांच का आदेश देना उस दिशा में एक कदम है।



**■ पिछली जांचों में जहां सशस्त्र कर्मियों के दोषी होने की पुष्टि हुई थी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई**

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र में 352 उम्मीदवारों ने किए नामांकन दाखिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को आठ लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 352 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक गुरुवार को मराठवाड़ा और विदर्भ के निर्वाचन क्षेत्रों बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक बुलढाणा में 29 , अकोला में 28, अमरावती में 59, वर्धा में 27, यवतमाल-वाशिम में 38, हिंगोली में 55, नांदेड़ में 74 और परभणी से 42 उम्मीदवारों नामांकन पत्र भरे हैं। शुक्रवार को सभी नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

### असम में भूकंप के तेज झटके, 5.7 मापी गई तीव्रता

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर के राज्य असम में शुक्रवार शाम को करीब 6.15 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। असम में इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई है। खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह की जानमाल के नुकासन की खबर नहीं। भूकंप का केंद्र म्यांमार में था, जिसका भौगोलिक निर्देशांक 26.53 अक्षांश और 96.77 देशांतर था। भूकंपीय गतिविधि 62 किमी की गहराई पर थी।

### झारखंड के पूर्व मंत्री लालचंद महतो का निधन

**रांची।** झारखंड के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार को यहां विधानसभा परिसर लाया गया जहां विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रांची के लालपुर स्थित अमरावती अपार्टमेंट से उनका पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा परिसर लाया गया था। इससे पहले मंत्री बेबी देवी ने भी शोकाकुल परिवार से रांची के लालपुर स्थित अपार्टमेंट में मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया और निधन पर शोक जताया।

### फेक न्यूज व हेट स्पीच के मामलों में होगी कार्रवाई

**जयपुर।** राजस्थान में किसी भी जिले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक न्यूज और हेट स्पीच के प्रकरण सामने आने पर उनको हटाने के लिए पुलिस के स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो द्वारा टेक डाऊन नोटिस की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के महानिरीक्षक शरत कविराज ने बताया कि सभी जिलों में पुलिस तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों के नेटवर्क संग समन्वय करते हुए सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और हेट स्पीच के मामलों की निगरानी की जा रही है। प्रदेश के सभी जिलों के जिला पुलिस अधीक्षकों तथा जयपुर और जोधपुर के पुलिस उपायुक्तों को निर्देश जारी किए गए हैं।

# मप्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष अभियान जारी : राजन

**भोपाल, 5 अप्रैल (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कहा कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश के जिन 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम था, वहां मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली में आज 'मतदान में कम सहभागिता विषय पर सम्मेलन' में प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों और कुछ जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास करने के लिए एक साथ विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर आयोग द्वारा मतदाताओं की उदासीनता पर एक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन वर्चुअली रूप से इस सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कहा कि लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व और लोकतंत्र में उनके एक वोट की क्या कीमत है, के बारे में जागरुक किया जा रहा है। जिला लेवल पर पेंटिंग, स्लोगन, लेखन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें सभी उम्र के मतदाता सहभागी बन सकते है।

प्रतियोगिताओं में पुरस्कार का भी प्रावधान किया गया है। ट्रू कॉलर, यूपीआई पेमेंट, सोशल मीडिया इन्फल्यूएंसर, स्वच्छता वाहन के माध्यम से भी मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है।




**मतदाता भागीदारी बढ़ाने पर किया विचार-विमर्श**

# राजद प्रमुख लालू यादव की मुश्किलें बढ़ीं

**पटना, 5 अप्रैल (देशबन्धु)।** लोकसभा चुनाव से पहले लालू प्रसाद और आरजेडी को बड़ा झटका लगा है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर की एमपीएमएलए कोर्ट ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में लालू की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। साल 1995 और 1997 में फर्जी अवैध फार्म संख्या-16 को तैयार कर हथियारों की सप्लाई के मामले में ग्वालियर की कोर्ट ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। दरअसल, 23 अगस्त 1995 से लेकर 15 मई 1997 के बीच यह पूरा फर्जीवाड़ा किया गया था। फर्जी कागजात के जरिए तीन फॉर्म के नाम पर हथियार और गोलियों की खरीद की गई थी। पुलिस ने इस मामले में 1998 के जुलाई महीने में आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। आरोप पत्र में लालू प्रसाद का नाम होने के कारण यह मामला ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट में पहुंच गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण अदालत ने लालू प्रसाद यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद की गिरफ्तारी वारंट को वोटिंग से पहले बड़ा झटका माना जा रहा है। इस मामले में लालू प्रसाद यादव आरोपी हैं तो लेकिन राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हैं या नहीं, इसे लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। अदालत के रिकॉर्ड से इसकी पुष्टि नहीं हो रही थी। दस्तावेजों के अनुसार आरोपी लालू प्रसाद के पिता का नाम कुंद्रिका सिंह है। वहीं, राजद नेता लालू प्रसाद के पिता का नाम कुंदन राय है। लालू प्रसाद के पिता का नाम सिर्फ फरारी पंचनामे में लिखा है।

पुलिस ने कोर्ट में जो चालान और फरार आरोपियों की सूची पेश की है, उनमें पिता का नाम नहीं लिखा था। शेष आरोपियों के पिता के नाम के साथ शहर तक का उल्लेख था। हालांकि, पूर्व सांसद और विधायक लालू प्रसाद यादव का जिक्र होने से यह केस एमपी-एमएलए कोर्ट में गया है। अब पुलिस का दावा है कि आरोपी लालू प्रसाद यादव कोई और नहीं बल्कि राजद नेता ही हैं। इसी आधार पर उन्हें आरोपी बनाया और गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पुलिस ने अपने अनुसंधान के बाद ही लालू प्रसाद यादव को आरोपी बनाया है। यह केस अन्य कोर्ट से एमपी-एमएलए कोर्ट को ट्रांसफर हुआ था।



**■ मप्र के ग्वालियर की कोर्ट ने किया गिरफ्तारी वारंट जारी**
**■ हथियारों की खरीद-फरोख्त का मामला**

### लालू समेत 23 को बनाया गया था नामजद आरोपी

मामला सामने आने के बाद पुलिस ने लालू प्रसाद यादव समेत 23 लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। 23 आरोपियों में से 6 के खिलाफ ट्रायल चल रहा है जबकि दो की मौत हो चुकी है। बाकी 14 आरोपी इस मामले में फरार चल रहे हैं। बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव पहली बार चारा घोटाला मामले को लेकर चर्चा में आए थे। कोर्ट ने इस मामले में आरजेडी सुप्रीम को 3 अक्टूबर 2013 में पहली बार सजा सुनाई थी। इस मामले में लालू यादव को पांच साल की कैद और 25 लाख रुपए के जुर्माने की सजा हुई। सजा के बाद लालू यावद दो महीने के लिए रांची की बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद रहे. हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वो बाहर आ गए।

# सिक्किम विधानसभा चुनाव में 12 महिला उम्मीदवार मैदान में



**■ लोस व विस सीट के लिए 19 को होना है मतदान**

**गंगटोक, 5 अप्रैल (एजेंसियां)।** लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनावों की तैयारियां जोरों पर हैं। सिक्किम विधानसभा चुनाव से जुड़ी एक हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। सिक्किम विधानसभा और हिमालयी राज्य में लोकसभा की एकमात्र सीट के लिए मैदान में उतरे 146 उम्मीदवारों में से केवल 12 महिलाएं हैं।

सिक्किम विधानसभा की 32 सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो गई है। सिक्किम विधान सभा में अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 12 सीटें रिजर्व हैं। इन अनुसूचित जनजातियों में भूटिया, लेप्चा (शेरपा), लिम्बु, तमांग और अन्य सिक्किमी नेपाली समुदाय जैसी जातीय जनजातियां शामिल हैं। सिक्किम विधानसभा का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। वहीं, यहां एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। विधानसभा और लोकसभा सीट के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में 15 महिला उम्मीदवार थीं। इस बार सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने चार महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनावों में पार्टी ने तीन महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। एसकेएम की महिला उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी कृष्ण कुमार राय भी शामिल हैं।

वह नामची-सिंघीथांग से चुनाव मैदान में हैं, जबकि हाल ही में भाजपा से सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने वाली मौजूदा विधायक राजकुमारी थापा को रांगांग-यांगांग से मैदान में उतारा गया है।

### 2.31 लाख महिला मतदाता

राज्य में कुल 4.66 लाख मतदाता हैं, जिनमें से 2.31 लाख महिलाएं हैं। निवर्तमान सिक्किम विधानसभा (एसएलए) में तीन महिला विधायक थीं- मेली से फरवंती तमांग, रंगांग यांगगांग से राजकुमारी थापा और जूम-सलघारी (एससी) से सुनीता गजमेर।

# सुमलता अंबरीश भाजपा में शामिल

**बेंगलुरु, 5 अप्रैल (एजेंसियां)।** कर्नाटक के मांड्या से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश शुक्रवार को यहां औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। सुमलता ने यह कदम भाजपा की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव में मांड्या सीट अपने गठबंधन सहयोगी जनता दल-सेक्यूलर (जद-एस) को देने के फैसले के बाद उठाया है। बीएस येदियुरप्पा, विजयेंद्र येदियुरप्पा, आर अशोक, राधा मोहन दास अग्रवाल और डीवी सदानंद गौड़ा सहित प्रमुख भाजपा नेताओं ने शहर में पार्टी के राज्य मुख्यालय में सुमलता का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने पहले मांड्या सीट से चुनाव के लिए भाजपा का टिकट मांगा था, जिसका प्रतिनिधित्व पहले उनके दिवंगत पति एमएच अंबरीश करते थे। पार्टी ने जद-एस को टिकट देने का फैसला किया, जिसके बाद सुश्री सुमलता ने अपने समर्थकों से विचार- विमर्श के बाद चुनाव नहीं लड़ने और भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया।

# राजस्थान में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 2895 शिकायतें दर्ज

**जयपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए 'सी-विजिल' एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है और आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक प्रदेश में 2895 शिकायतें दर्ज की गयी है तथा इनमें सही पाई गई 1147 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया।राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सी-विजिल एप पर मिली अवैध शराब वितरण की शिकायत पर झुंझुनूं के खेतड़ी में एफआईआर दर्ज की गई है। एप पर मिली शिकायत के आधार पर जांच की गई, जांच के दौरान मौके पर 146 पव्वे और शराब की खाली बोतलें मिलीं। इसके बाद खेतड़ी के आबकारी थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। गुप्ता ने बताया कि अब तक प्राप्त शिकायतों में पांच शिकायतें अभी जांच दलों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा निर्णय के लिए लंबित हैं। उन्होंने बताया कि सी विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा 291 शिकायतें टोंक जिले से प्राप्त हुईं। इनमें से 220 शिकायतें सही पायी गयी और इन सभी शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया। इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि अवैध पोस्टर- बैनर की सबसे ज्यादा 1,274 शिकायतें दर्ज की गयी है, इनमें 917 शिकायतें सही पायी, जिन पर तुरंत कार्रवाई कर दी गई। उन्होंने बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर पर्याप्त सबूतों के अभाव में कड़ी कार्रवाई से बच जाते थे।




**सी विजिल एप शिकायतों के समाधान का बना बेहतरीन जरिया**

आयोजन

*लद्दाख की समृद्ध विरासत को उजागर करने को तैयार खुबानी खिलना महोत्सव*

# विश्व में लद्दाख को पर्यटन स्थल के तौर पर पहचान दिलाना मकसद

**जम्मू, 5 अप्रैल (देशबन्धु)। क्या आप ऐसे व्यक्ति हैं जो लगातार त्योहारों और समसामयिक घटनाओं की तलाश में रहते हैं जो आपके समय बिताने का एक उत्कृष्ट तरीका बनेंगे ठीक है, तो आप भाग्यशाली हैं, क्योंकि हम यहां आपको चल रहे खुबानी खिलना महोत्सव के बारे में बताने के लिए आए हैं जो जल्द ही लद्दाख में आने वाला है।**

जीवंत उत्सव का आयोजन लद्दाख पर्यटन विभाग द्वारा किया जाता है और यह देश भर के लोगों को इसके उत्सव का आनंद लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है। खुबानी के फूल की स्थानीय परंपराओं को साझा करने के उद्देश्य से, यह उत्सव करगिल और लेह के सभी स्थानों पर होने जा रहा है। हां, उत्सव 6 अप्रैल से शुरू होगा और 18 अप्रैल तक चलेगा और लेह और लद्दाख में होगा। घाटी में दिन भर चलने वाले समारोहों के साथ, लोग इकट्ठा हो सकेंगे, उत्पादों का व्यापार कर सकेंगे और यहां तक कि लद्दाख की समृद्ध विरासत को उजागर करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी ले सकेंगे। लद्दाख की अद्भुत सुन्दरता हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करती है। लेकिन अप्रैल के महीने में मानों लद्दाख की खुबसूरती में चार चांद लगाने के लिए खुश स्वर्ग ही धरती पर उतर आता है। इतिहास प्रेमी से लेकर एडवेंचर लवर्स, पूरे साल भर लद्दाख इन पर्यटकों को आकर्षित करता है लेकिन अप्रैल में लद्दाख आने वाले पर्यटक प्रकृति प्रेमी होते हैं। क्योंकि इस समय लद्दाख में शुरू होता है एप्रीकाट फेस्टिवल। इस साल भी अप्रैल माह में लद्दाख में एप्रीकोट ब्लासम फेस्टिवल शुरू होने वाला है। इस फेस्टिवल का आयोजन लद्दाख के पर्यटन विभाग की तरफ से किया जाता है।



**■ लेह और लद्दाख में 18 अप्रैल तक होगा आयोजन**

अप्रैल के महीने में एप्रीकोट के पेड़ों पर गुलाबी रंग के छोटे-छोटे फूल खिलते हैं, जो अपनी खुबसूरती से लद्दाख घाटी को गुलाबी बना देते हैं। इन फूलों के प्रति आकर्षित होकर ही पर्यटक अप्रैल के महीने में लद्दाख का रुख करते हैं। यह फेस्टिवल, मिली जानकारी के अनुसार इस साल 6 से 18 अप्रैल तक लेह और लद्दाख में आयोजित होगा। इस समय लद्दाख घाटी में एप्रीकोट का हर पेड़ सफेद और गुलाबी रंग की इन छोटी-छोटी फूलों से लद जाता है जो एक मनमोहक नजारा प्रस्तुत करती है। एप्रीकोट ब्लासम फेस्टिवल लेह और करगिल में आयोजित होता है। इसे लेह में डोमखर ढो और कारगिल में गरखोन व संजाक में देख सकते हैं। खुबानी, जिसे चूली के नाम से भी जाना जाता है, त्योहार के दौरान केंद्र बिंदु है, क्योंकि लद्दाखी प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेते हैं।

दरअसल, इस दौरान लद्दाख जाने वाले पर्यटक विसर्जन भी कर सकते हैं। हां, वे ऐसा स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और पूरी तरह से खिले खूबसूरत खुबानी के पेड़ों के मनमोहक अनुभवों में कर सकते हैं।

# सभी के जीवन में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करेगा न्याय पत्र : लवली

■ भाजपा से त्रस्त जनता को राहत पहुंचाने के लिए दी गईं गारंटियां



इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के पश्चात घोषणा पत्र में किए गए सभी वायदे पूरे देश में लागू किए जाएंगे : अरविंदर सिंह लवली

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र 'न्याय पत्र' पांच न्याय और 25 गारंटियों का एक व्यापक दस्तावेज है। यह न्याय पत्र भाजपा की तानाशाह सरकार से त्रस्त देश की जनता को राहत पहुंचाने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। यह कहना है कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि देश की लगभग 95 प्रतिशत जनसंख्या के अधिकारों, हितों और जीविका को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकसभा चुनाव में जीत के बाद केंद्र में सरकार बनाने पर हम 5 न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय में निहित देशवासियों के लिए 25 गारंटी तुरंत लागू करेंगे। लवली ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मेनिफेस्टो कमेटी चेयरमैन पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल द्वारा संयुक्त रूप से जारी कांग्रेस घोषणा पत्र में रोजगार, महंगाई और सामाजिक न्याय पर विशेष ध्यान दिया है क्योंकि यह विषय युवाओं, महिलाओं सहित समाज के निचले स्तर तक से संबंधित है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हाथ बदलेगा हालात के उद्देश्य के साथ देश में कांग्रेस समर्थित इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के पश्चात घोषणा पत्र में किए गए सभी वायदे क्रमवार पूरे देश में लागू किए जाऐंगे। इन सभी योजनाओं को राजधानी दिल्ली में लागू करा जनता को लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी विशेष तौर पर प्रयास किया जाएगा, जैसा पूर्व में कांग्रेस ने अपने 15 वर्षों के शासन में कर के दिखाया था। लवली ने कहा कि केंद्र सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी सरकार में 30 लाख खाली पड़ी सरकारी नौकरियों को घर जाना, अग्निपथ योजना खत्म करना, किसानों को एमएसपी को कानूनी रूप से लागू करना, खेती उत्पादन को जीएसटी मुक्त करना, किसानों के कर्ज माफी के लिए आयोग तथा युवाओं को 1 साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने की योजना तुरंत लागू, पेपर लीक के लिए कठोर कानून और स्नातक व डिप्लोमा धारी युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए भत्ता देने का प्रावधान किया जाने से गरीब वर्ग लाभान्वित होगा।

## मनोज तिवारी के खिलाफ कन्हैया कुमार होंगे कांग्रेस प्रत्याशी!

**नई दिल्ली**। देश में लोकसभा चुनाव 2024 की सियासी सरगर्मी अपने पूरे शबाब पर है। राजनीतिक पार्टियां शह और मात की गोट अपने-अपने तरीके से बिछाने में लग गई हैं। इस बीच खबर है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी अपने युवा तुरुप कन्हैया कुमार को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है।



बताया जा रहा है कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने कन्हैया के नाम पर अपनी मुहर लगा दी है। किसी भी समय उनकी उम्मीदवारी का ऐलान हो सकता है। अंतिम समय में अगर इस फैसले को लेकर कोई रद्दोबदल नहीं हुआ तो इस बार उत्तर पूर्वी दिल्ली का चुनाव बेहद रोमांचक हो जाएगा। बतादें कि मनोज तिवारी 2014 से लगातार उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भाजपा ने पिछी बार 2019 में दिल्ली की सभी 7 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार पार्टी ने अपने 6 मौजूदा सांसदो का टिकट काट दिया है। अकेले मनोज तिवारी ही हैं,जिन पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। पूर्वांचल बहुल मतदाता वाले इस क्षेत्र में अब तक वे पूर्वांचली मतों को आसानी से अपने पक्ष मे मोड लेते रहे हैं,लेकिन कन्हैया कुमार के आने से इस बार पूर्वांचल का मतदाता बंट संकता हैं और आम आदमी के समर्थन के चलते कन्हैया की लडाई कांटे की जाएगी। मालूम हो कि मनोज तिवारी और कन्हैया कुमार दोनों ही बिहार से आते हैं।

## सरकारी अस्पतालों की बदहाली को लेकर उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र



यह गलत परंपरा विकसित हो रही है कि सभी नाकामी का आरोप सीनियर अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा दिया जाए : वीके सक्सेना

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की खस्ता हालत और वहां मरीजों को हो रही परेशानियों पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज से श्वेत पत्र लाने का सुझाव दिया है। उपराज्यपाल ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को इस संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने पहले तो जिक्र किया कि दिल्ली सरकार के हेडगेवार आरोग्य संस्थान तथा चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते मरीज परेशान हैं। मरीज अस्पताल आकर लौट रहे हैं, इस संबंध में वह चाहते थे कि मुख्यमंत्री से सीधे संवाद करें। लेकिन मौजूदा स्थिति में ऐसा हो नहीं सकता, इसलिए वह सीधे पत्र लिख रहे हैं।

एलजी ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को लिखा है कि बीते एक सप्ताह के दौरान इस संबंध में वह बात करना चाहते थे। मीटिंग के लिए सूचित भी किया गया था लेकिन वह बातचीत के लिए नहीं पहुंचे। उपराज्यपाल ने कहा है कि यह गलत परंपरा विकसित हो रही है कि सभी नाकामी का आरोप सीनियर अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा दिया जाए। अगर सही में कोई अधिकारी अनुशासन का पालन नहीं कर रहा है और उसके खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है। वह कार्रवाई तभी हो सकती है जब नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी की मीटिंग बुलाई जाए।

इस अथॉरिटी के अधीन ही अधिकारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग और कार्रवाई करने का अधिकार है। इस ऑथोरिटी के मुखिया मुख्यमंत्री हैं लेकिन नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी की मीटिंग मुख्यमंत्री ने बीते 6 महीना में नहीं बुलाई है। अगर यह मीटिंग नियमित होती तो अधिकारियों के तबादले और कार्रवाई से संबंधित कई फैसले ले लिए गए होते।

पत्र में उपराज्यपाल ने कहा है कि प्रशासनिक कार्यों की कमी और गलत फैसला आदि लेने का आरोप अधिकारियों पर लगाना सही नहीं है। उपराज्यपाल ने यह भी कहा है कि सार्वजनिक मंचों पर दिल्ली मॉडल के स्वास्थ्य सेवाओं की तारीफें करना और अस्पतालों में लाइफ सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध नहीं होना, मरीज को एक बेड तक नहीं मिलना ये दोनों विरोधाभासी हैं। ऐसे दावे करने के लिए शर्म आनी चाहिए। उन्होंने इस पर भी आश्चर्य जताया कि राष्ट्रीय राजधानी में स्थित दिल्ली सरकार के अस्पताल में मरीजों के लिए कॉटन तक उपलब्ध नहीं है।

उपराज्यपाल ने अपने पत्र के अंत में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को कहा है कि अगर दिल्ली की जनता को वाकई बेहतर सुविधा देना चाहते हैं तो जिम्मेदारी के साथ बेहतर प्रदर्शन करें। उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर उपलब्ध कराने के लिए रोड मैप तैयार करें। सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को संबंधित एक श्वेत पत्र भी लाना चाहिए।

बता दें कि गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सचिव पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं और सामग्रियों की उपलब्धता के बारे में गलत जानकारी देने व गुमराह करने का आरोप लगाया था। स्वास्थ्य मंत्री ने एलजी को लिखे पत्र में दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं में दवाओं और उपयोग होने वाली सामग्रियों की अनुपलब्धता की समयबद्ध जांच कराने का भी अनुरोध किया था। स्वास्थ्य मंत्री ने एलजी को लिखे पत्र में अस्पतालों में दवाओं की अनुपलब्धता की गलत जानकारी देने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की भी मांग की थी।

## सार संक्षेप

### मीवी ने 'मेक इन इंडिया' ऑडियो को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया 200 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली**। ऑडियो इलेक्ट्रोनिक्स के प्रमुख स्वदेशी निर्माता मीवी अविशकरन इंडस्ट्रीज़ हैदराबाद ने तेलंगाना में नई आधुनिक फैक्टरी का शिलान्यास किया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर राज्य के प्रधान-सचिव जयेश रंजन और राज्य टीएसआईआईसी के वाईस चेयरमैन विष्णु वर्धन भी मौजूद रहे। देश में अपनी तरह की पहली इस फैक्टरी में एक ही छत के नीचे आरएण्डडी एवं मैनुफैक्चरिंग युनिट होंगी। तेलंगाना में मीवी द्वारा इस नई युनिट में रु 200 करोड़ का निवेश किया जाएगा और इससे नौकरियों के 2000 नए अवसर उत्पन्न होंगे। मिधुला देवाभक्तुनी सह-संस्थापक एवं सीएमओ ने कहा कि यह नई फैक्टरी सिर्फ एक इमारत नहीं है बल्कि इनोवेशन एवं प्रगति का पर्याय है। उत्कृष्ट उत्पादों के निर्माण के साथ-साथ यह नौकरियों के अवसर उत्पन्न करने और देश पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सक्रिय शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। वह दुबई में बैठे गिरोह के लीडर्स के आदेशों पर हत्या समेत अपराधों को अंजाम देता था। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी शार्पशूटर पूर्व राष्ट्रीय मुक्केबाज (बॉक्सर) है। गैंगस्टर की पहचान विकासपुरी निवासी अभिनव वर्मा उर्फ बॉक्सर के रूप में हुई है। अभिनव पैसे की उगाही के लिए दिल्ली में व्यापारियों पर फायरिंग के दो मामलों में वांछित था। स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने कहा कि 27 मार्च को विशेष सूचना मिली थी कि रोहित गोदारा, हासिम बाबा और काला जठेड़ी (लॉरेंस बिश्नोई गिरोह) का एक सदस्य अगली कार्रवाई के लिए अपने सहयोगियों से मिलने रोहिणी के सेक्टर 3 में डीडीए स्पोर्ट्स पार्क के पास आएगा।पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और अभिनव वर्मा को पकड़ लिया। डीसीपी ने कहा कि तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल और दो गोलियां बरामद की गई। इसके अलावा उसकी निशानदेही पर दो और अत्याधुनिक पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अभिनव वर्मा को 2012 में पश्चिम विहार में अपने स्कूलमेट की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी ने कहा कि वह 6 साल तक जेल में रहा।

### नकली नोटों की आपूर्ति करने के आरोपी को नहीं दी जमानत

**नई दिल्ली**। फेक करेंसी मामले में फंसे शख्स को दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत देने से साफ इनकार कर दिया। आरोपी की पहचान इरशाद उर्फ भूरू के रूप में हुई है। दरअसल, उस पर 2 हजार रुपए के नकली नोटों की आपूर्ति और वितरित करने का आरोप है। आरोपी के परिसर से 3 लाख रुपए के नकली नोट भी बरामद किए गए थे। स्वर्ण कांता शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जाली मुद्रा की आपूर्ति से देश की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और लोगों के कल्याण पर गंभीर असर पड़ता है। जस्टिस शर्मा ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए कहा कि न्यायपालिका को इन मामलों में सख्त रुख अख्तियार करने की जरूरत है। कोर्ट ने जाली मुद्रा से होने वाले गंभीर खतरों पर प्रकाश डाला। मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकी वित्तपोषण और अन्य संगठित अपराधों को अंजाम देने के मामलों में जाली मुद्रा का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है।

## बीजेपी का मुखपत्र बन गया है चुनाव आयोग : आतिशी

■ आतिशी ने चुनाव आयोग से मिले नोटिस की टाइमिंग को लेकर उठाए सवाल



**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी का मुखपत्र बन गया है। इससे पहले भी आम आदमी पार्टी चुनाव प्रक्रिया और ईवीएम आदि को लेकर दोषारोपण करती रही है। इस बार आतिशी ने चुनाव आयोग से मिले नोटिस की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए हैं।

आतिशी ने कहा कि शुक्रवार सुबह 11:45 पर चुनाव आयोग द्वारा भेजा गया नोटिस ईमेल से प्राप्त हुआ। जबकि आधे घंटे पहले सुबह 11:15 बजे तमाम टीवी चैनलों पर इस नोटिस के बारे में खबरें चलनी शुरू हो गई थी। इससे उन्हें भी जानकारी मिली थी। बीजेपी के खिलाफ शिकायत करने के लिए चुनाव आयोग समय नहीं देता है, लेकिन बीजेपी की शिकायत पर 12 घंटे में कार्रवाई हो जाती है।

आयोग हमें मिलने का भी समय भी नहीं देता है। चुनाव आयोग का काम लोकतंत्र की रक्षा करना है। बीजेपी की शिकायत पर जिस तरह तुरंत उन्हें नोटिस भेजा गया, इसका मतलब है कि पहले बीजेपी नोटिस की खबर मीडिया से प्लांट करती है, फिर चुनाव आयोग उन्हें नोटिस भेजता है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि ईडी मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लगने के बाद एक सीटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करती है। क्या चुनाव आयोग इस पर ईडी को नोटिस भेजती है? जब इनकम टैक्स विभाग देश के एक बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक अकाउंट को सीज करती है तो क्या चुनाव आयोग इनकम टैक्स विभाग को नोटिस भेजती है? चुनाव आयोग देश में विपक्षी राज्यों सरकारों के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी का तबादला कर देती है।

## तेजिंदर पाल सिंह की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली जल बोर्ड में ठेकों के आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले के एक प्रमुख आरोपी सीए तेजिंदर पाल सिंह की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश भूपिंदर सिंह ने एजेंसी को जमानत याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को तय की।

अदालत ने गुरुवार को जांच एजेंसी को मामले के संबंध में आरोपियों को आरोप पत्र की एक प्रति देने का निर्देश दिया था। ईडी ने यहां एक अदालत में दायर अपने आरोपपत्र में दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) की चुनावी फंडिंग के लिए दो करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए गए थे। आरोपपत्र में जिन लोगों के नाम हैं उनमें दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी.के. मित्तल, तेजिंदर पाल सिंह, और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का नाम है।

## पत्नी व बेटी की हत्या के बाद खुद लगाया मौत को गले

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के निहाल विहार इलाके से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां 42 वर्षीय एक शख्स ने पहले अपनी पत्नी और इसके बाद अपनी बेटी को मौत के घाट उतार दिया। फिर उस शख्स ने पंखे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। इन सभी के शव के बारे में इनके बेटे के जरिए पता चला, जो काम के बाद अपने घर लौटा था।

मृतक की पहचान अजय, टीना (38) और वर्षा केरूप में हुई। यह सभी निहाल विहार के गली नंबर 5 में रहते थे। इस जानकारी को साझा करते हुए पुलिस ने कहा कि शुक्रवार सुबह 9: 30 बजे पीसीआर को कॉल के जरिए इस घटना के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस को अजय पंखे से लटकता हुआ मिला। उसका शव लहूलुहान अवस्था में दिखा। टीना और वर्षा का शव बेड पर पड़ा हुआ था। दोनों का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था कि हमलावर ने उन्हें किसी धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा है। वहीं, उनका रूम भी अंदर से बंद पड़ा हुआ था।

## मस्जिदों में अदा की गई अलविदा की नमाज, अमन-चैन की मांगी दुआ

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (देशबन्धु)। इस्लाम में जुमे का खास महत्व है। रमजान के पाक महीने में इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। 5 अप्रैल को दुनियाभर में आखिरी जुमे जुमातुल विदा की नमाज पढ़ी गई। राजधानी में स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद में हजारों की संख्या में लोगों ने अलविदा नमाज अदा की। अलविदा की नमाज के पांचवें दिन ईद की नमाज पड़ सकती है। इसके चलते रोजेदार और मुस्लिम समाज के लोग ईद की तैयारियों में भी जुटे हैं। इस्लाम में जुमे जुमातुल अलविदा को छोटी ईद भी कहा जाता है। ईद की सही तारीख अरब में चांद निकलने पर निर्भर करती है। रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज पढ़ी गई। इसको लेकर शहर के कई इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन चैन और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। इस मौके पर एक दूसरे की अलविदा जुमा की बधाई दी गई।



जामा मस्जिद के सामने मटिया महल बाजार के दुनकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों के सामने अलविदा की नमाज़ अदा की। मटिया महल मार्केट एसोसिएशन के प्रधान हाजी सलीमुद्दीन ने बताया कि इस दिन जामा मस्जिद में काफी भीड़ होती है। इसे देखते हुए कई दुकानदार बाजार की सड़कों पर ही अलविदा की नमाज़ अदा करते हैं।

अलविदा जुमे की नमाज को लेकर जामा मस्जिद में एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है। मस्जिद में खास इंतजाम किए जाते हैं। सभी लोग नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने के लिए जाते हैं। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोग इस दिन मस्जिदों में इबादत करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि अलविदा जुमे में नमाज अदा कर लोग जो दुआ मांगते हैं, वह पूरी होती है।

### क्या होती है अलविदा की नमाज

ऐसी मान्यता है कि जो लोग हज की यात्रा पर नहीं जा पाते हैं, वह इस जुमे के दिन पूरी शिद्दत और एहतराम के साथ नमाज अदा कर सकते हैं। ऐसा करने से उन्हें हज यात्रा करने के बराबर सवाब मिलता है।

## निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




■ शेयर बाजारों से धन कमाने के बारे में दी जानकारी

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (देशबन्धु)। नागरिक जागरूकता समूह (सीएजी) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और बीएसई के सहयोग से दिल्ली में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में नागरिक जागरूकता समूह के अध्यक्ष सुरिंदर वर्मा, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड मुख्यालय, मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार डांगेटी, उत्तरी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, दिल्ली के क्षेत्रीय प्रमुख वरुण गुप्ता मौजूद थे।

सुरिंदर वर्मा ने नवीनतम तकनीकी प्रगति के माध्यम से शेयर बाजारों से धन कमाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे मोबाइल ऐप ट्रेडिंग में लोकप्रिय हो गए हैं और प्रौद्योगिकी अपनाने की चुनौतियों और उन्हें दूर करने के तरीकों पर जोर दिया। उन्होंने प्रौद्योगिकी से उत्पन्न जोखिमों जैसे डेटा चोरी, अनियमितता आदि को भी सामने रखा, जो नुकसान का कारण बनते हैं, लेकिन प्रौद्योगिकी का सही उपयोग लंबे समय में लाभ ला सकता है। उन्होंने कहा कि निवेशकों में शेयर बाजार से संबंधित जागरूकता की कमी है।

बहुत अधिक हिचकिचाहट होती है, जो अंततः जानकारी के अभाव में गलत निर्णय का कारण बनती है। इसलिए, ऐसे प्लेटफॉर्म की भूमिका निवेशकों को ऐसी परिस्थितियों से निपटने में मदद करना है। वहीं, राजेश कुमार डांगेटी ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही सेबी ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि इस महान देश के निवेशक के पास एक सूचित निवेशक, एक सशक्त निवेशक बनने के लिए हर जानकारी और संसाधन उपलब्ध हो।

## युवक ने स्कॉर्पियो पर किया स्टंट, पुलिस ने काटा चालान

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में व्यस्त सड़कों पर स्कॉर्पियो से युवक को खतरनाक स्टंट करना भारी पड़ गया। पुलिस ने वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया और एसयूवी चालक को कई चालान जारी कर दिए। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के डीसीपी जॉय टिर्की ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल स्टंट ड्राइविंग के वीडियो पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शास्त्री पार्क थाने की पुलिस ने गाजियाबाद के कौशांबी निवासी अंशुल चौधरी को पकड़ लिया।

डीसीपी ने कहा कि आरोपी पर एमवी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा चलाया गया और करीब 12 हजार रुपए का चालान किया गया। आरोपी ने फेमस होने के लिए रील बनाकर, उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करने का अपराध किया। व्यस्त सड़क पर खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो ट्विटर पर वायरल हो गए।


**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश रायपुर ( छ.ग. )**

एमजेसी क्रमांक 568/2023 प्रोसेस क्रमांक 28/24
पेशी दिनांक 23.04.2024
श्रीमती स्वाती जैन ........... वादी
विरूद्ध
चेतन जैन व 05 अन्य ......... प्रतिवादी
बनाम,

प्रिती जैन, पति श्री विशाल जैन, उम्र करीब 44 वर्ष, निवासी-हाउस नं.-सी 234, ब्लॉक सी, प्रशांत विहार, पितमपुर, नई दिल्ली, पिन कोड-110085, मो.नं.-9711077797

आवेदिका ने अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-23 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम वास्ते अंतरिम भरण-पोषण प्राप्त किये जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 23.04.2024 नियत है।

अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 23.04.2024 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट**-यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 02 माह 04 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

न्यायाधीश
मीनू नंद
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो के
प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश रायपुर ( छ.ग. )

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-661, पॉकेट-के, सैक्टर-20, क्षेत्रफल 300 वर्गमीटर, आवंटन सख्या-YEA010078, के आवंटी Late Indra Malhotra, की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र Mr. Amit Malhotra द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Late Indra Malhotra की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र Mr. Amit Malhotra का नाम दर्ज कर दिया जायेंगा।

विशेष कार्याधिकारी

### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम** : सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली के अनुभाग में जल आपूर्ति परिसर रैपिड रेत फिल्टर का वार्षिक रखरखाव, आगे की यू/जी टैंक की सफाई और क्लोरीन की आपूर्ति। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 92,63,940.36/- (मात्र बानवे लाख तिरसठ हजार नौ सौ चालीस छत्तीस पैसे) |
| 3 | **बयाना राशि** : रु. 1,85,300/- (एक लाख पचासी हजार तीन सौ रुपये) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** : 30.04.2024 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** : निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** : 04-400-32 |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/04/2024-25/W-3 दिनांक: 05.04.2024 1012/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"कियोस्क के अलावा सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन पर आफिस, फिटनेस सेंटर व अन्य एक्टिविटी के लिए स्पेस को चिन्हित किया जाएगा। वहीं आउटडोर विज्ञापन के जरिए भी संसाधन जुटाए जाएंगे।"

निशा वधावन, एनएमआरसी पीआरओ

## एनएमआरसी के स्टेशन पर बनेंगे कियोस्क

### मिलेगा राजस्व, एमडी ने सेक्टर-51 से एनएसईजेड तक मेट्रो में किया निरीक्षण



**नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) अलग-अलग कामशिर्यल योजनाओं के जरिए राजस्व जुटाने की कवायद करने जा रहा है। इसके लिए स्टेशन परिसर में क्योसक बनाए जाएंगे। एक प्रेजेंटेशन एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम के सामने दिया गया। साथ ही एमडी ने एनएमआरसी के स्टेशनों पर जाकर निरीक्षण भी किया। इस मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एनएमआरसी की पीआरओ निशा वधावन ने बताया कि कियोस्क के अलावा सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन पर आफिस, फिटनेस सेंटर व अन्य एक्टिविटी के लिए स्पेस को चिन्हित किया जाएगा। वहीं आउटडोर विज्ञापन के जरिए भी संसाधन जुटाए जाएंगे। सेक्टर-94 और 71 के लैंड पार्सल को विकसित कर किराए पर दिया जाएगा। इसके अलावा बेचने का निर्णय भी लिया जा सकता है। मेट्रो परिसर के अंदर भी विज्ञापन देने का मौका देकर राजस्व को जुटाया जाएगा। इससे पहले एनएमआरसी ने एक मॉक कोच को रेस्टोरेंट के लिए कंपनी को दिया। इसके अलावा एमडी ने सेक्टर-51 से लेकर एनएसईजेड स्टेशन तक मेट्रो से निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि कई स्टेशनों के प्लेटफार्म पर स्क्रीन डोर काम नहीं कर रहे है। इसे सही करने और इनको एक्वा कलर में रंगने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्टेशन पर वेंडरों को नियम के मुताबिक काम करने के निर्देश दिए साथ ही साफ-सफाई कराने के लिए भी कहा गया।

## किसानों की समस्या को लेकर राजस्व परिषद की अध्यक्षता में आज होगी बैठक

- बैठक में हाई पावर कमेटी के सदस्य के साथ प्राधिकरण सीईओ होंगे शामिल

**नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के आंदोलनरत किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर उत्तर प्रदेश के राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे की अध्यक्षता में एक बैठक आज नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में होगी। इस कमेटी में मेरठ मंडल के मंडलायुक्त और गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी भी सदस्य है। बैठक में प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग को लेकर 11 बजे बैठक की जाएगी। यह कमेटी तीन महीने में अपनी रिपोर्ट शासन को देगी। जनपद गौतमबुद्ध नगर में नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में किसान अपनी समस्याओं को लेकर लगातार तीन महीनों तक प्रदर्शन किया था। इसके बाद किसानों दिल्ली कूच का ऐलान किया था। शासन की तरफ से मांगों पर चर्चा करने के लिए एक हाइ पावर कमेटी बनाई गई। इसकी एक बैठक पहले हो चुकी है। हालांकि उस बैठक में राजस्व परिषद के अध्यक्ष नहीं थे। वो बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई थी। जिसमें एनटीपीसी से प्रभावित किसानों पर चर्चा की गई थी। आज होने वाली बैठक में नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से प्रभावित किसानों के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

**इन मांगों पर होगी बैठक**

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कई किसान संगठन की कई मांगें शासन से हैं। इनमें किसानों की अधिग्रहित भूमि के सापेक्ष 10 फीसदी विकसित भूमि का अधिकार देने, किसानों की आबादी का पूर्ण निस्तारण कर रेवेन्यू रिकॉर्ड से प्राधिकरण का नाम निरस्त कर काश्तकार के नाम अंकित किए जाने, आबादी विनियमावली 2011 की अंतर्गत 450 वर्ग मीटर की सीमा को एक हजार प्रति वर्ग मीटर की मांगें प्रमुख हैं। साथ ही गांव में निर्माणाधीन किसानों के घरों पर भवन नियमावली न लागू करने, पांच फीसदी की विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति देने की भी मांग शामिल है।

**बैठक में किसान नहीं होंगे शामिल**

भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि आज होने वाली बैठक में किसानों को नहीं बुलाया गया है। बैठक की जानकारी है। अगली बैठक में बुलाया जा सकता है। हालांकि बैठक के मिनट्स साझा किए जा सकते है। ये बैठक हमारी मांगों को लेकर ही की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी के इंतजार में पलक पावड़े बिछाए बैठी गाजियाबाद की जनता



- मोदी का रोड शो शनिवार को सभी तैयारियां हुई पूरी

**गाजियाबाद,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो शनिवार को होगा। पार्टी व प्रशासनिक की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। वहीं गाजियाबाद के लोग मोदी के आगमन को लेकर खासे उत्साहित है। एक तरह से पलक पावडे बिछाकर तैयार बैठे हैं। पूर्व महापौर आशु वर्मा कहते हैं कि प्रधानमंत्री का रोड शो एक मेगा रोड शो के रूप में होगा। इसलिए प्रधानमंत्री का गाजियाबाद में आना बड़े ही सौभाग्य की बात है। हर कोई उनकी एक झलक देखने के लिए लालायित है। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग कहते हैं कि गाजियाबाद के लोग अपने प्रिय नेता से मिलने के लिए खास उत्साह है। संगठन ने जिम्मेदारी सौंपी है, वह बखूबी ढंग से निभा रहा है। उनका कहना है कि यह गाजियाबाद के लोगों का सौभाग्य है कि युग पुरुष व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद में रोड शो कर रहे हैं। योगाचार्य देवेंद्र हितकारी कहते हैं कि प्रधानमंत्री न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के नेता हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे महान नेता का गाजियाबाद में आगमन लोगो के लिये सो भाग्य की बात है। तमाम लोग मोदी के इंतज़ार में हैं। उनका स्वागत गाजियाबाद में ऐतिहासिक होगा। समाज सेवी यामीन कहते हैं कि मोदी जी पूरे देश के नेता हैं। उनके नेतृत्व देश लगातार आगे बढ़ रहा है। गाजियाबाद में उनका रोड शो होना कोई छोटा काम नहीं है। सभी वर्गो के लोग उनके गाजियाबाद आगमन पर स्वागत के लिए तैयार हैं।

## सार संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-126 स्थित होम केयर लिविंग पीजी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक एमिटी यूनिवर्सिटी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एमएससी फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि दो दिन पहले युवक की तबीयत खराब हुई थी। युवक की पहचान आदर्श कुमार निवासी आरके पुरम दिल्ली हुई है। वह यहां अपने दोस्त के रूम पर आराम करने आया था। एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि सेक्टर-126 में होम केयर लिविंग पीजी है। यहां आदर्श कुमार का साथी श्याम प्रसाद ने टू सिटर रूम लिया है। अक्सर आदर्श श्याम के कमरे पर पढ़ाई करने आता था। कई बार वो यही रुका और शाम को वापस घर चला जाता था। बुधवार को आदर्श ने एमिटी में क्लास अटेंड की और शाम को श्याम के रूम पर आ गया। दोनों के बातचीत हुई इसके बाद आदर्श सो गया।

### कूरियर कंपनी के ऑफिस से पैसों से भरा लॉकर चोरी

**नोएडा।** सलारपुर कॉलोनी स्थित एक कूरियर कंपनी के ऑफिस का ताला तोड़कर चोरों ने लॉकर चोरी कर लिया। लॉकर में एक लाख 66 हजार रुपए होने की बात कही जा रही है। चोरी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-49 पुलिस से की है। शिकायत में बुलंदशहर निवासी वसीम खान ने बताया कि वर्तमान में वह देलहीवेरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बतौर सहायक मैनेजर के पद पर कार्यरत है। कंपनी का एक सेंटर सलारपुर नाले के पास स्थित है। चार अप्रैल को सुबह छह बजे के करीब कंपनी का कर्मचारी तेज सिंह जब ऑफिस खोलने के लिए गया तो देखा की शटर के ताले गायब हैं। सेंटर के भीतर जाने पर इस बात की जानकारी हुई कि आलमारी से नकदी भी गायब है। तेज सिंह ने इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को दी। वसीम ने ऑफिस के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो पता चला कि सुबह चार बजे के करीब दो चोर आए और अंदर पैसे से भरा लॉकर चोरी कर ले गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### फैक्ट्री के अंदर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** फैक्ट्री के अंदर से एल्युमिनियम के दरवाजे और खिड़कियां चोरी करने वाले वांछित सफाई कर्मचारी समेत तीन आरोपियों को शुक्रवार को सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चार एल्युमिनियम की पट्टी और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और ठेला भी बरामद हुआ है। बीते दिनों गौर सिटी निवासी स्वप्न राय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पर्थला खंजरपुर गांव में एल्युमिनियम के दरवाजे और फैक्ट्री बनाने वाली फैक्टरी का संचालन कर रहा है। एक अप्रैल को रात 11 बजकर 18 मिनट पर फैक्टरी में काम करने वाले सफाई कर्मचारी विजयकांत चौधरी उर्फ कालू ने एल्युमिनियम का सामान अपने सहयोगियों के साथ चोरी कर लिया। फैक्ट्री के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात को अंजाम देते हुए आरोपी कैद हुए थे। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को दबोचने के लिए एक टीम गठित की थी। टीम ने एफएनजी रोड कट के पास से वारदात में शामिल सफाईकर्मी बुलंदशहर निवासी विजयकांत उर्फ कालू और उसके साथी बिजनौर निवासी सद्दाम व अमरोहा निवासी शकील को दबोच लिया।

## यूएसए के नागरिकों से ठगी करने वाला कॉल सेंटर पकड़ा

- मैकफी और नार्टन नामक एंटी वायरस सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर करते थे ठगी



**नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। हैलो हमारी कंपनी के पास मैकफी /नार्टन नामक एंटी वायरस है। ये आपके कंप्यूटर और लैपटॉप में आने वाली समस्या का समाधान करेगा। इससे आपके सिस्टम का आईपी एड्रेस कंप्रोमाइज नहीं होगा। इसके लिए आपको 500 डॉलर सालाना देना होगा। पैसे ट्रांसफर होते ही कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया जाता है। इसकी शिकायत काफी दिनों से पुलिस को मिल रही थी। पुलिस ने आईपी एड्रेस ट्रेस किया और कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया। कॉल सेंटर से 12 लोगों को कालिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा। ये लोग काफी दिनों से सक्रिय थे। एक बार कस्टमर फंसने पर 100 से 500 डॉलर उनसे मंगवाते थे। ये पैसा गिफ्ट कार्ड या बिट क्वाइन के जरिए लिया जाता था। यूनिक कोड के जरिए एक बार पैसा रीडिम होने पर ये कॉल को डिस्कनेक्ट कर देते थे। इनके पास यूएसए नागरिकों का डाटा था। जिनको सर्वर के जरिए ये कॉल करते थे। इसके बाद उन्ही की ई मेल पर एक लिंक भेजा जाता था। इस लिंक के क्लिक करते ही प्रोसेसिंग फीस के रूप में पैसा जमा करते। जब वो सॉफ्टवेयर डाउनलोड करते तो वो फेक होता था। ये कॉल सेंटर बिना किसी लाइसेंस के चलाया जा रहा था। इनके कब्जे से 14 डेस्कटॉप, 14 कीबोर्ड, 14 माउस, 14 सीपीयू, 14 हेडफोन, एक वाई-फाई, एक राउटर व 02 सर्वर बरामद किया गया है।

## एल्विश मामले में 1200 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

- मामले में नोएडा पुलिस ने लिए 24 लोगों के बयान
- चार्जशीट में एल्विश का सपेरों से संबंध होना बताया गया

**नोएडा।** रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में फंसे यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा पुलिस ने संबंधित न्यायालय में 1200 पन्नों की चार्जशीट शुक्रवार दाखिल कर दी है। इसमें 24 गवाहों के बयान नत्थी किए गए हैं। चार्जशीट में नोएडा पुलिस की ओर से बताया गया है कि एल्विश का जहरीले खेल में जेल भेजे गए सपेरों से संपर्क था। एल्विश के खिलाफ लगी एनडीपीएस की धाराओं का आधार भी पुलिस ने इसमें बताया है। एल्विश और उसके सहयोगियों पर लगे आरोपों की पुष्टि नोएडा पुलिस द्वारा चार्जशीट में की गई है। इसमें मुंबई स्थित डिपार्टमेंट ऑफ फारेंसिक मेडिसीन टॉक्सिकोलॉजी के विशेषज्ञ की सलाह भी शामिल की गई है। बीते साल पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था के पदाधिकारी ने एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया था। संस्था के सदस्य ने एक स्टिंग किया था। इसमें कोबरा समेत नौ सांप और 20 एमएल सांपों का जहर पांच सपेरों के पास मिला। सभी को जेल भेज दिया गया। संस्था के पदाधिकारी का एक ऑडियो इसके बाद वायरल हुआ जिसमें मुख्य आरोपी राहुल संस्था के पदाधिकारी से बात कर रहा है। इसमें राहुल यह कह रहा है कि वह एल्विश की ओर से आयोजित होने वाली पार्टियों में शामिल हो चुका है। राहुल पार्टियों में अपने अन्य सपेरे दोस्तों के साथ गया था। हालांकि बाद में सभी को जमानत मिल गई। इसके बाद एल्विश को दबोचने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार किया। देश भर में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज केस का नोएडा पुलिस की एक टीम ने अवलोकन किया। एक अन्य टीम ने जयपुर से आई फॉरेंसिक रिपोर्ट का अध्ययन किया। रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई थी सांपों का जो जहर सपेरों के पास से मिला था वह करैत प्रजाति के कोबरा का है। टीम ने एल्विश के कॉल डिटेल और सोशल मीडिया अकाउंट को खंगाला। जब उसके खिलाफ नोएडा पुलिस को पर्याप्त सबूत मिल गए तो पुलिस ने उसे नोटिस देकर पूछताछ के लिए दोबारा बुलाया। पूछताछ के बाद उसे नोएडा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह पांच दिन तक जेल में रहा। होली के पहले हालांकि उसे इस मामले में जमानत मिल गई। पुलिस ने चार्जशीट में एल्विश के ऊपर लगे सभी आरोपों का जिक्र किया है।

## भाजपा के खिलाफ सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार का दिया जाए जवाब : सुधांशू त्रिवेदी

**नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। विपक्षी दलों और असामाजिक तत्वों की ओर से सोशल मीडिया पर सरकार व भाजपा के खिलाफ फैलाए



जाने वाले दुष्प्रचार के जवाब हम सब को मजबूत साक्ष्य के साथ करारा जवाब देना चाहिए। आज सोशल मीडिया के माध्यम से देश के हर युवा को अपनी बात रखने की स्वतंत्रता मिलती है। ये बात भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने नोएडा में आयोजित सोशल मीडिया मीट के दौरान कही।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज भाजपा और डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में इतना काम कर दिया है कि विपक्ष के पास इसका कोई जवाब नहीं। उसके बाद भी यदि विपक्षी विकास के मुद्दे पर भ्रम फैलाएं तो जवाब में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट के वीडियो आप सोशल मीडिया पर डाल सकते हैं। यदि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आरोप लगाएं तो काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की वीडियो चला सकते हैं । पर सोशल मीडिया पर हम सभी को अपने जवाब में मर्यादा का ध्यान भी रखना है।

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार सोशल मीडिया के तौर तरीके बदल रहे है। उसी के अनुरूप अपडेट रहना पड़ेगा। आगामी दिनों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की प्रभावी भूमिका निर्वहन करेगी और हम सबको इसके लिए तैयार रहना है। आज की सोशल मीडिया मीट में क़रीब 500 वॉलंटियर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता महामंत्री उमेश त्यागी, विधानसभा संयोजक गणेश जाटव, हर्ष चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, सोशल मीडिया संयोजक शिवांश श्रीवास्तव, चंद्रमणि शर्मा, मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, उमेश यादव, ओमवीर अवाना, राम निवास यादव, अहसान, ख़ान, रचना जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरबीआई के फैसले से रियल एस्टेट में सराहनीय उछाल की उम्मीद

- डेवलपर्स बोले RBI के फैसले से मिलेगा बूस्ट



**नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने के भारतीय रिजर्व बैंक के फैसले का रियल एस्टेट सेक्टर ने स्वागत किया है। इस फैसले के बाद रियल एस्टेट सेक्टर में पिछले साल से आई तेजी को एक बार फिर पंख मिले हैं। आरबीआई के इस कदम से होम बॉयर्स से लेकर रियल एस्टेट के कारोबारियों के लिए एक बार फिर से राहत भरी खबर है। रियल एस्टेट के दिग्गजों ने आरबीआई के इस फैसले का स्वागत किया है। हालांकि कुछ डेवलपर्स को पिछले एक साल में अधिकांश शहरों में आवास की कीमतें बढ़ने से रेपो रेट में कटौती की उम्मीद थी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार सातवीं बार नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। इसका मतलब है कि रियल एस्टेट या होम लोन ईएमआई पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। चूंकि रेपो दर फिर से अपरिवर्तित रही है, इसलिए बैंकों द्वारा जल्द ही अपनी उधार दरों को समायोजित करने की संभावना नहीं है। इसका मतलब है कि आपकी ईएमआई फिलहाल वही रहेगी। आरबीआई के इस घोषणा के बाद रियल्टी डेवलपर्स ने खुशी जताते हुए कहा कि इस फैसले से प्रॉपर्टी बाजार और होम बायर्स दोनों को फायदा मिलेगा।

**क्या बोले रियल एस्टेट के दिग्गज**

क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष और सीएमडी, गौड़ ग्रुप मनोज गौड़ का कहना है कि यह आरबीआई का बेहद ही सराहनीय कदम है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत प्रदर्शन के साथ रेपो रेट को लगातार सातवीं बार स्थिर रखने का निर्णय रियल एस्टेट सेक्टर के लिए अच्छा संकेत होगा। मुद्रास्फीति के आंकड़े अभी भी थोड़ी चिंता का विषय हैं। यह आरबीआई द्वारा एक अच्छा संतुलन कार्य है। हमें उम्मीद है कि इस कदम से भारत को मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी जिसके बाद हम देश को कम ब्याज दर वाली व्यवस्था में प्रवेश करते देखेंगे।

एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि लगातार सातवीं बार रेपो रेट 6.50 प्रतिशत पर बनाए रखने के आरबीआई के फैसले से रियल एस्टेट सेक्टर में सराहनीय उछाल की उम्मीद है। आवास की कीमतों में वृद्धि के बीच, स्थिर होम लोन दरों से घर खरीदारों को कुछ राहत मिलेगी। इसके अलावा, अपरिवर्तित ब्याज दरों से खरीदारों और डेवलपर्स को लाभ होगा, जिससे क्षेत्र में मजबूत उपभोक्ता विश्वास और निवेश स्थापित होगा। रेपो रेट को स्थिर रखने के आरबीआई के फैसले से नई परियोजनाएं स्थापित होंगी और उभरते क्षेत्रों में विकास का विस्तार होगा।

## जन समस्याओं के समाधान पर त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं निगम अधिकारी

### धरातल पर हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं नगर आयुक्त

- आइजीआरएस, गाजियाबाद 311 ऐप, ईमेल आदि कंट्रोल रूम से प्राप्त समस्याओं का निस्तारण करना प्राथमिकता





**गाजियाबाद,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान पर रफ्तार से कार्य कर रहा है, विभागीय अधिकारी भी जन समस्याओं के समाधान पर प्राथमिकता पर टीम के द्वारा कार्य करा रहे हैं, आइजीआरएस, गाजियाबाद 311, ईमेल, सोशल मीडिया, दूरभाष, कंट्रोल रूम, शिकायती पत्र या अन्य पोर्टल / माध्यम से प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का निस्तारण करना निगम की पहली प्राथमिकता है जिस पर बखूबी कार्य हो रहा है देखने में आया है कि विभागीय अधिकारी भी धरातल पर हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को जन समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ प्रभार सौंपा गया है जिनकी देखरेख में टीम द्वारा किया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद 311 ऐप को लेकर प्रतिदिन समीक्षा की जाती है जिसके क्रम में न केवल गाजियाबाद नगर निगम की टीम को ही मोटिवेट करते हुए प्रशिक्षण का कार्य किया जाता है बल्कि आम जनमानस को भी गाजियाबाद 311 के सही इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी जा रही है इस प्रकार जन समस्याओं के प्राप्त होने पर उनका सही तरीके से समाधान टीम द्वारा किया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग खुद नगर आयुक्त महोदय द्वारा की जा रही है, आईजीआरएस की प्रभारी पल्लवी सिंह द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सेम डे निस्तारण की कार्रवाई कराई जाती है तथा शाम तक होने वाले कार्यों का फीडबैक भी लिया जाता है, इसी प्रकार अन्य शासन के पोर्टल के माध्यमों से प्राप्त होने वाली समस्याओं के समाधान भी गाजियाबाद नगर निगम त्वरित कार्रवाई के अंतर्गत कर रहा है। गाजियाबाद 311 ऐप पर लगभग प्रतिदिन 80 से 100 के बीच में संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं जिसमें कुछ प्रतिक्रियाएं और कुछ समस्याएं प्राप्त हो रही हैं जिन पर अविलंब कार्रवाई निगम द्वारा की जा रही है, आइजीआरएस के माध्यम से लगभग 50 से 60 संदर्भ प्रतिदिन प्राप्त हो रहे हैं जिनकी प्रतिदिन संबंधित अधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए कार्रवाई कराई जाती है, दूरभाष के माध्यम से भी लगातार 15 से 20 समस्याएं प्राप्त होती हैं जिनका तत्काल टीम के द्वारा निस्तारण कराया जाता है, शिकायती पत्रों के माध्यम से लगभग 70 से 80 संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं जिनको प्रतिदिन संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, टीम 100, सामाजिक संस्थाओं का भी गाजियाबाद नगर निगम को सहयोग प्राप्त हो रहा है जो की सराहनीय है।

## गाजियाबाद लोकसभा में 14 नामांकन वैध पाए गए

- आठ अप्रैल को होगी नाम वापसी

**गाजियाबाद,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से शुक्रवार को दाखिल किए गए। नामांकन पत्रों की जांच के बाद कल 14 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं। इनमें तीन राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के हैं बाकी मान्यता प्राप्त अन्य राजनीतिक दलों व निर्दलीय हैं। जिन प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं उनमें भारतीय जनता पार्टी से अतुल गर्ग, कांग्रेस-सपा गठबंधन से डोली शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से नंदकिशोर पुंडीर, राष्ट्र निर्माण पार्टी से आनंद सिंह, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी से अंशुल गुप्ता, सुभाष वादी समाजवादी पार्टी से धीरेंद्र भदोरिया, समाजवादी विकास पार्टी से नमह,राइट टू रिकॉर्ड पार्टी से पूजा तथा अभिषेक पुंडीर अवधेश कुमार औरंगज़ेब कविता नाथू सिंह व रवि कुमार के नामांक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में स्वीकृत पाए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए गाजियाबाद लोकसभा से कुल 35 अभ्यर्थियों ने 42 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जिसमें अतुल गर्ग, डोली शर्मा, नंदकिशोर पुंडीर व मोनिका गौतम द्वारा एक से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जिसमें कुल 42 नामांकनों में 22 नामांकन आवेदनों में कमी के चलते अस्वीकृत कर दिए और 20 को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत हुए 20 आवेदन 14 अभ्यर्थियों द्वारा किए गये थे। अत: 14 अभ्यार्थियों के आवदेन स्वीकृत किए गए है। आवेदनों की जांच के समय माननीय प्रक्षेक (सामान्य) अरूण कुमार सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, एडीएम ई रणविजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अजय अम्बेष्ठ, निर्वाचन टीम सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी व उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

उवाच “

मतदाता जागरूकता रैली में ‘चुनाव का पर्व, देश का गर्व’ स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता सहभागी बन सकें।

अनीता नागर, उपक्रीड़ा अधिकारी



# नोएडा एयरपोर्ट और गाजियाबाद के बीच 2030 तक दौड़ेगी रैपिड रेल व मेट्रो

- एनसीआरटीसी ने यमुना प्राधिकरण में सौंपी डीपीआर
- मंजूरी के लिए शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट
- गाजियाबाद व नोएडा एयरपोर्ट के बीच होंगे 35 स्टेशन
- प्रथम चरण में 22 स्टेशनों का किया जाएगा निर्माण
- 72.29 किमी लंबा रूट होगा एलिवेटेड




हाईस्पीड रैपिड रेल- 114 किमी प्रति घंटा
नॉर्मल रैपिड रेल - 80 किमी प्रति घंटा
मेट्रो - 46 किमी प्रति घंटा

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और गाजियाबाद के बीच वर्ष-2030 तक रैपिड रेल/मेट्रो दौड़ने लगेगी। यात्री सराये काले खां से 56 मिनट, दिल्ली एयरपोर्ट से 66 और मेरठ से 72 मिनट में पहुंच जाएंगे। रैपिड रेल ग्रेटर नोएडा वेस्ट और ग्रेटर नोएडा के लोगों के लिए भी लाइफ लाइन साबित होगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना से संबंधित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) एनसीआरटीसी ने यमुना प्राधिकरण में सौंप दी है। अब रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। शासन से अनुमति मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा। उम्मीद है कि आगामी जून माह तक सभी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। रैपिड रेल के संचालन से गाजियाबद, मेरठ और इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के बीच की दूरी कम हो जाएगी। प्रथम चरण में 22 स्टेशन होंगे, जबकि भविष्य में इनकी संख्या बढ़कर 35 हो जाएगी।

दरअसल नोएडा एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए कई विकल्पों पर काम चल रहा है। एयरपोर्ट को रैपिड रेल (नमो भारत) से जोड़ने की परियोजना एक कदम और आगे बढ़ी है। गाजियाबाद वाया ग्रेनो वेस्ट, सूरजपुर, जगत फार्म व परीचौक, यीडा सिटी रूट की फाइनल डीपीआर एनसीआरटीसी ने यमुना प्राधिकरण में सौंप दी है। एनसीआरटीसी द्वारा तैयार की गई डीपीआर के मुताबिक गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के बीच फिलहाल 22 स्टेशन होंगे। जबकि 13 स्टेशन भविष्य के लिए रखे गए हैं।

## हाईस्पीड रैपिड रेल के लिए बनेगा लूप

नोएडा एयरपोर्ट और इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली के बीच कम समय में सफर पूरा किया जा सके, इसके लिए एयरपोर्ट के लिए स्पेशल हाईस्पीड रैपिड रेल चलाई जाएगी। स्टेशन पर लूप का निर्माण किया जाएगा, ताकि हाईस्पीड रैपिड रेल बिना रुके एयरपोर्ट पहुंच सकें। हाईस्पीड रैपिड रेल कुछ चुनिंदा स्टेशनों पर ही रुकेगी।

## एनसीआरटीसी करेगा संचालन

नोएडा एयरपोर्ट और गाजियााद के बीच चलने वाली रैपिड रेल और मेट्रो का संचालन एनसीआरटीसी करेगा। ऐसा पहली बार होगा, जब मेट्रो का संचालन एनसीआरटीसी द्वारा किया जाएगा।

### गाजियाबाद और नोएडा एयरपोर्ट के बीच ये होंगे स्टेशन

- सिद्धार्थ विहार (गाजियाबाद)
- गाजियाबाद साउथ
- ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-16 सी
- ग्रेनो वेस्ट- 4
- ईकोटेक- 12
- ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-2
- ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-3
- ग्रेनो वेस्ट - 10
- ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-12
- नॉलेज पार्क- 5
- पुलिस लाइन सूरजपुर
- मलकपुर
- ईकोटेक-2
- नॉलेज पार्क- 3
- अल्फा-1
- ओमेगा-3
- ईकोटेक-1ई
- ईकोटेक- 6
- दनकौर
- यीडा नार्थ सेक्टर- 18
- यीडा सेक्टर- 21
- नोएडा एयरपोर्ट

इसके अलावा 13 सेक्टर फ्यूचर के लिए रखे गए हैं।

## वर्ष 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.2 किमी लंबे एलिवेटेड रूट के निर्माण का लक्ष्य 2030 रखा गया है। इसके निर्माण पर लगभग 17,343 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसमें केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 20, राज्य सरकार की 50 व नायल की 30 फीसदी होगी। इस रूट पर वर्ष- 2031 में 3.09 लाख और 2054- 55 में यात्रियों की संख्या 7.04 लाख होगी।

# चुनाव प्रेक्षक ने सभी नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त किये प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह, पुलिस प्रेक्षक शंकर चौधरी एवं व्यय प्रेक्षक राजराजेश्वरी, सृष्टि चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी नोडल अधिकारियों ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर अब तक की, की गई कार्रवाई के संबंध में प्रेक्षकों को बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई। सामान्य प्रेक्षक ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारीगण भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर निर्धारित किए गए प्रारूपों का बहुत ही गहनता से अध्ययन कर लें और सभी सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित समय अवधि पर तैयार करते हुए उपलब्ध करायें, ताकि निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित समय अवधि में सभी सूचनाओं भेजी की जा सकें।

उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारीगण अपने-अपने कार्यों से संबंधित हैंडबुक का अध्ययन करते हुए अपने सभी कार्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करेंगे, ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को जनपद में सकुशल संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान चुनाव से संबंधित सामग्री प्रत्याशियों द्वारा वाहनों के माध्यम से निर्वाचन क्षेत्र में लाई जाती है, जिस पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। साथ ही निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध शराब नहीं आनी चाहिए इसके लिए सभी चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग अभियान चलाए जाये। उसका विशेष ध्यान रखें कि किसी भी प्रत्याशी या उसके समर्थकों द्वारा किसी भी रूप से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी नोडल अधिकारियों का बहुत ही अहम रोल होता है, इसलिए सभी नोडल अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों का बहुत ही निष्ठा के साथ निर्वहन करें। व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों से सोशल मीडिया, इलैक्ट्रानिक मीडिया व पेड न्यूज के मामलों को गहनता से समीक्षा करने एवं सी-विजिल में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आयोग के दिशा-निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करने के लिए कहा। साथ ही सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने बूथों का समय रहते स्थलीय निरीक्षण कर वहां सभी व्यवस्थायें निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्पन्न करायें।




- आचार संहिता को शत-प्रतिशत पालन कराने के लिए दिए निर्देश

बैठक में जॉइंट पुलिस कमिश्नर शिवहरि मीणा, एडिशनल सीपी मुख्यालय बबलू कुमार, डीसीपी राम बदन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव ने नोएडा एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

- प्रगाति रिपोर्ट की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- रनवे का काम पूरा होने के साथ प्रथम चरण का 80 फीसदी काम हो चुका है पूरा
- प्रगाति रिपोर्ट का किया गया प्रस्तुतिकरण समय से चल रहा है काम



**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम के नेतृत्व में डीजीसीए और एएआई के अधिकारियों की एक टीम शुक्रवार को निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की साइट का निरीक्षण करने पहुंची। अधिकारियों ने रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर व अन्य विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की। इस दौरान विकासकर्ता कंपनी ने प्रस्तुतिकरण दिया। सभी काम समय से होता पाया गया। आगामी सितम्बर माह में प्रस्तावित उड़ान से ट्रायल होना है, ऐसे में तैयारी तेज कर दी गई है।

दरअसल नोएडा एयरपोर्ट के प्रथम चरण का काम लगभग 80 फीसदी पूरा हो चुका है। पहला रनवे बनकर तैयार हो गया है। कार्य की स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव व अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान सभी काम समय से होता पाया गया।

टर्मिनल बिल्डिंग का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर का काम भी लगभग पूरा होने को है। फिनिशिंग का काम आखिरी दौर में है। अधिकारियों की टीम में नागरिक उड्डयन मंत्रालय की संयुक्त सचिव रूबीना अली, डीजीसीए के अवर सचिव द्वितीय अमित कुमार झा, विक्रम देवदत्त, श्वेता सिंह, रविंदर सिंह, जम्वाल, मनोज कुमार गर्ग, प्रमोद कुमार, संजीव कुमार आदि अधिकारी शामिल रहे।

## लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों के रैली में खर्चे का जारी किया गया चार्ट

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टी रैली करेंगी, और पार्टी के बड़े नेता मतदाताओं को सम्बोधित करेंगे, जिसका खर्चा प्रत्याशियों के खर्चे में जोड़ा जाएगा। जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों की तरफ से विभागों की तरफ से खर्चे को लेकर प्रस्तावित रेट चार्ट जारी किया है।

जिसमें पण्डाल पर्दा, लाउडस्पीकर, सामियाना, कुर्सी, दरी, सोफा, कुर्सियां, मेज, माला, बुके, जनरेटर, कूलर, पंखा, लाइट, पोडियम, माइक, एसी,डी.जे., होर्डिंग, टाट, पट्टी, झंडा, फ्लैक्स, बैनर, गीत संगीत, गेट निर्माण, हेलीपैड, मैरिज हाल, फार्म हाउस, जलपान का खर्चा, वाहन किराया, भारी वाहन किराया, मल्टीप्लेक्स सिनेमा घरो में विज्ञापन, समाचार पत्रों में विज्ञापन, एलईडी वीडियो वैन आदि की सूची जारी की गई है।

# एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों ने लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। जेवर विधान सभा क्षेत्र के गांव रन्हेरा के किसानों ने आगामी लोकसभा के चुनाव बहिस्कार करने का निर्णय लिया है। इसी मुद्दे को लेकर रहे अन्याय को लेकर अपनी मांगों को लेकर पिछले 2 वर्ष से आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के उपेक्षापूर्ण व तानाशाही रवैए से परेशान होकर आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया गया। किसानों ने कहा कि हमारी आबादी की जितनी जमीन जा रही है, उसका आधा जमीन दिया जा रहा है, इससे परिवार बढ़ने से रहने में परेशानी होगी। किसानों ने कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ अन्य चुनाव का भी बहिस्कार करेंगे।



किसानों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया, उसके बाद ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता की। इस दौरान किसानों ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के भूमि अधिग्रहण व विस्थापन में किसानों व मजदूरों के साथ हो इस अवसर पर नंबरदार थोरा, सतपाल सिंह, नीमका, रनवीर सिंह कुरैव, विपिन चौधरी, नगला हुकुम सिंह, जय किशन शर्मा, रन्हेरा आदि मौजूद रहे।

# उपचार के दौरान युवक की मौत



एक दिन पूर्व लगाई थी फांसी

**जेवर,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव किशोरपुर निवासी एक युवक ने गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। शुक्रवार को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर स्वजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में देर शाम सुपर्देखाक कर दिया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार किसी बात से नाराज होकर किशोरपुर के रहने वाले युसुफ 21 ने गुरुवार अपने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। आनन फानन में स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे कस्बा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सेक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिसरख जलालपुर, तहसील- दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या- 798 में 0.1598 हे0 के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 101वीं बैठक में श्री ब्रहम सिंह (1598 वर्ग मीटर) निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, जिसमें श्री ब्रहम सिंह की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर श्रीमती चन्दरो देवी पत्नी स्व0 ब्रहम सिंह व श्री नबाव सिंह, धीरज सिंह, अशोक कुमार, रविन्द्र कुमार, ओमवीर पुत्रगण स्व0 ब्रहम सिंह निवासी ग्राम खेडा चौगानपुर तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामान्तण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रामनयन सिंह)
विशेष कार्याधिकारी



खोया-पाया

मेरा रजिस्ट्रीआवेदन संख्या 202200742045696 पेपर खो गया है जिसका खाता संख्या 847 है खसरा संख्या 1086 मि० व रकबा 0.6273 है (100 वर्ग गज) है। रमेश एनक्लेव गांव धूम मानिकपुर दादरी गौतमबुध नगर। विनोद कुमार पुत्र छिददा निवासी 152 गांव बहलौतपुर सेक्टर 65 नोएडा उत्तर प्रदेश



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009


# मतदाता जागरुकता रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिखवाई झंडी

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसको जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपक्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में ‘चुनाव का पर्व, देश का गर्व’ स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता सहभागी बन सकें। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में लगभग 500 स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। सभी को जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान की शपथ भी दिलाई। मतदाता जागरुकता रैली मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम से होते हुए सीआईएसएफ, आइटीबीपी एवं सीआरपीएफसे होते हुए मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही समाप्त हुई। पुलिस विभाग का मतदाता जागरूकता रैली में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी स्वीप जनार्दन सिंह, समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, हिमांशु, परवेज अली, शीलांकुर केन, ज्योति नागर, नीतीश सक्सेना, गीता भाटी, शालिनी एवं वंदन आदि शामिल हुए।




# भाजपा आज सभी बूथों पर मनाएंगी स्थपाना दिवस

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा जिला कार्यालय तिलपाता पर जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक में मुख्य वक्ता जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता रहे बैठक में जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि 6 अप्रैल को सभी बूथों पर पार्टी स्थापना दिवस मनाते हुए सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को अपने बूथों पर बूथ बैठक कर भाजपा ध्वज अपने अपने बूथों के बूथ अध्यक्ष अपने घरों पर लगाएंगे और पार्टी सामग्री का वितरण बूथों पर घर घर जाकर एवं बूथों पर नमों एप पर माइक्रो डोनेसन 5 रुपए 10, 20, 50 लोगों को माइक्रो डोनेशन कराना है। सभी लोगों को सामाजिक समीकरण करते हुए सभी समाज के लोगों को जोड़ना है, महिला मोर्चा मंडल स्तर पर सम्मेलन होंगे। 10,11,12 अप्रैल को 148 शक्ति केन्द्रों पर पन्ना प्रमुख बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि 10,11,12 को शक्ति केन्द्र सम्मेलन 148 शक्ति केन्द्रो पर पन्ना प्रमुख बैठक में पार्टी संगठन के जनप्रितिनिधि बैठकों में जाकर बैठक करेंगे चुनाव की एक बड़ी कड़ी बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख है हम सभी को वोट प्रतिशत बढ़ाते हुए भाजपा प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को जिताना है।



इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर बिजेंद्र प्रमुख जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, पवन रावल, सतेंद्र नागर, पवन नागर, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, राकेश राणा, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, जगभूषण गर्ग, रवि जिन्दल, राहुल पंडित, अर्पित तिवारी, रजनी तोमर, इन्द्र नागर, विजय रावल, अजीत मुखिया, जितेन्द्र भाटी, डॉक्टर संगीता रावल आदि दर्जनों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मिर्जापुर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1092/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 23.11.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 शाहमल पुत्र श्री भूपसिंह निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 427 | स्व0 शाहमल पुत्र श्री भूपसिंह निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्री ब्रहमसिंह | पुत्र | 58 वर्ष |
| | | | श्री विकल सिंह | पुत्र | 50 वर्ष |
| | | | श्रीमती धनपाली पत्नी स्व0 वेदराम | पुत्रवधु | 55 वर्ष |
| | | | श्री जितेन्द्र पुत्र स्व0 वेदराम | पौत्र | 40 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जाँच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655



Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# भारतीय नववर्ष के शुभारंभ पर उमंग मेले का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय नववर्ष संवत 2081 के शुभारम्भ के अवसर पर भारत नवनिर्माण ट्रस्ट के अन्तर्गत, भारतीय पर्व आयोजन समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक उत्सव ‘उमंग 2081’ का आयोजन 6 अप्रैल से 8 अप्रैल 2024 तक क्लब हाउस, सिल्वर सिटी 2 सोसाइटी में आयोजित किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष नरेश गुप्ता ने बताया गत 18 वर्षों मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चों की भारतीय खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श और हनुमान जी की श्रीराम के प्रति अगाध भक्ति और समर्पण की गाथा को हनुमन्त कथा का आयोजन होगा, जिसमें कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा कथा वाचन करेंगे। कार्यक्रम के सह संयोजक सौरभ बंसल ने बताया कि हिन्दू नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा, पहले नवदुर्गों से प्रारम्भ होता है मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था, स्वामी दयानंद सरस्वती जी द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की गयी थी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जन्म तिथि भी इसी दिन होती है। मीडिया प्रभारी मुकुल गोयल ने बताया कि 6 अप्रैल को विभिन्न प्रतियोगिताएं, जिसमें इंद्रधनुष, रंगोली, मिले सुर मेरा तुम्हारा, एकल व समूह नृत्य एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शन आयोजित की जाएंगीं, 7 अप्रैल को मेहंदी एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगीं। 7 व 8 अप्रैल को सायं 4 से 7 बजे तक कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा द्वारा हनुमंत कथा के रूप में हनुमान जी के चरित्र और उनकी श्री राम में अगाध भक्ति का वर्णन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में नरेश गुप्ता, ओम प्रकाश अग्रवाल, सौरभ बंसल, मुकुल गोयल, विवेक अरोड़ा,संजीव सालवान, कांतिपाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- 6 से 8 अप्रैल तक आयोजित मेले में बच्चे व महिलाओं के लिए प्रतियोगिता के साथ श्री हनुमंत कथा का होगा आयोजन




यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, राजस्व विभाग दिल्ली सरकार जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय डिफेस कॉलोनी दक्षिणी दिल्ली की सर्टिफिकेट न0 90660000214296 के अनुसार स्व0 रामू पुत्र स्व0 लखपत नि0 ग्राम जी0-56 हरकेश नगर औखला फैज-02 नई दिल्ली की मृत्यु दिनांक 02.06.2023 को हो चुकी है जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुनपुरा | 77 | 505 506 507 | स्व0 रामू पुत्र स्व0 लखपत नि0 ग्राम जी0-56 हरकेश नगर औखला फैज-02 नई दिल्ली | दयाराम | 49 | पुत्र |
| | | | | धर्मवीर भडाना | 50 | पुत्र |
| | 193 | 91 | | रवेन्द्र सिंह भडाना | 42 | पुत्र |
| मुस्ताफाबाद | 06 | 5, 6, 7, 8, 9, 12 | | धर्मवती | 64 | पुत्री |
| | | | | रामेश्वरी | 48 | पुत्री |
| | | | | प्रेमवती | 39 | पुत्री |
| | | | | राजेश | 65 | पुत्री |
| | | | | वीरवती | 71 | पुत्री |
| | | | | सुनिता देवी पत्नी स्व0 बिजेन्द्र | 45 | पुत्रवधु |
| | | | | राकेश पुत्र स्व0 बिजेन्द्र | 16 | पौत्र |
| | | | | लोकेश पुत्र स्व0 बिजेन्द्र | 21 | पौत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# अभिमत

*अब तक सामने आए सबूत कमजोर, संदिग्ध और संभवतः विशिष्ट उद्देश्य से प्रेरित हैं। शराब नीति के 'लाभार्थियों' से आप के खजाने तक धन की आवाजाही को साबित करने के कोई ठोस सबूत नहीं है। यह न्यायपालिका पर निर्भर करता है कि वह मामलों को ठीक करे और केजरीवाल को जल्द से जल्द जमानत पर रिहा करने का आदेश दे। अफसोस की बात है कि कुल मिलाकर भारत में जमानत न्यायशास्त्र निराशाजनक है जो राज्य और अभियोजन पक्ष के पक्ष में है।*

## सेवाग्राम में साझे भविष्य की तलाश

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

हाल ही में गांधीजी की कर्मस्थली सेवाग्राम में अनूठे बीजोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें देश के कई कोनों से जैविक व प्राकृतिक खेती करने वाले कई किसान शामिल हुए। इस तीन दिनी कार्यक्रम में देशी बीजों की खेती, जलवायु बदलाव, बीजों के कानून और नई खेती पद्धतियों पर विचार-विमर्श हुआ। यह कार्यक्रम 29 से 31 मार्च तक आयोजित था। सेवाग्राम यानी सेवा का गांव। यह महाराष्ट्र के वर्धा शहर से 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। सेवाग्राम आश्रम में गांधीजी ने जीवन के उत्तरार्ध का एक दशक से ज्यादा समय बिताया था। गांधीजी के साथ यहां उनके कुछ सहयोगी भी रहे। यहां जो छोटे घर बनाए गए, उन्हें कुटी के नाम से जाना जाता है। जिनमें बापू कुटी व बा (कस्तूरबा गांधी) कुटी शामिल हैं। उस जमाने की ये कुटियां गांधीजी की सादगी व सरलता की बानगी देती हैं।

यहां मिट्टी के घर, लकड़ी और छतों पर खपरैल से बने हैं। प्राकृतिक खेती, नई तालीम का स्कूल, खादी व चरखा और सादा रसोईघर है। हरे-भरे पेड़-पौधे, रंग-बिरंगे फूल व लताओं से सजा परिसर है। सादगी व सुघड़ता यहां की पहचान है। यहां प्रकृति की अपनी संस्कृति है, लय है। गांधी इसी लय को समाज में उचित स्थान दिलाना चाहते थे।

बीजोत्सव भी गांधी की प्रेरणा की एक मिसाल है। यह खेती के गहरे संकट से जुड़ा है। इसकी शुरूआत करीब एक दशक पहले कपास के किसानों की खुदकुशी से चिंतित होकर की गई थी। उस समय अधिकांश किसान बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं और कर्ज के बोझ तले दबकर ही जान दे रहे थे।

गांधीवादी सोच के कुछ लोगों व संस्थाओं ने मिलकर इसकी शुरूआत की थी, जिससे किसानों की मदद की जा सके। मैं इसमें दूसरी बार शामिल हुआ। बीजोत्सव में सुरक्षित व पौष्टिक खान-पान पर ज़ोर दिया जाता है। देशी बीजों की गोबर खाद व हल-बैल वाली प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाता है। इसमें खेती को पशुपालन से जोड़ने की सोच है, जिससे मिट्टी को गोबर व केंचुआ खाद से उर्वर बनाया जाए और दूध-घी से भोजन में पौष्टिकता भी बढ़े। यह खेती रासायनिक खाद से मुक्त होती है।

कोविड-19 के बाद से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जैविक और प्राकृतिक तरीके से उत्पादित अनाज और सब्जियां जरूरी हैं। सभी जानते हैं कि रासायनिक खेती में उत्पादन के साथ बीमारियां भी बढ़ी हैं। इसका एक उदाहरण जबलपुर से अमरावती एक्सप्रेस ट्रेन है। इसमें अधिकांश सवारियां मरीज होती हैं, जो नागपुर इलाज कराने जाती हैं। इस कारण इस ट्रेन को ही लोग एम्बुलेंस कहने लगे हैं। इसी ट्रेन से मैं 30 मार्च को इटारसी से वर्धा पहुंचा था।

सतपुड़ा अंचल वही इलाका है जहां 70-80 के दशक में आधुनिक रासायनिक खेती शुरूआत हुई थी। सोयाबीन, गेहूं और धान की रासायनिक खेती का प्रचलन बढ़ा। यह पूरी खेती ट्रेक्टरों व हारवेस्टरों से होती है और रासायनिक खाद, कीटनाशक, नींदानाशक दवाईयों का भरपूर उपयोग होता है। लेकिन अब सोयाबीन की खेती इस इलाके में लगभग खत्म हो गई है पर गेहूं और धान की फसलें रासायनिक खेती से ही की जा रही है। इससे बीमारियां भी काफी बढ़ी हैं।

हाल के दिनों में आई स्वास्थ्य जागरूकता के कारण जैविक उत्पादों की मांग बढ़ गई है, पर पूर्ति कम है। क्योंकि जैविक खेती कम होती है और जो जैविक किसान करते भी हैं तो उनके उत्पाद बेचने में कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। कुछ जगहों पर यह देखने में आया है कि जैविक किसानों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।

> **हाल के दिनों में आई स्वास्थ्य जागरूकता के कारण जैविक उत्पादों की मांग बढ़ गई है, पर पूर्ति कम है। क्योंकि जैविक खेती कम होती है और जो जैविक किसान करते भी हैं तो उनके उत्पाद बेचने में कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। कुछ जगहों पर यह देखने में आया है कि जैविक किसानों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।**

कई बार किसानों के पास सही जानकारियों का अभाव रहता है और कई बार उन्हें समय पर अच्छे बीज नहीं मिल पाते। बीजोत्सव का आयोजन इन्हीं उद्देश्यों को लेकर किया जाता है, जिससे किसानों को उचित जानकारी, एक दूसरे से सीखना, नई तकनीक, वैज्ञानिक जानकारी और परंपरागत बीजों का आदान-प्रदान किया जा सके। इसके अलावा, खेती में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। लेकिन ग्रामीण इलाकों की महिलाएं कई कारणों से ऐसे कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पातीं। इसलिए उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिले, इसका प्रयास किया जाता है।

इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने उनके जैविक उत्पादों के स्टॉल भी लगाए थे। मैंने उनकी आंखों में जैविक उत्पाद बेचते हुए आत्मविश्वास की चमक देखी, यह आत्मनिर्भरता का भी अच्छा उदाहरण है।

इस कार्यक्रम में मिट्टी की उर्वरता बचाने पर ज़ोर दिया गया। फसलों के ठंडल व अवशेष न जलाएं जाएं बल्कि उनसे जैव खाद बनाई जाए। खेतों की मेड़ों पर पेड़ लगाएं जाएं, जिससे खेतों में नमी बने रहे, उनकी पत्तियों से जैव खाद भी बने। जलवायु बदलाव के दौर में पेड़ लगाना और भी जरूरी हो गया है।

यह एक ऐसा मौका होता है जब किसान और उपभोक्ताओं का आपस में जुड़ते हैं। जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित दाम मिले और उपभोक्ताओं को भी वाजिब दाम में पौष्टिक अनाज मिल सके। यहां वे साझा भविष्य तलाशते हैं। जलवायु बदलाव बहुत ही गंभीर मुद्दा है। धरती की सभी प्रजातियां खतरे में हैं। इसलिए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली बहुत जरूरी है। इसके लिए मिल-जुलकर काम करना जरूरी है। खेती का संकट जलवायु बदलाव से भी जुड़ा हुआ है। पर्यावरण के संकट से जुड़ा है। कुछ समय पहले तक देशी बीजों की खेती ऋतु के अनुसार होती थी। अब मौसम बदलाव में बारिश अनिश्चित हो गई है। कभी ज्यादा तो कभी कम, कभी सूखा तो कभी अकाल, बारिश का कोई ठिकाना नहीं है। इसका सीधा असर परंपरागत खेती करने वाले और भूमिहीन किसानों पर पड़ता है।

मौसम बदलाव का यह संकट आधुनिक रासायनिक खेती का भी संकट है। भूजल नीचे चला जा रहा है, रासायनिक व कीटनाशक खेती के कारण मिट्टी की उर्वर शक्ति कम हो रही है। मिट्टी-पानी जहरीला हो रहा है। बिजली का संकट है। भारी पूंजी से होने वाली मशीनीकृत खेती से लागत बढ़ रही है। किसानों पर कर्ज बढ़ रहा है। मशीनों से काम से बेरोजगारी बढ़ रही है। पलायन हो रहा है। बाजार में फसलों के उचित दाम जैसी कई समस्याएं हैं। विशेषज्ञों द्वारा पर्यावरण की समस्या से निपटने के लिए दो समाधान बताए जा रहे हैं। एक है कि कार्बन उत्सर्जन कम किया जाए और दूसरा नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक अपनाने पर जोर दिया जाए। यह बहुत अच्छा है लेकिन तकनीकी उपायों से ही पर्यावरण का संकट हल नहीं होगा।

इसके लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। हमें यह तय करना होगा कि क्या हमें तामझाम व विलासिता वाली जीवनशैली चाहिए, जो ज्यादा ऊर्जा गटकती है या फिर समता व सादगी के सिद्धांत अपनाना चाहिए, जो गांधी की सोच का मूल है।

गांधी जी ने आजादी के संघर्ष के साथ रचनात्मक कार्यक्रम भी चलाए। जैसे शराबबंदी, चरखा और साफ-सफाई, लघु कुटीर उद्योग, छुआछूत मिटाना, प्राकृतिक चिकित्सा और शिक्षा को उत्पादक काम से जोड़ने वाली नई तालीम। आज भी इनमें से कुछ कार्यक्रम आश्रम में जारी हैं। जैसे नई तालीम का स्कूल, एक अच्छा उदाहरण है, जिसमें बच्चे जीवनशिक्षा सीखते हैं। यानी हाथ से उत्पादक काम करके शिक्षा हासिल करते हैं।

गांधी जी ने स्वावलंबी और आत्मनिर्भर गांवों का सपना देखा था। आज भी ऐसे कामों की बहुत जरूरत है जिससे गांव स्वावलंबी बने। उनका प्रसिद्ध कथन था कि- 'पृथ्वी हर व्यक्ति की जरूरत पूरा करने का सामर्थ्य रखती है, पर उसके लालच का नहीं।' गांधी जी यह कथन आधुनिक विकास की सीमा बताता है। प्रकृति से सामंजस्य बनाकर चलने की सीख देता है। कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि बीजोत्सव जैसे कार्यक्रम हमें नई जैविक, प्राकृतिक खेती का मार्ग तो दिखाते ही हैं, जिस पर चलकर मिट्टी-पानी का संरक्षण किया जा सके, जैव विविधता व पर्यावरण रक्षा की जा सके। नई तकनीकों की जानकारी भी देते हैं। किसान- उपभोक्ताओं में आपस में मेल-मिलाप कराते हैं, जिससे किसानों को फसलों को उचित दाम मिले और उपभोक्ताओं को भी वाजिब दाम में अच्छा अनाज मिल सके।

इसके साथ ही खेती को स्वावलंबी, कुदरती, विविधतापूर्ण, रसायनमुक्त, कम ऊर्जा वाली, कम पूंजी वाली, एक कम जोखिम वाली बनाया जाए। जैविक व प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाया जाए। साथ ही फिजूलखर्जी, शान-शौकत, तामझाम को बढ़ावा देने वाली भोगवादी संस्कृति पर भी लगाम लगाई जाए, तभी हम खेती, पर्यावरण के संरक्षण के साथ बेहतर जीवन भी जी पाएंगे। जलवायु बदलाव का भी मुकाबला कर पाएंगे।

### बीता सप्ताह

**30 मार्च**

- जम्मू के रामबन में 300 फीट गहरी खाई में एक टैक्सी के गिर जाने 10 लोगों की मौत हो गई।
- उत्तर प्रदेश के माफिया सरगना मुख्तार अंसारी का जेल में हार्ट अटैक आने से मौत हो गई।
- बस्सिरों दिओमाये फेम सेनेगल गणराज्य के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।
- मेडागास्कर में चक्रवात गैमेन के कारण 14 लोगों की मौत हो गई।

**31 मार्च**

- चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव, कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डाक्टर एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया। राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया।
- ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।
- भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए राजनाथ सिंह को घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष बनाया गया।
- ईडी ने दिल्ली के आप पार्टी के विधायक और मंत्री कैलाश गहलोत से भी की पूछताछ।

**1 अप्रैल**

- राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू द्वारा लालकृष्ण आडवानी को उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया।
- भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- बेटे अशोक कुमार को मिला हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफ टाइम अचीव मेंट अवॉर्ड।
- अमेरिकी राज्य कैलिफोर्नया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई।

**2 अप्रैल**

- पाकिस्तान की अदालत ने तोशाटवीना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जमानत पर रिहा करने की अनुमति दी।
- गाजा में इजरायली हमले में 3278782 लोगों की मौत की मौत हुई।
- भारतीय टेनिस स्टार सुमीत नागल ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग।
- टैक्स वसूली मामले में आयकर विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को कहा कि -लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस पर नहीं होगी कार्रवाई।

**3 अप्रैल**

- शराब घोटाले में सालों से जेल में बंद आप पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी।
- बस्तर के बीजापुर जिले में नक्सली और जवानों के बीच हुए मुठभेड़ में 11 नक्सली मारे गए।
- सुप्रसिद्ध योग गुरु और पतंजलि के प्रमुख बाबा रा रामदेव द्वारा भ्रामक विज्ञापन प्रचार मामले में सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक फैसले में बीएड पास सहायक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर दी गई।

**4 अप्रैल**

- पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राज्यसभा से रिटायर हो गए।
- केरल में 11 राज्यों में पुरूषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक।
- ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से नौ लोगों की मौत हो गई, हजारों हुए घायल।
- घाना में एक पादरी ने नाबालिग लड़की से रचाई शादी, देश भर में फैला आक्रोश।

**5 अप्रैल**

- छत्तीसगढ़ के चर्चित जग्गी हत्याकांड में दो सीएसपी एक टीआई सहित 27 आरोपियों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।
- सोनिया गांधी, अश्वनी वैष्णव सहित 14 सांसदों ने राज्य सभा सदस्य के रूप में शपथ ली।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन एवं सामरिक कमान ने संयुक्त रूप से ओडीशा तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप के निकट बैलिस्टिर मिसाइल अग्नि प्राइस का सफल परीक्षण किया।
- जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति गिसाबुरो सोनोबे का टोक्यो के पास चिबा प्रांत में 112 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

## काले धन के समतुल्य हैं इलेक्टोरल बॉण्ड

■ वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक करार कर उनसे राजनैतिक दलों को चुनाव फंडिंग न किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह संज्ञान में रहना चाहिये कि कम-से-कम मान्य चुनावी प्रक्रियाओं के संदर्भ में चुनावी बॉण्ड से मिला धन शुचिता वाला धन न होकर काले धन के समतुल्य ही था। दुखद यह रहा कि जब प्रजातांत्रिक चुनावों में काले धन का वर्चस्व हर बीतते चुनावों के साथ बढ़ता ही जा रहा था, चुनावी बॉण्ड की गुमनामी धनराशि भी उसी रूप में इसमें मददगार भी हो रही थी। जब ये ऐन चुनावों के पहले जारी होते थे, तब तो खासकर इनसे पाये करोड़ों रुपयों से राजनैतिक दलों को चुनाव लड़ने में आसानी होती थी। लगभग पांच साल देरी से आये इस निर्णय से पहले चुनावों में गैर-बराबरी जारी थी। इससे कई दलीय उम्मीदवारों की हार-जीत पर असर भी पड़ा होगा।

जब चुनावी फंडिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनैतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनैतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं। फर्जी कम्पनियों के माध्यम से राजनैतिक बॉण्ड खरीदकर राजनैतिक आकाओं के दलों को उपकृत करने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसा धन राजनैतिक इस्तेमाल के लिए शुचिता वाला धन कैसे हुआ?

> **जब चुनावी फंडिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनैतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनैतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं।**

अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का बयान था कि इलेक्टोरल बॉण्ड के पहले जो कुछ पारदर्शिता थी वह भी खत्म हो गई। पहले राजनैतिक दलों को बीस हजार रुपये और उससे ज्यादा धन देने वालों की सूची चुनाव आयोग के पास होती थी। वह उनको सार्वजनिक भी करता था, परन्तु इलेक्टोरल बॉण्ड जारी होने के बाद यह अनिवार्यता और पारदर्शिता भी नहीं रही।

समाचारों में ही था कि नवम्बर 2023 में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे वहां जब्त राशि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले सात गुना ज्यादा थी। यदि सालों के अंतराल के बाद 31 अक्टूबर 2023 से चुनावी बॉण्ड की वैधता पर पुनः शुरू हुई सुनवाई पूरी होने के बाद भी उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने अपना निर्णय 2 नवम्बर 2023 को सुरक्षित न रखा होता तो शायद नवम्बर 2023 के विधानसभा चुनावों के पहले चुनावी बॉण्ड जारी भी न होते। स्टेट बैंक औफ इण्डिया की 29 शाखाओं से 29वीं बार 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 के दौरान चुनावी बॉण्डों की बिक्री, खरीदारी हुई थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो 2 नवम्बर के काफी बाद हुए थे, कुछ राजनैतिक दलों को चुनावी बॉण्ड का फायदा मिल ही गया।

पहली बार चुनावी बॉण्ड मार्च 2018 में बिके थे। इसके बाद वे विभिन्न सालों में विभिन्न अवधियों में बिकते रहे। अप्रैल 2021 में भी गैर-सरकारी संस्था एडीआर (एसोसियेशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में तब कुछ राज्यों में होने वाले विधान सभा के चुनावों के पूरे होने तक इलेक्टोरल बॉण्ड की बिक्रियों पर रोक लगाने की मांग की थी, किन्तु बेंच ने उसे खारिज कर दिया। केन्द्र ने एक अप्रैल 2021 से 10 अप्रैल 2021 तक बॉण्ड जारी भी किये थे। तब याचिकाकर्ता संस्था एडीआर का कहना था कि गैर-कानूनी और अवैध धन की मुखौटा कम्पनियों के माध्यम से फंडिग की और ज्यादा होने की संभावनायें बढ़ जायेगी। दो नवम्बर 2023 को चुनावी बॉण्डों की वैधता पर अपने निर्णय को सुरक्षित रखने के पहले अदालत ने ये टिप्पणी भी की थी कि सरकार की यह दलील मानना मुश्किल है कि मतदाताओं को राजनैतिक चंदों का स्त्रोत जानने का अधिकार नहीं है।

भारत आये भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर रघुराम राजन 12 दिसम्बर 2023 को बिना लाग-लपेट यह कह गये थे कि बॉण्ड चुनावी फंडिंग का नकदी से भी ज्यादा खराब विकल्प है। यह गैर-पारदर्शी है। केवल स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ही जानता है कि चुनावी बॉण्ड से पैसे देने वाला कौन है। गुमनाम चुनावी बॉण्ड राजनैतिक दलों के बीच गैर-बराबरी के मैदान तैयार करता है। किसी काम के एवज में भी राजनैतिक दल चुनावी बॉण्ड से पैसे ले सकते हैं। सत्तारूढ़ दल तो चुनावी बॉण्ड से अकूत धन पाकर चुनावी खर्चे के चेक काट सकता है, किन्तु विपक्ष ऐसा नहीं कर सकता। चुनाव बराबरी में लड़ा जा सके इसके लिये विपक्ष को भारी नकदी का इंतजाम करना पड़ता है। काले धन पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्हीं दिनों राज्यसभा सांसद धीरेन्द्र साहू से जुड़े ठिकानों में तीन सौ करोड़ रूपये की बरामदगी भी सुर्खियों में थी।

यह विडम्बना ही थी कि दो जनवरी 2018 को अधिसूचित जिस चुनावी बॉण्ड योजना को वैकल्पिक पारदर्शी राजनैतिक फंडिंग की पहल बताया गया था उससे भ्रष्टाचार पनपने व सत्तारूढ़ दलों को ही ज्यादा फायदा पहुंचने की शंकायें छः साल पूरे होते-होते काफी गहरा गईं। बॉण्डों से प्राप्त धन चुनाव आयोग द्वारा सत्यापित एक अलग एकाउण्ट में रखना होता था। नियमतः कार्पोरेट या निजी दानदाता विभिन्न मूल्यों के बॉण्डों को खरीदकर पात्र राजनैतिक दलों को दे सकते थे। बॉण्डों पर न देने वाले का नाम होना था, न दाता की पहचान बताई जानी थी। कम्पनी के अंशधारकों या जनता के संज्ञान में नहीं आ सकता था कि राजनैतिक दलों को कौन धन दे रहा है। मोदी सरकार ने कहा था इससे हालांकि राजनैतिक दलों को मिले चंदे का विवरण पता चल जायेगा, किन्तु देने वालों के नामों का पता नहीं चलेगा। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने भी इसे धनशोधन या मनी-लॉण्डरिंग के समकक्ष ही माना था। बैंकों का भी ऐसा ही सोचना था। चुनाव आयोग की भी चाहत थी कि खरीदकर बॉण्ड देने वालों का नाम गुप्त रखा जाये।

भविष्य में जब स्टेट बैंक आफ इण्डिया द्वारा अब तक बिके बॉण्ड के मूल्यों, उनके खरीदारों, उनके मूल्यों व उनसे जिन राजनीतिक दलों को जब-जब धन मिलने की सूचना चुनाव आयोग को दी जायेगी तो उसके सार्वजनिक होने के बाद खोजी जानकारी से ही मालूम चल सकेगा कि किन मामलों में चुनावी बॉण्डों से राजनैतिक दलों को धन दिये जाने में व्यवसायिक लाभ लिये व दिये जाने के कारण थे। परन्तु जिन मामलों में ऐसा हुआ होगा उनमें तो बाद में भी और काले धन बनने और उसकी एक श्रृंखला बनने की संभावना बन जाती है। साफ धन दिया जाना है तो सीधे चेक से पार्टी को दिया ही जा सकता था तो कई क्षेत्र के नियमों में बदलाव लाकर चुनावी बाण्ड जैसे नये गुमनामी वाले दस्तावेज बनाने की योजना पर संदेह के कारण तो थे ही।

**(लेखक पैन्यूली स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## वेंटिलेटर पर है भारतीय लोकतंत्र

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनकी आबकारी शराब नीति के लिए गिरफ्तार किया है। ईडी को व्यापक रूप से भारतीय जनता पार्टी का अंग माना जाता है। ईडी का दावा है कि यह शराब नीति कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार की गई थी। जिन कुछ लोगों को इसका फायदा हुआ उन्होंने केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी को रिश्वत के रूप में सौ करोड़ रुपये दिए जिनका उसने गोवा में चुनाव लड़ने के लिए इस्तेमाल किया। इस प्रकार अपराध (रिश्वत) की आय को चुनावी उद्देश्यों के लिए वैध बनाया गया था जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) यानी मनी लांड्रिंग का प्रकरण बनता है। केजरीवाल को 22 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और न्यायपालिका के अलग आदेश आने तक 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तारी को सही ठहराने वाले सबूत कहते हैं कि केजरीवाल ने रिश्वत ली थी। मुकदमा अभी शुरू नहीं हुआ है और सबूत यह है कि कुछ संभावित सरकारी गवाह हैं। आरोपपत्र भी अभी तैयार नहीं हुआ है और यह कि ईडी कार्यालय द्वारा नौ समन जारी किए जाने के बावजूद केजरीवाल द्वारा पूछताछ के लिए कार्यालय जाने से इनकार करना इस बात का संकेत है कि वे इस अपराध में शामिल हैं। इसी कारण से उनकी गिरफ्तारी की गई है। यह सब लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर हो रहा है जो नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल दे सकता है। सवाल यह है कि यह प्रकरण क्या दर्शाता है?



हरेश एम. जगतियानी

> **अब समय आ गया है कि संयुक्त विपक्ष एक संयुक्त घोषणापत्र प्रकाशित करे जिसमें वे पीएमएलए, यूएपीए, मकोका जैसे घातक कानूनों और ऐसे अन्य कठोर अधिनियमों को निरस्त करने का वादा करें जिनका उपयोग सत्ता में बैठी एक दुर्भावनापूर्ण कार्यपालिका द्वारा विरोधियों के खिलाफ उत्पीड़न के हथियार के रूप में किया जाता है।**

क्या अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी तौर पर जायज थी? यहां तक कि अगर आप इस आधार से शुरू करते हैं कि सभी राजनेता बेईमान हैं, तो भी इसका एक ही जोरदार जवाब है- नहीं। सत्तारुढ़ हर राजनीतिक दल का काम राजकोषीय नीतियों को कानून बनाना है। सिर्फ इसलिए कि इस तरह की नीति जनता के एक वर्ग को लाभ पहुंचाती है या लाभ प्रदान करती है, यह अपने आप में एक विधेय अपराधिक कृत्य की उत्पत्ति नहीं हो सकती है जिससे मिली आय पीएमएलए के दायरे में आती है। अब तक सामने आए सबूत कमजोर, संदिग्ध और संभवतः विशिष्ट उद्देश्य से प्रेरित हैं। शराब नीति के 'लाभार्थियों' से आप के खजाने तक धन की आवाजाही को साबित करने के कोई ठोस सबूत नहीं है। यह न्यायपालिका पर निर्भर करता है कि वह मामलों को ठीक करे और केजरीवाल को जल्द से जल्द जमानत पर रिहा करने का आदेश दे। अफसोस की बात है कि कुल मिलाकर भारत में जमानत न्यायशास्त्र निराशाजनक है जो राज्य और अभियोजन पक्ष के पक्ष में है। यह जानते हुए भी कि वास्तविक मुकदमे में असाधारण रूप से देरी हो सकती है जिससे अभियुक्त को अपनी बेगुनाही साबित करने का अवसर नहीं मिलता है, अदालतें अक्सर अपराध के एक संदिग्ध को दंडित करने के साधन के रूप में जमानत से इनकार करती हैं। महिलाओं को इस संबंध में कुछ हद तक वैधानिक रूप से विशेषाधिकार प्राप्त हैं लेकिन यह एक और गंभीर चर्चा का विषय है। यह कहने के लिए पर्याप्त अवसर है कि न्यायिक प्रणाली, विशेष रूप से निचली अदालतें आरोपी के साथ उदार नजर नहीं आती हैं।

एक अधिक प्रभावशाली शिकायतकर्ता अपने से कम प्रभावशाली विरोधी के नुकसान के लिए मामले में हेरफेर कर सकता है। मोदी बनाम केजरीवाल मुकाबले में परिणाम पहले से तय मालूम होता है। केवल जमानत न देकर केजरीवाल को चुनावी मैदान से बाहर रखा जा सकता है।

जब किसी राष्ट्रीय पार्टी के नेता को दौड़ से बाहर रखा जाता है तो ऐसे में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों का क्या होगा? लोकतंत्र वेंटिलेटर के लिए रोता है। इस जीवन निर्वाह उपकरण का प्रभारी कौन है? फिलहाल तो मोदी हैं और जब तक कि निम्नलिखित दोनों परिस्थितियां न बनती हों और वे मोदी के हाथ को स्विच से दूर करने का प्रयास न करें। पहला, ममता बनर्जी और वामपंथियों समेत पूरे विपक्ष को अपने महत्वहीन मतभेदों को भुलाकर भाजपा के खिलाफ संयुक्त चुनावी जंग लड़नी होगी। एक भी लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नहीं होना चाहिए। भाजपा के पास देश के 36 प्रतिशत वोट हैं। शेष 64 फीसदी वोट यदि निराश नहीं हैं तो भी निश्चित रूप से सत्तारूढ़ दल पर मोहित नहीं हैं। मोदी इस बात को जानते हैं। दूसरी, और शायद अधिक महत्वपूर्ण बात है कि न्यायपालिका, विशेष रूप से सर्वोच्च न्यायालय को मजबूती के साथ स्वतंत्र रहना चाहिए। अगर निष्पक्ष चुनाव के हित में हो तो केजरीवाल को समय पर जमानत मिलनी चाहिए। यहां तक कि अगर अदालत केजरीवाल को जमानत देने की इच्छुक हो तो वह उनसे वचन भी ले सकती है कि चुनाव के बाद वे एक बार फिर खुद ईडी के समक्ष आत्मसमर्पण कर देंगे। लोकतंत्र के हित में ऐसा हो सकता हो, तो ऐसा ही सही। चुनावी मैदान से एक राष्ट्रीय पार्टी को बाहर रखने की कोशिश में लोकतंत्र की मौत की घंटी बज गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को केवल इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि उसे लगा कि सार्वजनिक महत्व के मामलों में गोपनीयता लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह एक गंभीर स्थिति है। प्रधानमंत्री पद के तीसरे कार्यकाल के आकांक्षी ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को जेल में बंद कर दिया। इसके बावजूद उसकी आकांक्षाओं की एक वैध चुनौती को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जा सकता है।

यह वैश्विक चिंता का विषय है कि भारत में लोकतंत्र बना रहे। हम ऐसे भावी लोकतंत्रों से घिरे हैं जो युवा और महत्वाकांक्षी हैं जहां रूस और चीन एक होने का दिखावा भी नहीं करते हैं। हमारे नागरिकों को अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने के निरंकुश विकल्प से वंचित करके उनसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता छीन लें तो समझिये कि लोकतंत्र मर चुका है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि ('यदि' शब्द ज्यादा उचित है) केजरीवाल को कब रिहा किया जाता है और वे भाजपा की जीत को खतरे में डालने के लिए अपेक्षित समर्थन हासिल नहीं करते हैं। उनकी रिहाई से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि तब भाजपा निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से जीत जाती। लेकिन केजरीवाल की उपस्थिति के बिना होने वाला चुनाव एक ऐसा चुनाव होगा जो कभी हुआ ही नहीं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए फ्रांसीसी दार्शनिक वोल्टेयर ने कहा है- 'मैं आपके विचारों से सहमत नहीं हो सकता हूं, लेकिन उन्हें व्यक्त करने के आपके अधिकार की रक्षा मैं अपनी आखिरी सांस तक करूंगा।' अपने प्रवक्ता के जरिए जर्मनी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए हैं लेकिन भारत ने उसे अपने काम से काम रखने को कहा है। 'भारतीय मामलों में जर्मनी के हस्तक्षेप' के बावजूद यह भारत के मजबूत लोकतांत्रिक होने के महत्व का संकेत है। यह सभ्य दुनिया के लिए मायने रखता है।

अब समय आ गया है कि संयुक्त विपक्ष एक संयुक्त घोषणापत्र प्रकाशित करे जिसमें वे पीएमएलए, यूएपीए, मकोका जैसे घातक कानूनों और ऐसे अन्य कठोर अधिनियमों को निरस्त करने का वादा करें जिनका उपयोग सत्ता में बैठी एक दुर्भावनापूर्ण कार्यपालिका द्वारा विरोधियों के खिलाफ उत्पीड़न के हथियार के रूप में किया जाता है। इसके अतिरिक्त संयुक्त विपक्ष को हमारी न्यायिक मशीनरी को पूरी तरह से स्वतंत्र बनाने और ऊर्जा प्रदान करने की शपथ लेनी चाहिए। इस मुकाबले को न्यायपालिका बनाम 'मोदी की अदालत' तक सीमित न किया जाए। आम धारणा यह है कि भाजपा अजेय है और उसकी जीत की घोषणा औपचारिक रूप से की जानी चाहिए। फिर अरविंद केजरीवाल को चुनाव लड़ने से रोककर और सलाखों के पीछे रखकर मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की गरिमा को क्यों धूमिल कर रहे हैं? प्रिय प्रधानमंत्री जी, लोकतांत्रिक ढंग से प्रदर्शित करें कि आप अपने आप में विश्वास रखते हैं।

**(लेखक सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। सिंडिकेट : द बिलियन**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## चाकू के हमले में घायल रूसी गवर्नर की हालत गंभीर

**मॉस्को,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। चाकू के हमले में घायल रूस के मरमंस्क क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई चिबिस की हालत गंभीर है। उन्हें गुरुवार को एपेटिटी शहर में एक बैठक के बाद चाकू मार दिया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को एपेटिटी-किरोव अस्पताल के मुख्य चिकित्सक यूरी शिर्याव के हवाले से बताया कि 45 वर्षीय चिबिस की हालत गंभीर है और उनका ऑपरेशन किया जा रहा है। हमलावर की पहचान अलेक्जेंडर बायदानोव के रूप में हुई। सुरक्षा गार्डों ने उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया।



# गाजा में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही मिलेगा अमेरिका का समर्थन : बाइडेन

■ बाइडेन ने गाजा में सामान्य स्थिति के लिए तत्काल युद्धविराम का किया आह्वान



**वाशिंगटन,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि गाजा में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही अमेरिका इजराइल का समर्थन करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने वहां सामान्य स्थिति के लिए तत्काल युद्धविराम का भी आह्वान किया। स्पेनिश अमेरिकी शेफ और रेस्तरां मालिक जोस एंड्रेस के वर्ल्ड सेंट्रल किचन के छह सहायता कर्मियों की हत्या पर दुनिया भर में बढ़ते आक्रोश के बीच दोनों नेताओं ने फोन पर बात की। बातचीत के दौरान राष्ट्रपित बाइडेन ने इस बात पर जोर दिया कि मानवीय कार्यकर्ताओं पर हमले को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ठोस उपाय करने की बात कही।

अमेरिकी नेता ने यह भी कहा कि निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में तत्काल युद्धविराम आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से बंधकों को तत्काल मुक्त कराने के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए भी कहा।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में अमेरिका और इजराइल के बीच संबंधों में गिरावट आई है, क्योंकि नेतन्याहू ने युद्ध के बारे में अमेरिका की चिंताओं की नजरअंदाज कर दिया है। इज़राइल पर लगाम लगाने के लिए बाइडेन को घरेलू स्तर पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। चुनावी वर्ष में इसकी अनदेखी करना उनके लिए राजनीतिक दृष्टि से जोखिम भरा हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजराइल के राष्ट्रपति नेतन्याहू से गाजा में युद्ध रोकने और नागरिकों की रक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

## इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की आशंका को लेकर अमेरिका चिंतित




**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दमिश्क में एक ईरानी राजनयिक सुविधा पर इजरायली हमले के बाद इजरायल और ईरान के बीच युद्ध को लेकर चिंता जताई है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने फॉक्स के साथ साक्षात्कार के दौरान ये बात कही। किर्बी ने गुरुवार को इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की ईरानी धमकियों के बारे में कहा कि हां, हम बहुत चिंतित हैं। वास्तव में जिन चीज़ों के बारे में इजरायली प्रधान मंत्री और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आज बात की उनमें से इजरायल तथा ईरान के बीच पूर्ण पैमाने पर युद्ध की आशंका प्रमुख है।

## अवैध चीनी प्रवासी अमेरिका में सेना बना सकते हैं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दक्षिणी सीमा से देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले चीनी प्रवासी संभावित रूप से देश में एक सेना बना कर सकते हैं। ट्रम्प ने गुरुवार को कंजर्वेटिव रेडियो होस्ट ह्यू हेविट के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वे शायद एक सेना बना रहे हैं , क्योंकि उनमें अधिकतर युवा हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति जो बिडेन के कार्यकाल में अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर 30,000 से ज्यादा चीनी प्रवासियों का आगमन हुआ है। जनवरी 2021 में बिडेन के व्हाइट हाउस में आने के बाद से अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर वार्षिक अवैध आव्रजन के लगातार तीन रिकॉर्ड सामने आए हैं।

## चीन व वियतनाम के विदेश मंत्रियों ने की वार्ता

**बीजिंग,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने क्रांग शी में वियतनाम के विदेश मंत्री बुई थान सन के साथ वार्ता की। वांग यी ने कहा कि पिछले साल चीन-वियतनाम संबंध का तेज़ विकास हुआ।दोनों देशों के सर्वोच्च नेताओं ने एक साथ रणनीतिक महत्व संपन्न चीन-वियतनाम साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण की घोषणा की, जिसने द्विपक्षीय संबंधों में नए युग का विषय शामिल किया। इस साल चीन-वियतनाम साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण की शुरुआत अच्छी चली। दोनों पक्षों को आम लक्ष्यों पर फोकस रखकर हाथ से हाथ मिलाकर विभिन्न क्षेत्रों का सहयोग बढ़ाना चाहिए। बुई थान सन ने बताया कि वियतनाम-चीन संबंध व्यापक व गहरे रूप से विकसित हो रहा है। वियतनाम चीन के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखकर उच्च स्तरीय आवाजाही का नियोजन करेगा, पार्टियों का आदान प्रदान मज़बूत करेगा, पारस्परिक संपर्क बढ़ाने, आर्थिक व व्यापारिक निवेश संवर्धित करेगा, क्षेत्रीय सहयोग गहराएगा, वियतनाम-चीन मित्रता का सक्रिय प्रचार करेगा और चीन-वियतनाम साझा भविष्य वाले समुदाय का अच्छा निर्माण करेगा।



## सुडोकू 6516

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | | 7 | |
| 5 | | | 7 | | | 9 | | |
| 8 | | 7 | 2 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | 2 | | | | | | |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| | | | | | | 7 | | 5 |
| 2 | | | 8 | | 5 | 4 | | 7 |
| | | 4 | | | 9 | | | 1 |
| | 1 | | 4 | 7 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 6 अप्रैल, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - सामाजिक प्रसंग में सगे- संबंधियों और मित्रों के साथ आपका समय अच्छा गुजरेगा। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनसे लाभ भी होगा। पर्यटन पर जाना हो सकता है। सरकारी और अर्ध सरकारी काम में सफलता मिलेगी।

वृषभ - नए काम की शुरुआत करने वालों के लिए समय अनुकूल है। नौकरी तथा व्यवसाय में लाभदायक परिणाम मिलेगा। पदोन्नति मिलेगी। व्यापार में नई दिशाएं खुलती हुई प्रतीत होंगी। सरकार से लाभ के समाचार मिलेंगे।

मिथुन - आज आपको थोड़ी-सी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। परिणामस्वरूप निर्धारित काम पूरे नहीं होंगे। मानसिक चिंता से थकान का अनुभव होगा।

कर्क - क्रोध और नकारात्मक विचार से आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होगा। ऐसे में खुद पर संयम रखें। खान-पान का ध्यान रखें, अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी संभावना है। परिवार में वाद-विवाद होगा।

सिंह - आज दांपत्यजीवन में मामूली बात पर जीवनसाथी से मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी। पति- पत्नी दोनों में से किसी एक का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। व्यापारी भागीदारों के साथ धैर्य से चर्चा करें।

कन्या - आज आपको सभी मामले में अनुकूलता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति स्थापित होगी, इससे मन प्रसन्न रहेगा। सुखप्रद घटनाएं घटेंगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

तुला - बौद्धिक चर्चा जोरों पर रहेंगी। आपकी कल्पना और सृजनशक्ति की प्रगति से संतोष का अनुभव होगा। व्यर्थ वाद-विवाद या चर्चा में न पड़ें। स्वास्थ्य के मामले में पाचनतंत्र से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

वृश्चिक - मानसिक और शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। बुजुर्गों के साथ अनबन होने की घटना आपके मन को व्यथित करेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक नुकसान और सार्वजनिक जीवन में मानहानि होगी।

धनु - आध्यात्म की तरफ आपका विशेष आकर्षण रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए शुभ समय है। मित्रों और सगे- संबंधियों के आगमन से घर में प्रसन्नता रहेगी। हाथ में लिए हुए काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। यात्रा होगी।

मकर - आपको वाणी और व्यवहार में संयम रखने की सलाह दी जाती है। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। शेयर- सट्टे में पूंजी निवेश का आयोजन करेंगे। आर्थिक लाभ होगा। स्वास्थ्य संबंधी कुछ शिकायत रहेगी।

कुंभ - आज शारीरिक मानसिक रूप से आपका दिन प्रफुल्लित रहेगा। सगे- संबंधियों तथा मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लेंगे।

मीन - आर्थिक आयोजन और पूंजी निवेश के समय खूब ध्यान रखें। एकाग्रता कम और बेचैनी अनुभव करेंगे। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को मारने के आरोप में गिरफ्तार

**ब्यूनस आयर्स,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अर्जेंटीना की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो छुरी और अन्य नुकीली वस्तुओं के साथ अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली को मारने के लिए ब्यूनस आयर्स के कासा रोसाडा राष्ट्रपति महल में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। यह जानकारी सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच ने दी।बुलरिच ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि वह एक माचे और अन्य तेज धार की वस्तुओं के साथ कासा रोसाडा पहुंचने की कोशिश कर रहा था और पीएफए (अर्जेंटीना संघीय पुलिस) अधिकारी यानिना वायलेंट ने उसे रोक दिया।

अर्जेंटीना ब्रॉडकास्टर टीएन ने देश की पुलिस का हवाला देते हुए कहा कि 29 वर्षीय हमलावर ने सरकारी घर के किनारे एक बंद बाड़ का उपयोग करने का निर्णय लिया, जो खुला था क्योंकि एक अधिकारी इमारत छोड़ कर जा रहा था।

## तुर्की में अगले साल नाटो विदेश मंत्रियों की बैठक : फिदान


**अंकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने कहा कि नाटो के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक 2025 में तुर्की में होगी। समाचार पत्र गुनेस ने फिदान के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। नाटो के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में, जो गुरुवार को ब्रसेल्स में संपन्न हुई वहां शीर्ष राजनयिकों को जुलाई में होने वाले वाशिंगटन शिखर सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन बढ़ाना और हिंद-प्रशांत में भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाना शामिल है।

## भारत के मुद्दे पर मुखर पाकिस्तान पर चुपी को लेकर अमेरिका से सवाल

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के विपक्ष दलों के साथ समर्थन दिखाने, और पाकिस्तान में विपक्षी नेताओं के साथ किए जा रहे व्यवहार के मुद्दे पर चुप रहने के 'दोहरे मानदंड' को लेकर गुरुवार को अमेरिका से सवाल पूछा, जिसके जवाब में उसने कहा कि वह 'इस चरित्र चित्रण' से सहमत नहीं है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को जब्त करने पर अमेरिका द्वारा सवाल उठाए जाने और पाकिस्तान में राजनीतिक कैदियों के मुद्दे पर चुप रहने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि मैं उस चरित्र-चित्रण से सहमत नहीं हूं। मिलर ने कहा कि हमने कई मौकों पर यह स्पष्ट कर दिया है कि हम चाहते हैं कि पाकिस्तान में हर किसी के साथ कानून के शासन के अनुरूप व्यवहार किया जाए।



## वर्ग पहेली 6516




**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना,
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. क़त्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति-विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्णनिर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़-प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

### वर्ग पहेली-6515



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## मैकडॉनल्ड ने किया अपने सभी इजरायली रेस्तरां को वापस खरीदने का फैसला



**वाशिंगटन,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका की दिग्गज फास्ट फूड कंपनी मैकडॉनल्ड ने इजरायल-हमास युद्ध की प्रतिक्रिया में ब्रांड के बहिष्कार के बाद अपने सभी इजरायली रेस्तरां को वापस खरीदने का फैसला किया है।

कंपनी ने कहा कि उसने इजरायल में 5,000 लोगों को रोजगार देने वाले 225 आउटलेट की वापसी के लिए फ्रेंचाइजी अलोन्याल के साथ एक समझौता किया है। मैकडॉनल्ड्स की आलोचना तब शुरू हुई, जब अलोन्याल ने हजारों इजरायली सैनिकों को मुफ्त भोजन देना शुरू किया। अक्टूबर में संघर्ष शुरू होने के बाद से क्षेत्र में बिक्री में गिरावट आई है।

मैकडॉनल्ड्स ने कहा कि 30 वर्षों से अधिक समय से इजरायल में गोल्डन आर्चेस की श्रृंखला चला रहे एलोन्याल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कंपनी ने कहा कि रेस्तरां, संचालन और कर्मचारियों को 'समकक्ष शर्तों पर' कायम रखा जाएगा और वह 'इजरायली बाजार के लिए प्रतिबद्ध' रहेगी।

## मूसलाधार बारिश के कारण सिडनी हवाई अड्डे से 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**सिडनी,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में शुक्रवार को लगातार मूसलाधार बारिश के कारण सिडनी हवाई अड्डे से 100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं।

मूसलाधार बारिश जारी रहने के कारण स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2:30 बजे तक छह अंतरराष्ट्रीय और 109 घरेलू उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। अगले कुछ घंटों में अन्य उड़ानों के रद्द होने की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि मूसलाधार बारिश जारी है।

सिडनी हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने स्थानीय मीडिया से कहा कि मूसलाधार बारिश होने के बावजूद रनवे खुले हैं, लेकिन जैसे-जैस दिन चढ़ेगा यात्रियों को और देरी का समाना करना पड़ सकता है।

प्रवक्ता ने कहा तूफान और मूसलाधार बारिश के कारण कुछ उड़ानों में देरी और कुछ उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को उड़ान की स्थिति के बारे में अपनी एयरलाइन से पूछताछ करने की नसीहत दी गई है। राज्य में रात भर तेज और मूसलाधार बारिश से सिडनी सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

स्थानीय मौसम सेवा प्रदाता वेदरज़ोन के आंकड़ों के अनुसार, सिडनी के केंद्रीय व्यापार केन्द्र में पिछले 24 घंटों में आज सुबह नौ बजे तक 111 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। खराब मौसम के कारण रेडफर्न स्टेशन के उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए और काम करना बंद कर दिया। जो 11 रेल लाइनों को जोड़ने वाला परिवहन केंद्र है, जिसके कारण रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई है।राज्य की सरकारी परिवहन एवं सड़क एजेंसी ट्रांसपोर्ट एनएसडब्ल्यू ने सोशल मीडिया पर कहा कि रेडफर्न में खराब मौसम के कारण उपकरणों को नुकसान पहुंचा है और मूसलाधार बारिश के कारण ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रही है। ट्रेन सेवा में देरी और अंतराल पूरे दिन प्रभावित रहने की उम्मीद है।ऑस्ट्रेलियाई मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) के पूर्वानुमान के अनुसार ज्यादा बारिश हो सकती है, इलवारा एस्केरपमेंट और ग्रेटर सिडनी क्षेत्र के अंतर्देशीय हिस्सों के आसपास भी अत्यधिक बारिश होने का अनुमान जताया गया है, जहां पर कुल मिलाकर 300 मिमी तक बारिश हो सकती है।



■ अन्य उड़ानों के रद्द होने की संख्या बढ़ने की आशंका

## आज का इतिहास

1320 – स्कॉटलैंड की स्वतंत्रता की घोषणा।
1606 – मुगल शासक जहांगीर के खिलाफ उनके पुत्र राजकुमार खुसरो ने अपने बगावत की।
1656 –शिवाजी महाराज ने चंद्रराव मोरे को हराकर रायगढ़ किले पर कब्जा किया।
1672 – फ्रांस ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1727 – डेनमार्क ने हनोवर की संधि पर हस्ताक्षर किया।
1814 –निर्वासित नेपोलियन बोनापार्ट एल्बा के लिए रवाना हुए।
1886 –हैदराबाद के अंतिम निजाम उस्मान अली खान का जन्म।
1896 –यूनान के एथेंस में पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरूआत।
1909 –अमेरिकी नागरिक राबर्ट पियेरी और मैथ्यू हैंसन ने पहली बार उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने का दावा किया।
1917 – प्रथम विश्व युद्ध में अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1919– गांधी जी ने रॉलेट एक्ट कानून के खिलाफ अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया।
1930 –दांडी यात्रा की समाप्ति के बाद महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह शुरू किया।
1942 – जापानी विमानों ने पहली बार भारत पर बमबारी की।
1955 – अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
1957 – सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1966 –भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।
1980 – भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई।
1982 –दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फाकलैंड पर अर्जेन्टीना ने अधिकार किया।
1998 –पाकिस्तान ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया।
2009 – इटली में 6.3 तीव्रता वाले भूकंप के कारण लगभग 258 लोगों की मैत।

आरोप | उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भारत पर सवाल खड़े करने वाले देशों पर कसे तंज, बोले

# भारत को समानता के मुद्दे पर किसी से उपदेश की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत को समानता के मुद्दे पर इस ग्रह पर किसी से उपदेश की जरूरत नहीं है। हम हमेशा समानता में विश्वास करते हैं। उन्होंने उन देशों से अपने भीतर झांकने का आह्वान किया जो भारत पर इस तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कुछ देशों में अभी तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं है, जबकि हमारे यहां ब्रिटेन से भी पहले एक महिला प्रधानमंत्री थी।**

उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के कई देशों में उच्चतम न्यायालय ने बिना महिला जज के 200 साल पूरे कर लिए, लेकिन हमारे यहां हैं।

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर फैलाए जा रहे है झूठ और गलत सूचना पर लोगों को आगाह करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि सीएए किसी भी भारतीय नागरिक से उसकी नागरिकता नहीं छीनता है, न ही यह पहले की तरह किसी को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से रोकता है। उन्होंने कहा कि सीएए तो पड़ोसी देशों में प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता के मार्ग खोलता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पड़ोसी तीन देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उनकी धार्मिक प्रताड़ना के शिकार वहां के अल्पसंख्यकों को यह राहत प्रदान करता है, ऐसे में यह कानून गलत कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि सीएए उन लोगों पर लागू होता है, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कानून उन देशों से अल्पसंख्यकों को बुलाने के लिए नहीं है, बल्कि जो इससे पहले से यहां आ गए हैं, उनके लिए है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि इस तरह के तथ्यात्मक रूप से गलत प्रचार, विचार या फिर अस्थिर राष्ट्र-विरोधी बयानों का खंडन करें। इसके साथ जो हमारे गौरवशाली और मजबूत संवैधानिक निकायों को कलंकित करने की कोशिश कर रहे हैं, उनका विरोध करें। उन्होंने आगे कहा कि हाल के वर्षों में शासन व्यवस्था बेहतर हुई है, लोकतांत्रिक मूल्य गहरे हो रहे हैं। क्योंकि, कानून के अनुसार समानता के सिद्धांत को बेहतर तरीके से लागू किया जा रहा है और भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पहले कुछ विशेषाधिकार प्राप्त वंशावली को यह लगता था कि वे कानूनी प्रक्रिया से बचे हुए हैं और कानून उन तक नहीं पहुंच सकता है।



**दुनिया के कई देशों में उच्चतम न्यायालय ने बिना महिला जज के 200 साल पूरे कर लिए, लेकिन हमारे यहां हैं : जगदीप धनखड़**

## दुनिया को जानें

### बॉट्स व ट्रोल्स पर नकेल कसते ही एक्स यूजर्स के फॉलोअर्स में गिरावट

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। शुक्रवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के फॉलोवर में गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद सभी लोगों के जेहन में यह सवाल उठे कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? दरअसल, ऐसा एलन मस्क द्वारा बॉट को हटाने की कवायद शुरू किए जाने की वजह से हुआ। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है, जब स्पैम और पोर्न बॉट्स ने प्लेटफ़ॉर्म पर कब्जा कर लिया है, जिससे यूजर्स भ्रमित हो गए। एक्स यूजर ने अपने पोस्ट में कहा कि एलन के बॉट और ट्रोल हटाने के बाद मैंने 48 फॉलोअर्स खो दिए – जो कि 0.002 प्रतिशत से कम था। मस्क ने घोषणा की थी कि बॉट्स और ट्रोल्स का सिस्टम शुद्धिकरण चल रहा है। अरबपति ने कहा कि अगर वैध खाते निलंबित कर दिए गए हैं तो कृपया मुझे या एक्स को जवाब दें। एक यूजर ने टिप्पणी की आज मुझे छोड़कर जाने वाले सैकड़ों बॉट्स के लिए, मैं आपको याद नहीं करूंगा। एक्स सेफ्टी अकाउंट ने यह भी पोस्ट किया कि उन्होंने प्लेटफॉर्म हेरफेर और स्पैम के खिलाफ हमारे नियमों का उल्लंघन करने वाले खातों को खत्म करने के लिए सक्रिय पहल शुरू की है।

# प्रादेशिकी

## सिरसा के खेतों में गिरा हेलीकॉप्टर से सामान

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा जिला के गांव सकता खेड़ा के पास खेतों में शुक्रवार दोपहर एक हेलीकॉप्टर से कोई सामान गिर गया। निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग से थोड़ी ही दूरी पर यह हादसा हुआ मगर गनीमत यह रही की जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। खेतों में गिरे सामान को खोजने के लिए एक हेलीकॉप्टर को एमरजेंसी लैंडिंग करवाया गया। सूचना पाकर सिरसा वायुसेना केंद्र के अधिकारियों के साथ-साथ डबवाली के उपमंडलाधिकारी अभय सिंह व उप पुलिस अधीक्षक किशोरीलाल दल बल सहित मौके पर पहुंचे और एकत्रित होते ग्रामीणों को रोका। सामरिक दृष्टि जुड़ा हुआ मामला होने के कारण वायुसेना के किसी अधिकारी ने प्रतिक्रिया नहीं दी।

# चुनाव के दिनों में धर्म का सहारा लेते हैं कुछ लोग : नड्डा

## किसी भी पार्टी का नाम लिए बगैर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साधा निशाना

■ अमरनाथ तिवारी

**हरिद्वार,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरिद्वार दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हरिद्वार की यदि शास्त्री महामाया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की जिसके बाद उन्होंने संत आशीर्वाद समारोह में प्रतिभाग किया। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों से जुड़े साधु संत आशीर्वाद समारोह में पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया।

■ संत आशीर्वाद समारोह में विपक्ष पर जमकर बरसे

■ संतों से की तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की मांग



संत आशीर्वाद समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विरोधी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साधु संतों से कहा कि कुछ लोग चुनाव के दिनों में धर्म का सहारा लेते हैं। उन्होंने बिना किसी पार्टी का नाम लिए कहा कि कुछ लोग धर्म का प्रयोग चुनाव की सभा में किया करते हैं। वह कभी मंदिर नहीं जाते हैं, लेकिन चुनाव के समय मंदिरों के दर्शन करते हैं। जनेऊ पहन करके दिखाते हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि जनेऊ किधर पहनी जाती है। आरती करते समय आरती कैसे घुमाई जाती है, यह भी नहीं मालूम। लेकिन यह ऐसे लोग हैं जो धर्म का उपयोग करने का काम प्रयास करते हैं। लेकिन आप सभी साधु संतों की सात्विक शक्तियां हमेशा पीएम मोदी को और ताकत देती हैं और यशस्वी बनाने का काम करती हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि मैं आज साधु संतों के बीच में यह भी बताना चाहूंगा कि हम जब सात्विक शक्तियों के आह्वान की बात करते हैं तो दुख के साथ कहना पड़ता है कि कुछ राजनीतिक दल सनातन ताकत के बारे में अपशब्द भी कहते हैं। टिप्पणी भी करते हैं। ऐसे लोगों को क्या आशीर्वाद मिलना चाहिए? वह जो सनातनी ताकतों के बारे में अपशब्द कहते हैं, जो सनातनी ताकतों के बारे में समाज में गलत तरीके से वातावरण पैदा करने का प्रयास करते हैं, जो सनातनी ताकत को एक तरीके से कलंकित करने का काम करते हैं, उनके लिए भारत में कुछ पार्टियों चुप्पी साध लेती हैं। उन पार्टियों की कुछ बोलने की हिम्मत नहीं होती।

### जूना अखाड़ा पहुंचे नड्डा

**हरिद्वार।** हरिद्वार पहुंचने पर सबसे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जूना अखाड़ा पहुंचे। यहां पर उन्होंने मां मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके साथ ही भैरव मंदिर में पहुंच कर बाबा भैरव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वो संत आशीर्वाद समारोह में मुख्य अथिति के रूप में शिरकत करने पहुंचे। धर्मनगरी हरिद्वार में आज लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पहले दौरे को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं और संतों में खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तराखंड में पांचों की पांचों सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालना है।

### उत्तराखंड में भाजपा ने उतारा स्टार प्रचारक

**हरिद्वार।** अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि आज के संवाद कार्यक्रम में किसी भी अन्य विषयों को लेकर चर्चा नहीं की जा रही है। केवल और केवल धार्मिक ओर जेपी नड्डा की बात को ही सुना जा रहा है। किस तरह से नरेंद्र मोदी को दोबारा से प्रधानमंत्री बनाया जाए और उत्तराखंड की पांचों सीटें किस तरह से प्रधानमंत्री मोदी की झोली में डाली जाएं, इस पर चर्चा हो रही है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अब सभी पार्टियां अपना जोर आजमाने में लग गई हैं। जिसके लिए अब कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जहां एक ओर कांग्रेस का हरिद्वार में अभी कोई भी कार्यक्रम तय नहीं हो पाया है, तो वहीं भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की उत्तराखंड में एंट्री भी कर दी है। धर्म नगरी हरिद्वार में सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है।

# उपराष्ट्रपति पहुंचे देहरादून राज्यपाल ने किया स्वागत

**देहरादून,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे हैं। देहरादून एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। चुनरी और गंगाजल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। शुक्रवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी धर्मपत्नी डॉ सुदेश धनखड़ के साथ पहुंचे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री



अग्रवाल ने उपराष्ट्रपति व उनकी धर्मपत्नी को माता की चुनरी ओढ़ाकर देवभूमि आगमन पर स्वागत किया। साथ ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को चारधाम यात्रा पर आने का निमंत्रण भी दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ यहां से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी पहुंचे। एलबीएस अकादमी के आईएएस अधिकारियों के फेज एक के समापन समारोह में शिरकत कर उन्होंने अकादमी के संकाय सदस्यों के साथ भी चर्चा की।

**सार संक्षेप**

### हिमाचल संपूर्ण राज्य भूकंप के प्रति अत्यधिक संवेदनशील

**शिमला।** भारतीय हिमालय क्षेत्र के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित हिमाचल प्रदेश, हिमालय पर्वत श्रृंखला की युवा प्रकृति के कारण अपनी उच्च भूकंपीय गतिविधि के लिए जाना जाता है, जो अभी भी गठन की प्रक्रिया में है। संपूर्ण राज्य भूकंपीय क्षेत्र और भूकंप के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। केंद्र सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से चंबा जिले में 5.3 तीव्रता के भूकंप की सूचना दी गई। भूकंप का मूल भौगोलिक स्थिति 33.09 अक्षांश और 76.59 देशांतर थी, जो जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। आपातकालीन संचालन केंद्र (ईओसी) तुरंत कार्रवाई में जुट गए। जीआईएस की मदद से ईक्यू के केंद्र के पास के क्षेत्र की पहचान की गई। स्थिति का आकलन करने के लिए डीसी चंबा और आरसी पांगी से संपर्क स्थापित किया गया। स्थिति के बारे में डीडीएमए चंबा और रेजिडेंट कमिश्नर पांगी से जानकारी मांगी गई।

### विकास समावेशी होना चाहिए : प्रोफेसर

**चंडीगढ़।** मुंबई विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रोफेसर बालकृष्ण विट्ठल भोसले ने शुक्रवार को कहा कि विकास समावेशी होना चाहिये। श्री भोसले पंजाब विश्वविद्यालय में 'भारत में विकास एवं राजनीति' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सच है कि विकास के बिना राजनीति और राजनीति के बिना विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यह को नयी परिघटना नहीं है और विकास की प्रणाली आजादी के बाद से ही चली आ रही है, भले ही उनके स्वरूप या नजरिये में परिवर्तन होता रहा हो। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सत्ता में रहे अलग-अलग विचारधाराओं वाले राजनीतिक दल विकास के अलग-अलग रास्तों को बढ़ावा देते रहे हैं। हालांकि, हर युग के विकास की अपनी सीमाएं और बाधाएं हैं जिनमें भ्रष्टाचार, नौकरशाही के अवरोध, क्षेत्रीय विषमताये और हाशिये के समूहों को बाहर रखना आदि शामिल हैं।

### शिमला में सरकारी वाहन से कुचल कर तीन साल की बच्ची की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी में एक बड़ा दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। छोटा शिमला थाना अंतर्गत ओकओवर के समीप से गुजर रही एक सरकारी गाड़ी ने सड़क किनारे सो रही तीन साल की बच्ची को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। हादसे के बाद गाड़ी के चालक ने ही गंभीर हालात में घायल बच्ची को आईजीएमसी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन बच्ची ने दम तोड़ दिया। यह मासूम झारखंड के रहने वाले एक मजदूर की बेटी थी। उसकी पहचान नैंसी के रूप में हुई है। वहीं बच्ची को कुचलने वाली सरकारी गाड़ी बताई गई है।

### सुडोकू 6516 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# मोदी ने भारत को सशक्त, समृद्ध और मजबूत बनाया : धामी

**टिहरी,** 5 अप्रैल (देशबन्धु) लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उत्तराखंड में चुनाव प्रचार जोरों पर है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टिहरी लोकसभा क्षेत्र के थत्यूड़ में पहुंचे, जहां उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के लिए चुनाव प्रचार किया। इस दौरान सीएम धामी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर भी जमकर हमला किया। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस चुनाव में एक तरफ भ्रष्ट लोग हैं। वे भ्रष्टाचारा के खिलाफ उठाए गए कदमों का विरोध करने के लिए एकजुट हो रहे हैं, जो भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ पीएम मोदी कह रहे हैं कि वह भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। पीएम मोदी ने भारत को सशक्त, समृद्ध और मजबूत बनाने के लिए कदम उठाए हैं।



सीएम धामी ने आगे कहा कि यह विकसित भारत बनाने का चुनाव है। यह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने काम किया है. प्रधानमंत्री देश के अपना परिवार मानते है। पीएम मोदी ने पिछले दस सालों से कोई छुट्टी नहीं ली है। उन्होंने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की, लोगों को मुफ्त भोजन और कोविड के टीके उपलब्ध कराया। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने साल 2022 के विधानसभा चुनाव में न सिर्फ इतिहास रचा था, बल्कि एक मिथक भी तोड़ने का काम किया था। पहले उत्तराखंड एक परिपाटी थी. यहां हर चुनाव के बाद सरकार बदल जाता थी। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भी कुछ रानजीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि इस बार भी सरकार बदल जाएगी, लेकिन प्रदेश की जनता के इतिहास रचकर उन्हें गलत साबित किया।

### 12 अप्रैल को ऋषिकेश में हो सकती है प्रधानमंत्री मोदी की रैली

**देहरादून।** गढ़वाल मंडल की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार गरमाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। 12 अप्रैल को ऋषिकेश में उनकी चुनावी रैली हो सकती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 अप्रैल को श्रीनगर, किच्छा और रुड़की में चुनावी रैली करेंगे। प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के स्टार प्रचारक और दिग्गज नेता चुनाव रण में उतरने लगे हैं। पीएम मोदी ने ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में बीते दिनों चुनावी रैली की। शुक्रवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हरिद्वार में रोड शो कर चुनाव की हुंकार भरी। प्रधानमंत्री मोदी गढ़वाल की तीन लोकसभा सीट पौड़ी, टिहरी व हरिद्वार में प्रचार गरमाने के लिए 12 अप्रैल को ऋषिकेश में चुनावी रैली कर सकते हैं। जबकि 11 अप्रैल को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ श्रीनगर, किच्छा व रुड़की में चुनाव प्रचार करेंगे।

# 4 जून को चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस सरकार और भी मजबूत होगी : रजनीश किमटा

**शिमला,** 5 अप्रैल (देशबन्धु) प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने दावा किया है कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के साथ साथ छह विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि 4 जून को चुनाव परिणामों के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार और भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और सरकार को किसी भी प्रकार का कोई राजनैतिक खतरा नही है। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए किमटा ने कहा कि आज भाजपा के भीतर अंतर्कलह के साथ साथ विद्रोह की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उप चुनाव कांग्रेस का भाजपा के साथ नही है,बल्कि यह चुनाव तो बागी कांग्रेस विधायकों के साथ हो रहा है,जिसमें उन्हें करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की है और उसे इसका खामियाजा



भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में लोकतंत्र की मर्यादा को तार तार कर प्रदेश के जनमत का अपमान किया है और प्रदेश पर छह उप चुनाव लोगों पर थोपे है। किमटा ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी सभी चुनावी तैयारियां पूरी कर दी है। पार्टी के सभी नेता,पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी तरह चुनाव मैदान में डट गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पार्टी प्रत्याशियों की मंथन के साथ साथ नामों पर सहमति बन चुकी है और जल्द ही पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

# नोटों के दम पर सत्ता हथियाना चाह रहे जयराम ठाकुर : मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बागी विधायकों और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर एक बार फिर तीखा हमला बोला। नादौन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मशाला के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा बागियों के सरगना हैं, उन्हें 15 करोड़ रुपये से भी अधिक मिले होंगे। भाजपा में गए छह पूर्व विधायकों के सभी कारनामे जनता की अदालत में सामने आएंगे। जिन्होंने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है, उनके मामले भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की सत्ता की भूख ज्यादा बढ़ गई है। वोट के दम पर सरकार नहीं बना सके तो अब नोटों के दम पर सत्ता हथियाना चाह रहे हैं। जनता भाजपा को नकार चुकी है, यह जयराम ठाकुर को दिमाग में बिठा लेना चाहिए। अन्य प्रदेशों में भाजपा ने नोटों के दम सत्ता हथियाई, वैसा ही हिमाचल में करना चाह रहे थे। लेकिन, भगवान हमारे साथ हैं और उन्होंने हमें जनता की सेवा का मौका दिया है। ठाकुर सुखविंदर सिंह ने कहा कि बिकाऊ को जनता कभी जिताऊ नहीं बनाएगी। बागी विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में 300 से 400 करोड़ रुपये के काम हुए हैं।

# गणेश गोदियाल की हेमवती नंदन बहुगुणा से तुलना पर भाजपा परेशान

**पत्रकार वार्ता कर उठाई माफी मांगने की मांग**

**देहरादून, 5 अप्रैल (देशबन्धु)।** भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल पर अपनी ही पार्टी की पोल खोलने और पहाड़ पुत्र बहुगुणा के अपमान का आरोप लगाया है। 1982 चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें एवं जनता पर किए अत्याचार और स्वयं की बहुगुणा जी से तुलना के लिए माफी मांगने को बात कही है। साथ ही उनके शैक्षिक सफर को भी संदिग्ध बताते हुए सवाल खड़े किए हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता एवं पूर्व दायित्वधारी रविंद्र जुगरान ने गढ़वाल



सीट के कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह अपने हर दूसरे बयान में इस बात का जिक्र करते हैं कि इस बार की गढ़वाल लोकसभा का चुनाव वे बहुगुणा जी की तरह 1982 वाले चुनाव की तरह लड़ रहे हैं। अफसोस स्वयं को पहाड़ पुरुष पूर्व सीएम स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के समकक्ष खड़ा करने की उनकी कोशिश बेहद शर्मनाक है। इतना ही नहीं ऐसा कहकर वह अपनी ही पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी और संगठन के नेताओं को भी कटघरे में खड़ा कर लेते हैं। जिसको लेकर उनकी पार्टी के लोग बेहद नारजा भी हैं। बरहराल ऐसा कहने से पहले उन्हें 80 के दशक में कांग्रेस द्वारा बहुगुणा जी के साथ किए अन्याय एवं पहाड़ की जनता के साथ किया अत्याचार पर सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए और तत्काल कांग्रेस से इस्तीफा देना चाहिए। क्योंकि जबकि बहुगुणा जी के राजनीतिक कैरियर को नुकसान पहुंचाने का काम यदि किसी पार्टी ने किया है तो वह भी कांग्रेस है । ऐसा तो हो ही नहीं सकता की आप बहुगुणा जी के नाम का राजनीतिक लाभ भी लेना चाहे और कांग्रेस के उम्मीदवारी भी बरकरार रखें। फिलहाल वे ऐसा कुछ करें या ना करें लेकिन गढ़वाल और उत्तराखंड की जनता बहुगुणा जी के साथ तत्कालीन कांग्रेस पार्टी एवं वर्तमान में गणेश गोदियाल द्वारा किए जा रहे अपमान को भूल नहीं सकती है।

# धर्मशाला विस क्षेत्र के लिए मंत्री चंद्र कुमार को बनाया प्रभारी : प्रतिभा

**शिमला,** 5 अप्रैल (एजेंसिसयां)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छह सीटों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए मंत्रियों, मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस), विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों सहित 27 नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। राज्य पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने नेताओं की चुनावी ड्यूटी लगाई है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के लिए मंत्री चंद्र कुमार को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा आशीष बुटेल, आरएस बाली, केवल पठानिया, कर्ण पठानिया और हरभजन चौधरी की ड्यूटी लगाई गई है। गगरेट में मंत्री हर्षवर्धन के साथ मलेंद्र राजन, सुदर्शन बबलू, रणजीत राणा व सुरिंदर कंवर की ड्यूटी लगाई है। इसी तरह कुटलैहड़ में मंत्री रोहित ठाकुर व अनिरुद्ध सिंह प्रभारी होंगे। उनके साथ भवानी सिंह पठानिया, नीरज नैयर, रंजीत राणा व विवेक मिंका की ड्यूटी लगाई है।

# स्टेटिक सर्विलांस की टीम ने अलग-अलग स्थानों से बरामद की पांच लाख की धनराशी

**पिथौरागढ़,** 5 अप्रैल (देशबन्धु) जिले में पुलिस और स्टेटिक सर्विलांस की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में करीब 5 लाख रुपए बरामद की है। जिसे निर्वाचन आयोग की एसएसटी टीम ने अपने कब्जे में लिया है। साथ ही अब पूरे मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। एसपी रेखा यादव ने बताया कि पुलिस और एसएसटी यानी स्टैटिक सर्विलांस टीम लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराने को लेकर लगातार तलाशी अभियान चला रही है। जिसके तहत सभी एंट्री प्वाइंटों के बैरियरों पर एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) को नियुक्त किया गया है, जो सइसी कड़ी में स्टेटिक सर्विलांस टीम ने ऐंचोली बैरियर पर तलाशी के दौरान पिथौरागढ़ की ओर से आ रहे एक कार को रोककर तलाशी ली।

# रमजान के अलविदा जुमा की नमाज में उमड़े अकीदत मंद

**रुड़की,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। माहे रमजान के अलविदा जुमा की नमाज नगर और आसपास के क्षेत्रों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। पुलिस प्रशासन की सतर्कता के साथ ही नगर निगम ने भी साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था कराई। नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई। नमाज से पूर्व



**देश में अमन व शांति की मांगी दुआ**

मौलाना अजहर उल हक ने अलविदा जुमा के दिन खिताब करते हुए रोजा,नमाज व जकात की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह रमजान का तीसरा और आखिरी असरा चल रहा है इस असरा में एतखाफ की भी बड़ी महत्ता है,जिसमें सभी मोमिनों को अपने रब को राजी करने के लिए कलमा ए तैयबा और अस्तगफार की कसरत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आखिरी असरे में खूब इबादत करें। ज्यादा समय अल्लाह के घर में गुजारें। कुरान की तिलावत करें तथा अपने रब से लौ लगाने में दरूद शरीफ को कसरत से पढ़ें,हो सके तो आंसू बहाकर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे। जामा मस्जिद के अलावा अलविदा जुमा की नमाज आईआईटी मस्जिद, सफर मैंना मस्जिद, फातिमा मस्जिद, मदीना मस्जिद, नूर मस्जिद, शेख बेंचा वाली मस्जिद, मस्जिद लोहारान, मस्जिद कानून गोयान, सिविल लाइन मस्जिद, पुरानी कचहरी मस्जिद, ईदगाह मस्जिद, रेलवे स्टेशन मस्जिद, शेखपुरी मस्जिद, आजाद नगर मस्जिद, ईदगाह मस्जिद, गफूरिया मस्जिद,मस्जिद रहीमीया, अंबर तालाब मस्जिद, गुलाब नगर मस्जिद, मदरसा इरफान उल उलूम व मिस्बाह उल उलूम मस्जिद के अलावा आसपास के देहातों की मस्जिदों में भी बड़ी अकीकत के साथ अदा की गई और कौम की तरक्की,देश एवं प्रदेश की खुशहाली की विशेष दुआ भी की गई।

## सारा साल सड़क से होगी लेह-लद्दाख की सैर

# शिंकुला दर्रे के नीचे सुरंग पर जून से होगा काम शुरू

**शिमला,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। दुनिया का स्वर्ग कहे जाने वाले लेह-लद्दाख की जल्द ही सारा साल सड़क से सैर हो सकेगी। सामरिक महत्व की मनाली-दारचा-पदुम-नीमू-लेह सड़क पर विश्व की सबसे अधिक ऊंचाई पर बनने जा रही शिंकुला दर्रा सुरंग का निर्माण कार्य इसी जून माह से आरंभ होगा। सीमा सड़क संगठन ने कम्पनी को लगभग 1700 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सुरंग का टेंडर आवंटित कर दिया है। 16 हजार फुट से अधिक की ऊंचाई पर शिंकुला दर्रे के नीचे बनने वाली 4 किलोमीटर की

■ लगभग 1700 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सुरंग का टेंडर आवंटित कर दिया है



सुरंग से चीन सीमा तक पहुंचने के लिए भारतीय सेना की पहुंच आसान होगी। शिंकुला दर्रा सुरंग बन जाने से मनाली-करगिल व मनाली-लेह सामरिक मार्ग पर 12 महीने सेना के साथ स्थानीय लोगों व पर्यटक वाहनों को आवाजाही की सुविधा मिलेगी और समय भी कम लगेगा। नीमू-पदुम-दारचा के रास्ते मे पड़ने वाले शिंकुला दर्रे के खुलने के मौके पर बीआरओ की योजक परियोजना के मुख्य अभियंता आर के साहा ने शिंकुला दर्रे पर मीडिया से जानकारी सांझा करते हुए कहा कि सरकार की ओर से सुरंग निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर प्रकिया पूर्ण कर ली गई है। अब जल्द कम्पनी को स्वीकृति पत्र दिया जाएगा और कोशिश है कि जून माह में कम्पनी मशीनरी व कैम्प स्थापित कर काम आरम्भ कर देगी। उन्होंने कहा कि जून माह में काम आरम्भ करने की पूरी तैयारी है। उन्होंने कहा कि 4 साल की अवधि में बनने वाले इस सुरंग को डबल लेन बनाया जाएगा जिसकी लंबाई 4 किलोमीटर होगी और इससे बन जाने से शिंकुला दर्रे की बर्फ से निजात मिलेगी।

# प्रादेशिकी

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य व उनकी पत्नी पर धमकाने का मामला दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश उर्फ टिंकू मिश्रा एवं उनकी पत्नी पारुल मिश्रा के विरुद्ध महिला को धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यह रिपोर्ट कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला गणेश प्रसाद स्ट्रीट निवासी हर्षित तिवारी की पत्नी आराधना तिवारी ने लिखाई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में आराधना तिवारी ने कहा है कि मै 2 अप्रैल को अपने बच्चो के साथ घर पर थी। रात 11 बजे पारुल मिश्रा व उनके पति राजेश मिश्रा उर्फ टिंकू पुत्र विद्यासागर मिश्रा निवासी बागकूंचा घर में आए। पारुल मिश्रा गैंगस्टर आरोपित है। राजेश मिश्रा एवं पारुल मिश्रा मुझे गन्दी गन्दी गाली गलौज कारने लगे। मेरे द्वारा मना करने पर मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और गेट पर खडी मेरी स्कूटी पर ईट पत्थर चलाकर छतिग्रस्त कर दी और धमकी देकर चला गया।

# वोट की कीमत को समझे मतदाता : योगी

**लखनऊ/अलीगढ़,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में कभी कोई सोचता था कि यहां बेटी और व्यापारी रात को निडर होकर घर से निकल सकते हैं,

- मुख्यमंत्री ने अलीगढ़ में चुनावी जनसभा को किया संबोधित
- मुख्यमंत्री ने की भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील

लेकिन आज यह संभव है। हम सिर्फ राम को ही नहीं लाएं हैं, बल्कि बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का राम नाम सत्य भी करवा देते हैं। प्रभु राम का नाम लेकर जीवन यापन करते हैं। बिना उनके कोई काम नहीं होता है।

वहीं जो समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा उसका राम नाम सत्य भी तय है। 10 वर्ष पहले जो सपना आपने देखा था, आज वह हकीकत बन गया है। यह आपके एक कीमती वोट से संभव हो पाया है इसलिए आपको अपने एक वोट की कीमत को समझना है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां आयोजित विशाल जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने भाजा के लोकसभा प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए खेरेश्वर मंदिर वाले बाबा



जो समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा उस पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई : योगी आदित्यनाथ

खेरेश्वर महादेव, ऐतिहासिक सरोवर धरणीधर और महान चंद्रवंशी राजाओं की धरा को नमन किया। साथ ही उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने वाले शिव नारायण पंडित, मंगला सिंह और महताब सिंह को नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद हो चुका है। वहीं दूसरे चरण में अलीगढ़ वासियों को भी मतदान करना है। देश में पहली बार 18वीं लोकसभा का चुनाव ऐसे हैं, जिसमें लोगों को कयास लगाने की जरूरत नहीं है। सभी को परिणाम पता है। यह पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए

### उत्तर प्रदेश तब विकसित होगा जब अलीगढ़ विकसित होगा : मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की बात कही है। यह तब होगा जब उत्तर प्रदेश विकसित होगा। वहीं उत्तर प्रदेश तब विकसित होगा जब अलीगढ़ विकसित होगा और यह तब होगा जब यहां मां लक्ष्मी का प्रतीक कमल खिलेगा। जब आपका कीमती वोट सही दिशा में जाता है तो देश नए कीर्तिमान गढ़ता है। वहीं जब गलत दिशा में गया था तो देश भ्रष्टाचार के गर्त में डूब गया था, अराजकता और उपद्रव के संकट में जूझता था। देश में कर्फ्यू और अराजकता फैलती थी। ऐसे में हमे अपने एक-एक वोट की कीमत को समझना है और सही दिशा में वोट करना है ताकि देश दुनिया में भारत अगले तीन वर्ष में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। कार्यक्रम में बीजेपी जिलाध्यक्ष चौधरी कृष्ण पाल सिंह, महानगर अध्यक्ष इं.राजीव शर्मा, राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष चौधरी काली चरण सिंह और प्रदेश सरकार के मंत्री संदीप सिंह, मंत्री और हाथरस से भाजपा के प्रत्याशी अनूप वाल्मिकी आदि मौजूद रहे।

गए ऐतिहासिक कार्यों का परिणाम है। पूरे देश में उत्तर, पूरब, पश्चिम और दक्षिण में तीसरी बार मोदी सरकार यही आवाज गूंज रही है। आज हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के दर्शन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे त्योहार केवल उत्सव नहीं हैं बल्कि इनमें इतिहास छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की तरह पहले बरसाना और वृंदावन की होली नहीं होती थी। इसे हमने आज वर्ल्ड क्लास के रूप में बनाया है। दुनिया आज यहां पर आती है। इस बार होली के दिन बरसाना में 10 लाख लोग आए थे। वहीं 2017 से पहले 20 से 25 हजार लोग ही आते थे। सीएम ने कहा कि 500 वर्षों के बाद रामलला ने भी इस बार अयोध्या में होली खेली है। 2014 और 2017 से पहले यह सब सपना था, लेकिन आज यह हकीकत बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। इतना ही नहीं आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है जबकि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिक कार्य हो रहे हैं।

## अलविदा जुमे पर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

**मवाना,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। रमजान माह में जुमे अलविदा की नमाज के चलते नगर की मस्जिदों में रोजेदारों ने अलविदा जुमे की नवाज अदा की और अल्लाह से मुल्क में अमन चौन की दुआ मांगी। नगर की मिल रोड बड़ी मस्जिद, मिल रोड बाईपास, मनिहारों वाली मस्जिद थाने के पास स्थित मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई नवाज के लिए रोजेदारों की भीड़ भीड़ उमड़ी नवाज के बाद अल्लाह से मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआ मांगी गई। रमजान और चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है शुक्रवार को अलविदा जुमा होने के चलते क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने थाना पुलिस व पंजाब पुलिस को साथ लेकर नगर में फ्लैग मार्च किया इस दौरान सीओ ने लोगों से ईद पर वह चुनाव पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया।



नगर में निकाला गया फ्लैग मार्च

## वृक्षारोपण हमारी जीवन यात्रा का अभिन्न अंग : देवेंद्र कुमार

**मवाना,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर स्थित कृषक इण्टर में शुक्रवार को प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य ने सम्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण हमारी जीवन यात्रा का अभिन्न अंग है प्रत्येक व्यक्ति को माह में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तभी हम अपने वातावरण का संरक्षण करते हुए आने वाली पीढ़ी को सर्वश्रेष्ठ उपहार के रूप में स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में सक्षम होंगे। छात्र छात्राओं के माध्यम से समाज में शिक्षा के साथ-साथ हमारे नैतिक कर्तव्य का बोध कराने हेतु विद्यालय सशक्त भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। कृषक इण्टर कालिज जैसे ऐतिहासिक विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। इस अभियान की असीम सफलता हेतु मैं समस्त विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं एवं आशा करता हूं कि आज प्रत्येक माह प्रति व्यक्ति एक पेड़ लगाने का जो संकल्प हम सब ने लिया है इससे जुड़ते हुए एक बहुत बड़ा कारवां आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेगा। वृक्षारोपण के प्रति सरकार एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न जागरूकता अभियान का समय-समय पर निरन्तर आयोजन किया जा रहा है जिससे हम इसकी महत्ता का सहज ही अनुमान लगा सकते हैं। यदि हम अभी भी सजग नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं है जब हम एक-एक सांस के लिए तरसेंगे।



एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान का किया शुभारंभ

## सार संक्षेप

### रेडी की साइड लगने पर बाइक सवार को पीटा

**मवाना।** शुक्रवार को सुबह फल विक्रेता बाइक से बाजार से घर लौट रहा था जैसे ही मोहल्ले में पहुंचा तो रेडा लेकर आ रहे तीन युवकों ने बाइक में साइड मार दी विरोध करने पर बाइक सवार को मारपीट कर घायल कर दिया। मामला नगर की मोहल्ला मुन्नालाल का है। मोहल्ले निवासी शमशाद फल बेचने का कार्य करता है शुक्रवार को सुबह 11 बजे बाइक से बाजार से सामान लेकर घर वापस आ रहा था जैसे ही वह मोहल्ले में पहुंचा तो इस दौरान रेहड़ा लेकर आ रहे तीन युवकों ने बाइक में साइड मार दी। विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास चल रहे है।

### दो भाइयों पर जानलेवा हमला हुआ एक गंभीर

**मवाना।** थाना क्षेत्र के गांव जयसिंहपुर में शुक्रवार सुबह गुड बेचने जा रहे हैं दो भाइयों पर अज्ञात बदमाशो ने मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूट ली। शोर मचाने पर आस पास के लोगों को आते देख हमलावर मौके से फरार हो गये। परिजनों ने घटना की जानकारी थाना पुसिल को दी और मारपीट में घायलों को सीएचसी भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जयसिंहपुर गांव निवासी राजकुमार पुत्र जयपाल व छोटा भाई अनिल आस पास के गांवो में तांगों से गुड बेचने जा रहे थे। गांव से कुछ दूरी पर अज्ञात बदमाशों ने दोनों को रोक मारपीट करते हुए 2200 रुपए व मोबाइल भी लूट लिया। पीड़ित थाने पहुंचे दो नामजद वह तीन चार अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेज दिया है अनिल की हालत खराब होने के कारण उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया है की तहरीर मिल गई है जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### छपाई कारखाने में आग से लाखों का सामान जला

**फर्रुखाबाद।** छपाई कारखाने में अज्ञात कारण से आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकल को सूचना दी गई। दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक छपाई कारखाने में रखे कपड़े एवं उपकरण जलकर राख हो गए। अंगूरी बाग में अपन साथ का छपाई कारखाना शुक्रवार को सुबह लगभग तीन बजे अज्ञात कारणवश आग लग गई। छपाई मलिक ने बताया कि आग लगने से छपाई कारखाने में रखा कपड़ा एवं उपकरण आदि जलकर राख हो गए जिसकी वजह से लाखों का नुकसान हो गया। आग लगने के कारण पता नहीं चल सका।

### पुलिस ने अवैध हथियार फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के सिसोलर क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को खेत से हथियार बनाने वाली फैक्ट्री कर भंडाफोड़ कर मौके से 34 निर्मित व अर्धनिर्मित अवैध असलहे बरामद किए। पुलिस ने बताया कि भुलसी गांव में खेतों में रात में एक युवक असलहे बनाने का काम कई दिनों से कर रहा था ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा : केशव मौर्य

**अमरोहा,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा है और आईसीयू में पड़ी कांग्रेस पार्टी की एक्सपायरी डेट भी बीत चुकी है। अमरोहा के जोया में त्रिदेव बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव का राजनीतिक भविष्य खतरे में है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया है। देश में 12 करोड़ परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनने से 55 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रस्तावित योजना के तहत लगभग 60 जिलों में मेडिकल कॉलेज का काम पूरा होने वाला है जबकि जल्द ही अन्य जिलों में भी मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पहले से बेहतर हो गई है, यह आपके वोट की ताकत से संभव हुआ है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां दिनदहाड़े हत्या, लूट, डकैती और छिनतई आम बात थी, वहीं अब गुंडे या तो जेल में हैं या मार गये हैं।



# आइमा के मेरठ जिलाध्यक्ष चरण सिंह स्वामी का किया सम्मान



जिला कार्यकारिणी का किया गया गठन

**मेरठ,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। ऑल इंडिया मीडिया एसोसिएशन के देवश्री प्लाजा, बागपत रोड स्थित मुख्य कार्यालय में संगठन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चरण सिंह स्वामी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चरण सिंह स्वामी द्वारा संगठन की जिला कार्यकारिणी भी गठित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश शर्मा तथा संचालन मनमोहन भल्ला ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके तथा माल्यार्पण करके किया गया। तदुपरांत एक नहीं बालिका गुंजन स्वामी ने स्वरचित देशभक्ति का गीत पेश किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश शर्मा ने चरण सिंह स्वामी को एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष का प्रमाण पत्र देकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। संस्था के अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों, मेरठ शहर के साहित्यकारों, समाज सेवियों ने भी स्वामी को तहे दिल से शुभकामनाएं देते हुए, राष्ट्रहित में काम करने की आशा जताई। इस अवसर पर चरण सिंह स्वामी द्वारा ऑल इंडिया मीडिया एसोसिएशन का जिला स्तर पर विस्तार करते हुए जीएसटी के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशकओमप्रकाश रतूड़ी एवं गजेंद्र पब्लिक स्कूल मलियाना, मेरठ के निदेशक रणवीर सिंह धामा जिलास्तरीय संगठन के संरक्षक मनोनीत किए गए। स्वामी ने इनके अलावा जिला कार्यकारिणी में महामंत्री के रूप में नितिन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में श्रीनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा, संगठन मंत्री अंकित शर्मा, उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना भाई, समाजसेवी देवेंद्र सिंघल एवं संदीप रायजादा को नियुक्त किया गया।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल के गवर्नर संजीव ने की शिरकत

**मेरठ,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के क्लब द्वारा जोधपुर मेहरानगढ़ क्लब द्वारा होटल टर्मिन में गवर्नर डॉ. संजीव जैन की विजिट कराई गई। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नवीन सोनी, क्लब सेक्रेट्री डॉक्टर बबीता सिंह गुर्जर, डॉ. अलका जैन, लीला संचेती, विजय लक्ष्मी, ममता, सुमित्रा, मौसमी, कुसुम, साधना लक्ष्मी उद्योग के ओर के ओझा, राजेश, बनकट सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। गवर्नर की विजिट के दौरान क्लब द्वारा किए गए कार्यों का वर्णन डॉक्टर बबीता सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। उधर क्लब के गवर्नर ने क्लब को गांव और कच्ची बस्तियों से जोड़ने का सुझाव दिया।



# प्रभु स्मरण से ही सुधर जाता है जीवन भाव : भूषण महाराज

**मवाना,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 48वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मंत्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। शुक्रवार को स्वर्ण कलश आदर्श जैन, उदित जैन, अर्पित जैन शान्तिधारा नीतेश, सुनील, दीपक जैन, मोहित, नीरज जैन अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्वलन पूनम, अनुप्रेक्षा, प्राची, मेघा, सानवी, वामिका, ओसीना जैन ने किया। बा.ब्र. सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में गुरुवर 108 भावभूषण मुनिराज ने कहा कि- अपने बहुमूल्य जीवन को ऐसे व्यर्थ न गवांये क्योंकि यह जीवन प्रभु गुणगान के लिए मिला है। एक बार अपने मन से एकाग्र करके सोचना कि मैंने क्या खोया, क्या पाया। तो तुम्हें स्वतः आभास हो जाएगा कि अब तक तो मैंने कुछ भी नहीं पाया, मात्र खोया ही खोया है। समय अब भी है, जीवन को सुधारने का, सुख पाने का। प्रभु स्मरण करो, जीवन सुधर जाएगा। तदोपरान्त देव-शास्त्र-गुरु की पूजन आदिनाथ भगवान की पूजन के उपरांत विभिन्न प्रांतो से आए 285 परिवारों तीर्थंकरों को 48 अर्घ्य चढ़ा धर्मलाभ अर्जित किया। विधान के मध्य संगीत की मधुर लहरी पर सुनील जैन सर्राफ एवं सुशील जैन ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। 48वें दिन विधान का विसर्जन मधु जैन पंच परमेष्ठी की आरती का दीप प्रज्वलन अनीता जैन सुनीता जैन आदिनाथ भगवान की आरती का दीप प्रज्वलन सविता जैन आजाद जैन चौबीसों भगवान की आरती का दीप प्रज्वलन राजुल जैन के द्वारा किया गया। प्रश्नमंच के पश्चात् उपस्थित विजेताओं को विपिन जैन की ओर से पुरस्कार दे सम्मानित किया।

सुदीप शास्त्री ने किया मांगलिक मंत्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ

# शिवपाल के धमकी भरे वीडियो की होगी जांच

**बदायूं,** 5 मार्च (एजेंसियां)। बदायूं जिला प्रशासन समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के एक कथित रूप से धमकी भरे वायरल वीडियो की जांच करेगा। दरअसल, शिवपाल का एक कथित वीडियो जिले में वायरल हो रहा है जिसमें वह मंच से कह रहे हैं हम सबसे वोट मांगेगे, वोट दोगे तो ठीक नहीं तो बाद में हिसाब होगा।संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह वायरल वीडियो सहसवान विधानसभा क्षेत्र के कस्बा मुजरिया क्षेत्र का है जहां एक अप्रैल को सहसवान में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में जाते समय शिवपाल अपने काफिले के साथ कुछ देर को रुक थे और लोगों को संबोधित किया था। वायरल वीडियो में शिवपाल सिंह के साथ सहसवान सपा विधायक ब्रजेश यादव और शिवपाल के बेटे आदित्य यादव भी साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। जिलाधिकारी बदायूं मनोज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उन्होने भी वीडियो ट्रेस किया है।



## ऋषियों-मुनियों के पथ पर चलकर समाज को बुराइयों से दूर रखना चाहिए : चंद्रपाल

**फर्रुखाबाद,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी आवास विकास स्थित कार्यालय पर श्रेष्ठ मुनियों में श्रेष्ठ महर्षि कणश्यप एवं राजा निषादराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि हमारी सदियों से यह परंपरा रही है कि हम ऋषियों और मुनियों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का अनुसरण करते रहे हैं। हमें उनके पथ पर चलकर समाज को बुराइयों से दूर रखना चाहिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, कार्यक्रम के प्रभारी सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के के यादव, रामबाबू यादव,कश्मीर सिंह, अनिल यादव, श्रीपाल सिंह यादव, भूपेंद्र सिंह यादव, एमपी सिंह यादव, महेंद्र सिंह यादव, राजेंद्र सिंह यादव, नंदकिशोर दुबे वंदे मातरम, सर्वेश कुमार, छोटे सिंह यादव, शंभु दयाल, शिवम शर्मा, सह मीडिया प्रभारी अखिल कठेरिया आदि उपस्थित रहे।



सपाइयों ने श्रेष्ठ महामुनियों की मनाई जयंती

**जागरूक** | *मतदान के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक*

# मतदान केंद्र तक मतदाताओं को है पहुंचाना : श्रुति शर्मा

- रूद्र इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं को दिलाई मतदान की शपथ

**मेरठ,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। आज हिंदुस्तान तथा रेडियो चैनल के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप मेरठ के अंतर्गत आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ में आशीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया तथा मतदान शपथ ग्रहण कराई साथ ही छात्र-छात्राओं से यह किसने पत्र भी लिखवाया सुरेश देवी हेमचंद त्यागी सरस्वती इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार के द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया गया इसके साथ-साथ मवाना में रूद्र इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, आशीष गौतम, स्वीप कोर्डिनेटर डॉ. मेघराज सिंह पहुंचे। छात्र-छात्राओं से श्रुति शर्मा ने कहा कि आपको अपने साथ-साथ अपने क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक मतदाता को 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में भागीदारी करानी है कोई भी मतदाता आपके गली या मोहल्ले में ऐसा नहीं रहना चाहिए जो अपने मताधिकार का उपयोग न करें हमको अपने मताधिकार का प्रयोग किस लिए मिलता है तथा स्वीप का क्या कार्य होता है हमें मतदाताओं को जागरूक ही नहीं करना है हमें मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाना है तथा उन्हें एक मत का महत्व समझाना है साथ ही अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य के मत का उपयोग करना है यदि हम देश का विकास चाहते हैं तो हमें दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र सामान्य निर्वाचन के महापर्व को एक त्यौहार की तरह मनाना है जिस प्रकार से हम त्योहार से पहले तैयारी करते हैं इसी प्रकार हमें लोगों को जागरूक करना है लोगों में शैक्षिक रूप से एक भावना उत्पन्न होनी चाहिए कि एक वोट बहुत बड़ी ताकत होती है। इसके उपरांत सभी को शपथ ग्रहण कराई गई जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रथम राजेश कुमार तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार, डॉ. कौशर जहां ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सेल्फी स्टैंड का उद्घाटन किया उसके उपरांत समस्त कर्मचारियों ने सेल्फी ली।




## गोण्डा में सर्राफ लूटकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**गोण्डा,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यवसायी से हुई करीब 50 लाख के लूट का खुलासा कर पुलिस ने दो सगे भाई समेत चार आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान जवाबी गोली लगने से घायल एक आरोपी को घायलावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि गत 4 मार्च को कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के गुडाही बाजार में स्थित सर्राफा व्यवसायी विश्वनाथ साहू की दुकान में देर रात्रि में घुसकर तमंचे की नोंक पर बदमाशो ने लाखों की नगदी व जेवरात लूट लिये और फरार हो गये। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व पूछताछ के आधार पर प्रकाश में आये राघवेन्द्र, सत्येंद्र, सूरज और फरहान नामक बदमाशो की नारायनपुर माझा के पास घेराबन्दी की और पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाशो ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दीं। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी राघवेन्द्र को पैर में गोली लगी। पुलिस ने राघवेन्द्र के अलावा तीन अन्य लुटेरो को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूटी गई नगदी आभूषण वाहन व अन्य सामग्रियां बरामद कर ली।



# पश्चिमी यूपी की आठ सीटों पर भाजपा रालोद गठबंधन का पहला इम्तिहान

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण 19 अप्रैल को देश की कुल 102 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर भी वोटिंग होगी, इसमें रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा सीट शामिल है। इन सीटों पर एनडीए और इंडिया, दोनों ही गठबंधनों के गणित की परीक्षा होगी। पिछली बार यानि 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को तगड़ा झटका लगा था, आठ सीटों में से पांच पर बीजेपी को शिकस्त मिली थी लेकिन इस बार गठबंधनों की तस्वीर भी उलझी हुई है। आइए जानते हैं कि इन सीटों का क्या है सियासी समीकरण। भाजपा इस बार सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चुनावी मैदान में उतरी है और पार्टी के सामने जाटलैंड की कठिन जमीन पर कमल खिलाने की चुनौती है, इन सीटों पर 2019 के चुनाव में विपक्षी पार्टियां भारी पड़ी थीं लेकिन इस बार बदले हालात में एनडीए और विपक्षी इंडिया, दोनों गठबंधनों के समीकरण का भी टेस्ट होना है। जाटलैंड की मुजफ्फरनगर, नगीना जैसी सीटों पर भाजपा और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) गठबंधन का टेस्ट होगा। बीजेपी को आरएलडी से गठबंधन के बाद इस बेल्ट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है तो वहीं सपा को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के समर्थन से साइकिल दौड़ने की आस है। रामपुर, कैराना, बिजनौर जैसी सीटों पर पीडीए वाले समीकरण की परीक्षा होगी, ये सभी आठ सीटें ऐसी हैं जहां जाट के साथ ही पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक मतदाता चुनाव नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

**पीलीभीत:** इन 8 लोकसभा सभा चुनाव में पीलीभीत की सीट सबसे हॉट सीट बन गई है, क्योंकि वरुण गांधी का पत्ता बीजेपी ने साफ कर दिया है और कुछ साल पहले कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पीलीभीत को यूपी का पंजाब भी कहा जाता है, क्योंकि विभाजन के बाद पाकिस्तान से आये सिखों ने इसे आबाद किया, उत्तर प्रदेश का पीलीभीत जिला सबसे ज्यादा बाघों की तादाद के लिए जाना जाता है। इसके अलावा गोमती नदी के उद्गम जल, जंगल, जमीन से सजा ये जिला अपनी खूबसूरती के लिए देश दुनिया मे



■ लोकसभा चुनाव के पहले फेज में यूपी की इन 8 सीटों पर क्या है सियासी समीकरण

■ सहारनपुर में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे चुनावी रैली

विख्यात है। धान, गेंहू, गन्ना यहां की प्रमुख फसल है, लेकिन बात अगर राजनीति की करें तो यह क्षेत्र मेनका और वरुण गांधी के लोकसभा क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है, लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर यहां से जितने प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने भी यहां से कुर्मी बिरादरी पर दांव लगाया है, सपा ने भगवत शरण गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है। वैसे तो गांधी परिवार की छोटी बहू मेनका गांधी 1989 में यहां से पहली बार जीती थी। लगातार पांच यहां से मेनिका गांधी लोकसभा पहुंची। दो बार उनके पुत्र वरूण गांधी सांसद निर्वाचित हुए। इस बार भाजपा ने वरूण गांधी के स्थान पर प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जतिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला बना हुआ है।

**सहारनपुर:** भाजपा इस सीट पर पुराने चेहरे राघव लखनपाल को मैदान में उतारा है। भाजपा के लिए सहारपुर सीट सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई। भाजपा इस सीट को जीतकर पिछले चुनाव को हिसाब बराबर करना चाहेगी। इसी लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सहारनपुर में चुनावी जनसभा करने जा रहे हैं। अब देखना यह है कि मोदी सहारनपुर में रैली करके भाजपा के लिए जीत का मार्ग कैसे प्रशस्त कर पाएंगे।

मुस्लिम बहुल इस सीट पर दलित, अति पिछड़े की भी बड़ी तदाद है। सपा-बसपा से होकर कांग्रेस में वापस आए यहां के मशहूर काजी खानदान के वारिस इमरान मसूद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सियासी सफलता के लिए बेकरार है। बसपा ने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर जिला पंचायत सदस्य माजिद अली को प्रत्याशी बनाया है।

**कैराना:** हिंदुओ के पलायन को



लेकर चर्चा में आई पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कैराना सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार को मैदान में उतारा है। प्रदीप कुमार के सामने सपा से इकरा हसन और बसपा से श्रीपाल राणा का मुकाबला है। बसपा ने ठाकुर समाज से श्रीपाल राणा को मैदान में उतारकर लड़ाई त्रिकोणीय बना दिया है। मुस्लिम और गुर्जर बिरादरी की बड़ी आबादी के साथ जाट भी यहां चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते है। देखना यह होगा कि रालोद के साथ मिलकर भाजपा दोबारा यह सीट जीत पाती है, 2004 के बाद कैराना ने किसी एक दल के प्रत्याशी को लगातार दूसरी बार लोकसभा नहीं भेजा है।

**मुजफ्फरनगर:** इस सीट पर दो जाट चेहरे आमने-सामने है। जाट बहुल्य इस सीट पर रोचक मुकाबला होने के आसार है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान को हैट्रिक लगाने से रोकने के लिए सपा ने अनुभवी जाट नेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। बसपा ने यहां से दारा सिंह प्रजापति को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार संजीव बालियान मामूली अंतर छह हजार से जीत हासिल की है। अब देखना यह है कि इस बार रालोद से गठबंधन होने पर बालियान क्या हैट्रिक लगाने में कामयाब हो पाते हैं।

**बिजनौर:** पिछले लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा ने यह सीट रालोद को दी है। रालोद ने यहां से मीरापुर के विधायक और गुर्जर बिरादरी के चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने लोकदल छोड़कर आए जाट बिरादरी के बिजेंद्र सिंह तो सपा ने नूरपुर के विधायक राम अवतार सैनी के पुत्र दीपक सैनी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर भी मुस्लिम की बड़ी तदाद है।

**मुरादाबाद:** इस सीट से 2019 में सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन ने जीत हासिल की थी। सपा की ओर से प्रत्याशियों को बदले जाने और आखिरी समय तक गफलत का शिकार होने पर चर्चा में रही। सपा ने मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काट कर बिजनौर की पूर्व विधायक रूचिवीरा को मैदान में उतारा है। प्रत्याशी के बदले जाने से सपा खेमे में यहां गुटबाजी जमकर हाबी है। भाजपा रालोद गठबंधन से सर्वेश सिंह प्रत्याशी है। इस मुस्लिम बहुल सीट पर बसपा ने ठकुरद्वारा नगर पालिका अध्यक्ष मो. इरफान सैफी को उतारा है।

**रामपुर:** रामपुर लोकसभा सीट से सपा ने तुर्क बिरादरी के मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को मैदान में उतारा है। 50 फीसदी से अधिक मुस्लिम बहुल वाली रामपुर लोकसभा सीट पर बसपा ने यहां से पठान बिरादरी के जीषान खां को प्रत्याशी बनाया है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद घनश्याम लोधी पर भरोसा जताया है। अब देखना यह है कि सपा खेमे में मची उठापटक रामपुर लोकसभा सीट पर क्या गुल खिलाती है।

**नगीना:** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भी करीब 50 फीसदी मुस्लिम मतदाता है। पिछले चुनाव में मिली हार का बदला लेने के लिए भाजपा ने नहटौर के विधायक ओम कुमार को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने सेवानिवृत्ति अपर जिला जज मनोज कुमार और बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद ने यहां आकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है।

# बसपा के सामने अंबेडकर नगर सीट पर फिर जीत हासिल करने की चुनौती

**अंबेडकरनगर,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। कभी बसपा के लिए अभेद्य किला रहा उत्तर प्रदेश का अंबेडकरनगर जिला अब उसकी पकड़ से दूर हो गया है। यहां पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। बसपा छोड़कर आए सांसद रितेश पांडेय को भाजपा ने यहां अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने कांग्रेस संग इंडिया गठबंधन की ओर से कटेहरी विधायक लालजी वर्मा पर दांव लगाया है। बसपा ने कलाम शाह को अपना प्रत्याशी बनाया है।

राजनीतिक जानकार बताते हैं कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को यहां सपा के साथ गठबंधन का फायदा मिला था। इसी की बदौलत बसपा के उम्मीदवार रितेश पांडेय को तकरीबन 95 हजार वोटों से जीत मिली थी। वहीं, भाजपा के प्रत्याशी मुकुट बिहारी उपविजेता बने थे। उस चुनाव में बसपा कैडर के साथ ही सपा के वोट भी शामिल थे, लेकिन इस बार सपा-कांग्रेस सहित अन्य दलों का गठबंधन है। वहीं, बसपा अलग-थलग चुनाव मैदान में उतरी है।

कटेहरी के रामलाल कहते हैं कि इस जिले को बनाने में मायावती का बहुत बड़ा हाथ है। उन्होंने न सिर्फ इस जिले से चुनाव लड़ा बल्कि कई नेता भी दिए। उन्होंने विकास के क्षेत्र में बहुत काम किया है। लेकिन, कभी उनकी पार्टी में बड़े पदों पर रहे लोग आज दूसरी पार्टी में हैं। यही बसपा की कमजोरी है। लेकिन, उसका अपना एक वोट बैंक है। अंबेडकर नगर के रहने वाले दिनेश की मानें तो सिर्फ राशन नहीं सरकार को रोजगार के लिए भी सोचना चाहिए, जिससे यहां के नौजवान टिके रहें। इस सरकार में एक अच्छी बात है कि इसने बिजली पर भरपूर ध्यान दिया है। रामकली कहती हैं कि हमें तो राशन मिल रहा है। किसान निधि भी आ रही है। मकान भी बना है। सरकार ने बहुत कुछ किया है। निधि मिलने से खाद-बीज की समस्या का निदान हो गया है।

टांडा के रहने वाले किशोरी लाल कहते हैं कि विपक्षी



■ बसपा ने कलाम शाह को बनाया प्रत्याशी

■ युवाओं में रोजगार प्रमुख मुद्दा

दलों के नेताओं को सिर्फ जेल में डालने भर से काम नहीं चलेगा। स्थायी रोजगार के भी साधन देने होंगे। जलालपुर के रामस्वरूप कहते हैं कि इस सरकार में सनातन का झंडा बुलंद है। राममंदिर बन गया है, इसकी लहर चारों तरफ काम कर रही है। रितेश पांडेय भी अच्छी पार्टी में आ गए हैं। उनका एक अपना वोट बैंक है। जिसका उन्हें फायदा भी मिला है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक वीरेंद्र सिंह रावत कहते हैं कि अंबेडकरनगर लोकसभा में बसपा का अपना शुरू से जनाधार रहा है। इसी कारण बसपा प्रमुख ने इस जिले को अपनी राजनीतिक कर्मभूमि भी बनाई। उन्होंने वर्ष 1998 के आम चुनाव में यहां से लड़ने की घोषणा कर हलचल मचा दी थी। 1999 में फिर हुए चुनाव में भी मायावती ने इसी सीट को चुना। इस बार उन्होंने पिछले चुनाव से शानदार प्रदर्शन किया। बसपा प्रमुख ने वर्ष 2004 के चुनाव में भी अंबेडकरनगर का रुख किया। उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई और जीत का अंतर भी बढ़ाने में सफलता हासिल की।

# तीसरी बार जीत का झंडा फहराना भाजपा के लिए आसान नहीं

**गढ़चिरौली-चिमूर,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आए मध्य भारत के माओवादी प्रभावित क्षेत्र और बाघों के गढ़, गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी) आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में इस साल लोकसभा का चौथा चुनाव होने जा रहा है। नई गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी) सीट पर 2009 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ था। उस दौरान तीन बार के पूर्व विधायक और राज्य सरकार में पूर्व मंत्री कांग्रेस के मारोत्राव एस. कावासे भारी अंतर से चुने गए थे।लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली 2014 की भाजपा लहर में सब कुछ बदल गया। कावासे को भाजपा के अशोक नेते ने हरा दिया। उन्होंने 2019 में आसानी से यह उपलब्धि दोहराई और अब तीसरी बार जीत का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।नेते का मुकाबला महा विकास अघाड़ी-इंडिया ब्लॉक के कांग्रेस उम्मीदवार नामदेव डी. क्रिसन और प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के हितेश पी. मडावी के अलावा अखिल भारतीय भीम सेना (एबीबीएस) से है।

■ निर्वाचन क्षेत्र में सत्ता विरोधी लहर

■ कांग्रेस व वीबीए की मजबूत दावेदारी

मतदान 19 अप्रैल को है।निर्वाचन क्षेत्र में सत्ता विरोधी लहर और कांग्रेस व वीबीए की मजबूत दावेदारी के कारण नेते के लिए मुकाबला आसान नहीं है।2019 में, नेते ने कांग्रेस के नामदेव उसेंडी के खिलाफ 5.19 लाख वोट हासिल किए थे। उसेंडी को 4.42 लाख वोट मिला था। इसके अलावा वीबीए के रमेश गजबे और बीएसपी के एचएस मंगम को क्रमश: 1.11 लाख व 28 हजार वोट मिले थे। परिसीमन से पहले और 1967 के बाद से, यह सीट पांच बार कांग्रेस ने, चार बार भारतीय जनता पार्टी ने और एक बार पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (पीआरपीआई) ने जीती थी।इस क्षेत्र से चुने गए सबसे प्रमुख व्यक्ति विलास बी. मुत्तेमवार थे। वे सात बार के सांसद थे। उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव और डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में दो बार मंत्री के रूप में काम किया था।गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी) लोकसभा सीट छह विधानसभा क्षेत्रों से बनी है। इनमें से तीन पर भाजपा का व दो पर कांग्रेस का व एक पर अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का कब्जा है।)।

इनमें चिमूर (भाजपा विधायक बंटी भांगडिया), अरमोरी (एसटी) (भाजपा, विधायक कृष्णा गजबे), गढ़चिरौली (एसटी) (भाजपा विधायक देवराव होली), अहेरी (एसटी) (एनसीपी, विधायक धरमरावबाबा अत्राम), आमगांव (एसटी) (कांग्रेस विधायक सहसराम कोरोटे), और ब्रह्मपुरी (कांग्रेस विधायक और नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार) शामिल हैं। लाल आतंक के लिए कुख्यात गढ़चिरौली का नाम पिछले साल तब प्रमुखता में आया, जब जिले और निकटवर्ती चंद्रपुर से सर्वोच्च गुणवत्ता वाली सागौन की लकड़ी अयोध्या में भगवान राम मंदिर के निर्माण के लिए भेजी गई थी।

# चीन सीमा से सटे 25 गांवों के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का लिया निर्णय

**पिथौरागढ़/नैनीताल,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत-चीन सीमा से सटे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के 25 गांवों ने इस बार आम चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है। इन गांवों के हजारों ग्रामीण मुनस्यारी से भारतीय सेना को नहीं हटाये जाने से नाराज हैं।

मुनस्यारी विकास खंड के सरमोली के जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया के अनुसार चीन सीमा से सटे मुनस्यारी विकासखंड के 25 गांवों के ग्रामीण पिछले ढाई दशक से मुनस्यारी के बलाती फार्म और खलिया टॉप से भारतीय सेना को हटाये जाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारतीय सेना यहां लगातार अपना विस्तार कर रही है जिससे इस क्षेत्र की जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन प्रभावित हो रहे हैं। खासकर पेयजल स्रोत दूषित हो रहे हैं। अल्पाइन हिमालय वाले इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण किया जाना असुरक्षित है।

**बलाती फार्म और खलिया टॉपसे भारतीय सेना को न हटाए जाने से नाराज**

सरकारी महकमों की ओर से भी लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है। मर्तोलिया ने आगे बताया कि ग्रामीण वर्ष 1999 से ही बलाती फार्म और खलिया टॉप से सेना को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन शासन और प्रशासन की ओर से उनकी मांग की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसलिये बूंगा, सरमोली, मल्ला घोरपट्टा, तल्ला घोरपट्टा, बनियागांव, कवाधार पापड़ी, सेरा सुराईधार, दराती, खसियाबाड़ा, सुरिंग, जलथ, दरकोट, दुम्मर, हरकोट, धापा, लास्पा, मिलम, सांईपोलू, पातो, बुई एवं ढिमढिमिया के 12000 मतदाताओं ने इस बार आम चुनाव से दूरी बनाने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों की ओर से यह भी तय किया गया है कि 11 से 17 अप्रैल तक चुनाव बहिष्कार को लेकर क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाये जाये। इस अभियान के संचालन के लिए उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर अनुमति भी मांगी है।

# सारण के परसा में रोहिणी आचार्य ने किया रोड शो

**छपरा,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। सारण में राजद कोटे से उम्मीदवार लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य का रोड शो परसा विधानसभा क्षेत्र में किया। परसा में महिलाओं के समूह ने रोहिणी आचार्य द्वारा पिता को किडनी देने को लेकर उनसे काफी प्रभावित दिखीं। महिलाओं ने कहा इस बार सारण को बेहतर उम्मीदवार मिला है, पहली बार महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला उम्मीदवार सारण को मिला है। महिलाओं ने कहा कि रोहिणी को जिता कर भेजना हमारी जिम्मेवारी है। वहीं, जगह जगह रोहिणी के ऊपर फूलों की वर्षा की गई। रोहिणी आचार्य ने कहा कि सारण में लग रहा है कि मेरा मायके है और आजीवन सारण की जनता की सेवा करना चाहती हूं। उन्होंने आगे कहा कि अपने पिता, माता एवं भाई की तरह छपरा के देवता तुल्य जनता मुझे आशीर्वाद प्यार दे रही है। इससे लग रहा है कि दूर-दूर तक बीजेपी टक्कर में नहीं है। इस बार सारण की जनता शिक्षा रोजगार नौकरी पर वोट करेगी, हवा हवाई नेता का इस बार सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# त्रिपुरा में दोनों लोस सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला


**अगरतला,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। त्रिपुरा की दोनों लोकसभा सीटों-पश्चिमी त्रिपुरा और पूर्वी त्रिपुरा-पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सही संख्या नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख यानी आठ अप्रैल के बाद पता चलेगी लेकिन 19 और 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव में दोनों ही सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। अब तक 18 उम्मीदवारों ने दोनों लोकसभा सीटों के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। पश्चिमी त्रिपुरा और पूर्वी त्रिपुरा दोनों में नौ-नौ उम्मीदवारों के साथ हालांकि मुख्य लड़ाई भारतीय जनता पार्टी और इंडिया समूह के उम्मीदवारों के बीच ही होगी। राज्य में 32,218 नए मतदाताओं सहित 28.56 लाख मतदाता अपनी पसंद का नेता चुनने के लिए 793 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पश्चिम त्रिपुरा में जहां भाजपा ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव को मैदान में उतारा है वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा त्रिपुरा में आठ पार्टियों के इंडिया समूह के सर्वसम्मत उम्मीदवार हैं। पूर्वी त्रिपुरा (सुरक्षित) सीट पर भाजपा ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले की निवासी एवं टीआईपीआरए मोथा के संस्थापक एवं शाही वंशज प्रद्योत किशोर देववर्मा की बड़ी बहन कृति सिंह देबबर्मा को उम्मीदवार बनाया। वहीं इंडिया समूह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ आदिवासी नेता राजेंद्र रियांग को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2019 के संसदीय चुनावों में, तीन महिलाओं सहित 23 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे और भाजपा उम्मीदवार प्रतिमा भौमिक ने 51.77

**18 उम्मीदवारों ने दोनों लोकसभा सीटों के लिए दाखिल किया नामांकन**



प्रतिशत वोट हासिल करके पश्चिम त्रिपुरा सीट जीती जबकि रेवती त्रिपुरा ने 46.12 प्रतिशत वोट प्राप्त करके पूर्वी त्रिपुरा सीट जीती। पर भाजपा ने इस बार दोनों को हटा दिया और नए चेहरे ले आई। छत्तीसगढ़ से होने के कारण कृति सिंह देववर्मा की उम्मीदवारी पर विवाद के बीच मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. माणिक साहा ने उनकी उम्मीदवारी का बचाव किया और दावा किया कि उनकी जड़ें त्रिपुरा में हैं क्योंकि वह त्रिपुरा शाही परिवार की वंशज तथा महाराजा किरीट विक्रम देववर्मा की बेटी हैं। विप्लव कुमार देव के मामले में भाजपा नेताओं ने दावा किया कि उन्होंने मई 2022 तक चार साल तक मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की सेवा की है और वह त्रिपुरा के लोगों के लिए एक जाना पहचाना चेहरा हैं। चुनाव अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा ने शुक्रवार को लोकसभा और अगरतला के रामनगर उपचुनाव के लिए 40 सदस्यीय स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। सूची के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह त्रिपुरा में रैलियों को संबोधित करेंगे जिसकी शुरुआत 10 अप्रैल को श्री शाह की रैली के साथ यहां होने वाली है।

इसके अलावा प्रचारकों की सूची में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, पूर्व उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा, सर्वश्री नितिन गडकरी, सर्वानंद सोनोवाल, किरेन रिजिजू, मिथुन चक्रवर्ती और शुभेंदु अधिकारी भी शामिल हैं।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 2.09 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.56 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.41 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.21 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.67 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 1.82 प्रतिशत |
| एलटी | 1.54 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.28 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.25 प्रतिशत |
| मारुति | 1.21 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 69,908 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# अब यूपीआई के माध्यम से भी बैंक खातों में जमा करा सकेंगे रुपए

■ पीपीआई धारक बैंक खाताधारकों की तरह यूपीआई भुगतान करने में सक्षम होंगे

**मुंबई,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए इस पर उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब ग्राहक यूपीआई के माध्यम से भी बैंक खातों में रुपए जमा करा सकेंगे।आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि बैंकों द्वारा लगाई गईं नकदी जमा मशीनें (सीडीएम) बैंक शाखाओं पर नकदी-हैंडलिंग भार को कम करते हुए ग्राहक सुविधाओं को बढ़ाती हैं। नकद जमा की सुविधा वर्तमान में केवल डेबिट कार्ड के उपयोग के माध्यम से उपलब्ध है। यूपीआई की लोकप्रियता और स्वीकार्यता को देखते हुए तथा एटीएम पर कार्ड-रहित नकदी निकासी के लिए यूपीआई की उपलब्धता से देखे गए लाभों को ध्यान में रखते हुए अब यूपीआई के उपयोग के माध्यम से नकद जमा की सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। दास ने बताया कि वर्तमान में यूपीआई से भुगतान बैंक के यूपीआई ऐप के माध्यम से बैंक खाते को लिंक करके या किसी तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करके किया जा सकता है। हालांकि पीपीआई के लिए वही सुविधा उपलब्ध नहीं है। पीपीआई का उपयोग वर्तमान में केवल पीपीआई जारी करने वाले के एप्लिकेशन का उपयोग करके यूपीआई लेनदेन करने के लिए किया जा सकता है। पीपीआई ग्राहकों को और अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए अब तीसरे पक्ष के यूपीआई के इस्तेमाल के माध्यम से पीपीआई को जोड़ने की अनुमति देने का प्रस्ताव है।



यूपीआई से भुगतान बैंक के यूपीआई ऐप के माध्यम से बैंक खाते को लिंक करके या किसी तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करके किया जा सकता है : शक्तिकांत दास

## सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में पात्र विदेशी निवेशक भी कर सकेंगे निवेश

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बाद अब पात्र विदेशी निवेशकों को भी सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड (एसजीआरबी) में निवेश करने की अनुमति दे दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक छात्रावास नीति की घोषणा करते हुए बताया गया कि वित्त वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में की गई एक घोषणा के आधार पर केंद्र सरकार ने जनवरी 2023 में एसजीआरबी जारी किए। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकारी उधारी कैलेंडर के हिस्से के रूप में एसजीआरबी भी जारी किए गए थे। वर्तमान में सेबी में पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश के लिए उपलब्ध अलग-अलग रूट के तहत एसजीआरबी में निवेश करने की अनुमति है। एसजीआरबी में व्यापक प्रवासियों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में पात्र विदेशी निवेशकों को भी ऐसे बॉन्ड में निवेश करने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। सरकार और आईएफएससी प्राधिकरण के परामर्श से आईएफएससी में पात्र विदेशी निवेशकों द्वारा एसजीआरबी में निवेश और व्यापार के लिए एक योजना अलग से अधिसूचित की जा रही है।

## रिटेल डायरेक्ट स्कीम के निवेशकों के लिए आरबीआई लाएगा मोबाइल ऐप

**मुंबई।** आरबीआई रिटेल डायरेक्ट स्कीम के निवेशकों के लिए सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने और बेचने की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन शीघ्र लॉन्च करेगा। शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बताया कि नवंबर 2021 में लॉन्च की गई रिटेल डायरेक्ट स्कीम व्यक्तिगत निवेशकों को आरबीआई के साथ गिल्ट खाते बनाए रखने और सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने की सुविधा देती है। यह योजना निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में प्रतिभूतियां खरीदने के साथ-साथ एनडीएस-ओएम प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रतिभूतियां खरीदने और बेचने में सक्षम बनाती है। प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए रिटेल डायरेक्ट पोर्टल का एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया जा रहा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह बढ़ कर पहली बार 645 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.951 अरब डॉलर बढ़कर 645.583 अरब डॉलर हो गया। इसमें विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.354 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 570.618 अरब डॉलर और सोने का भंडार 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.160 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह बढ़ा है। इससे पहले 22 मार्च तथा 15 मार्च को समाप्त सप्ताहों में भी इसने रिकॉर्ड बनाया था और क्रमश: 642.631 अरब डॉलर तथा 642.492 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से आरबीआई को रुपए के अस्थिर होने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश मिलती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि आरबीआई रुपए को भारी गिरावट से बचाने के लिए अधिक डॉलर जारी कर हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य



तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट उतरकर 4550 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.05 सेंट की तेजी के साथ 48.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# टेस्ला भारत में आने व निर्माण करने के लिए तैयार

■ फैक्ट्री के लिए जमीन तलाश रही कंपनी

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। 2015 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में टेस्ला सुविधा का दौरा किया था और एलन मस्क उन्हें अपने इलेक्ट्रिक कार प्लांट के दौरे पर ले गए थे और पीएम को आश्वस्त किया था कि इलेक्ट्रिक वाहन बनने जा रहे हैं। लगभग एक दशक बाद टेस्ला भारत में आने और निर्माण करने के लिए तैयार है।

टेक अरबपति अंतत: देश में 2-3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थान की तलाश के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेज रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि टेस्ला के सीईओ के दिमाग में सबसे ऊपर तीन राज्य हैं - गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु - जिनके पास ईवी बुनियादी ढांचा है, साथ ही बंदरगाह भी हैं, जो इलेक्ट्रिक कार की दिग्गज कंपनी के लिए कारों का निर्यात करना आसान बनाते हैं। मस्क को टेस्ला गीगाफैक्ट्री स्थापित करने और बाकी दुनिया में ईवी निर्यात करने के लिए भारत को अपने अगले बड़े गंतव्य के रूप में देखने के लिए मनाने में पीएम मोदी के लगातार प्रयासों का श्रेय जाता है। प्रधानमंत्री ने मस्क को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश के लिए भारत में अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। मस्क ने भारत में अपनी आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की खोज शुरू कर दी, जिससे सस्ती इलेक्ट्रिक कारें तैयार की जा सकें। जिनकी कीमत 20 लाख रुपए से भी शुरू हो सकती है।




पीएम मोदी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि निवेश से होने वाला लाभ भारत को मिले : एलन मस्क

## सार संक्षेप

### सीन ह्यूनिल सोहन इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त

**नई दिल्ली।** इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी (आईडीजीएस) ने बीजीएमआई डेवलपर क्राफ्टन इंडिया के सीईओ सीन ह्यूनिल सोहन को अपना नया वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। आईडीजीएस ने शुक्रवार को कहा कि वीपी के रूप में सोहन भारत में डिजिटल गेमिंग के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वह गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर समावेशिता, विविधता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों को चलाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे। सीन ह्यूनिल सोहन ने कहा कि यह भूमिका भारत में गेमिंग उद्योग के विकास में योगदान करने का एक जबरदस्त अवसर प्रस्तुत करती है। मैं इनोवेशन, समावेशिता को बढ़ावा देने और भारत में गेमिंग इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। वह उन नीतियों की वकालत करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे जो गेमिंग उद्योग की निरंतर वृद्धि का समर्थन करती हैं और इसके सामाजिक प्रभाव को बढ़ाती हैं।

### ब्लिंकिट अपने प्लेटफॉर्म पर सोनी प्लेस्टेशन-5 बेचेगा

**नई दिल्ली।** जोमैटो के मालिकाना हक वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट ने कहा कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर प्लेस्टेशन-5 बेचने के लिए सोनी के साथ सहयोग करेंगे। कंपनी 5 अप्रैल को अपने प्लेटफॉर्म पर प्लेस्टेशन-5 लॉन्च करेगी। ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्लेस्टेशन 5 ब्लिंकिट पर शुक्रवार से लॉन्च हो रहा है। इस साल की शुरुआत में, सैमसंग ने देश में अपनी नई लॉन्च की गई गैलेक्सी एस24 सीरीज की डिलीवरी के लिए ब्लिंकिट के साथ साझेदारी की थी। कंपनी ने उस समय कहा था कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई में रहने वाले ग्राहक ब्लिंकिट पर गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24 प्लस और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन ऑर्डर कर सकते हैं और 10 मिनट से भी कम समय में फोन की डिलीवरी पा सकते हैं।

### एसजेवीएन को 15वां विश्वकर्मा पुरस्कार

**नई दिल्ली।** सरकार की क्षेत्र की कंपनी सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएन) को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए शुक्रवार को निर्माण उद्योग विकास परिषद (सीआईडीसी) के 15वें विश्वकर्मा पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया। विद्युत मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी को इस पुरस्कार के तहत सीआईडीसी पार्टनर्स इन प्रोग्रेस ट्रॉफी और 'सामाजिक विकास एवं समाज पर सकारात्मक-प्रभाव सृजित करने के लिए पुरस्कार' से सम्मानित किया है। सीआईडीसी-विश्वकर्मा पुरस्कार राष्ट्र के स्वस्थ विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संगठनों और व्यक्तियों को दिया जाता है।

# गिरावट के दबाव में कमजोर रहा शेयर बाजार का प्रदर्शन

■ सेंसेक्स 20.59 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,248.22 पर
■ निफ्टी गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर सपाट बंद

**मुंबई,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में ब्याज दर समायोजन को लेकर कायम अनिश्चितता से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के करीब आधी फीसदी तक टूटने से आज शेयर बाजार का रुख कमजोर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.59 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,248.22 अंक पर रहा। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में हुई लिवाली ने बाजार को संभाला। इस दौरान मिडकैप 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,830.54 अंक और स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत मजबूत होकर 46,032.71 अंक के सार्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 3948 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2424 में लिवाली जबकि 1424 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 20 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 28 में गिरावट रही।


विश्लेषकों के अनुसार, कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां सामने आई हैं, जो शेयर बाजार को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं। पहली ईरान और इजराइल के बीच झड़प और दूसरी चिंता यह है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से अपेक्षित दर में कटौती तीन से कम हो सकती है और पहली कटौती अक्टूबर में ही संभव हो सकती है। अमेरिका में आज जारी होने वाले रोजगार आंकड़ों का नीतिगत दरों के निर्धारण पर असर रहेगा।

मध्य-पश्चिम की झड़पों ने ब्रेंट क्रूड को 91 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ा दिया है। यदि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रही तो यह भारत के लिए व्यापक प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न कर सकता है। इससे बीएसई के नौ समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इनमें कमोडिटीज 0.10, ऊर्जा 0.02, आईटी 0.44, ऑटो 0.17, कैपिटल गुड्स 0.22, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.05, धातु 0.11, तेल एवं गैस 0.15 और टेक समूह के शेयरों में 0.51 प्रतिशत की गिरावट शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.94, जर्मनी का डैक्स 1.60, जापान का निक्केई 1.96, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.01, हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 59 अंक की बढ़त के साथ 74,287.02 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,946.92 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में अल्ट्रासिमको 1.82, एलटी 1.54, भारती एयरटेल 1.28, बजाज फाइनेंस 1.25, मारुति 1.21, टेक महिंद्रा 1.20, एशियन पेंट 1.18, टाइटन 0.75, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.70, टीसीएस 0.64, टाटा मोटर्स 0.49, इंफोसिस 0.48, विप्रो 0.47, रिलायंस 0.22, एनटीपीसी 0.10 और टाटा स्टील 0.03 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, कोटक बैंक 2.09, बजाज फिनसर्व 1.56, एचडीएफसी बैंक 1.41, आईटीसी 1.21, एसबीआई 0.67, इंडसइंड बैंक 0.66, आईसीआईसीआई बैंक 0.51, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.48, एचसीएल टेक 0.38, पावरग्रिड 0.25, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.09 और एक्सिस बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत मजबूत रहे।




## दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री में 25 फीसदी की गिरावट

**सोल,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। शुक्रवार को जारी हुए मार्केट रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया में पहली तिमाही में इलेक्ट्रिकल व्हीकल की बिक्री में 25 फीसद की गिरावट दर्ज की गई, जबकि गैसोलीन हाइब्रिड मॉडल की बिक्री में 46 फीसद की तेजी आई है। कार्ल्स यू ने एक बयान में कहा कि जनवरी से लेकर मार्च तक इलेक्ट्रिक व्हीकल का रजिस्ट्रेशन पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में 34,186 से गिर कर 25,550 तक आ गया। बयान में आगे कहा गया कि ऐसा पहली बार हुआ है जब इलेक्टिक व्हिकल की बिक्री में तेज गिरावट दर्ज की गई। इसके विपरीत, पहली तिमाही में गैसोलीन हाइब्रिड वाहन की बिक्री एक साल पहले के 68,249 से बढ़कर 99,832 इकाई हो गई। हालांकि मार्च तिमाही में गैसोलीन से चलने वाले वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 241,742 से 19 प्रतिशत गिरकर 196,472 इकाई रह गई। वहीं, डीजल कार की बिक्री में भी गिरावट देखने को मिली है। डीजल कार की बिक्री में 56 फीसद की गिरावट आई। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने कहा है कि ऊंची कीमतों की वजह से इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री पूरे वर्ष सुस्त बनी रहेगी।



## लोगों को एआई से जोड़ने के लिए 527 मिलियन डॉलर खर्च करेगा दक्षिण कोरिया

**सियोल,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया लोगों के जीवन में आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस लाने के लिए 710.2 बिलियन वॉन खर्च करेगा। विज्ञान मंत्रालय ने गुरुवार को ये जानकारी दी।

विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, एआई रणनीति के लिए गठित



सरकारी पैनल ने इस मुद्दे पर अपनी पहली बैठक बुलाई, जिसमें 69 एआई परियोजना को मंजूरी दी गई। लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए 18 कार्यक्रमों पर लगभग 75.5 बिलियन वॉन खर्च किए जाएंगे, 288.1 बिलियन वॉन 24 कार्यस्थल-संबंधित परियोजनाओं के लिए और 115.7 बिलियन वॉन 14 सार्वजनिक प्रशासन के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, 230.0 बिलियन वॉन को एआई एजुकेशन के लिए अलग से आवंटित किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि सरकार सार्वजनिक सेवाओं में एआई का लाभ उठाना चाहती है, जिसमें विकलांग व्यक्तियों के लिए सूचना और संचार सहायता का वितरण, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का प्रावधान और दृष्टिहीन परिवारों के लिए सहायता शामिल है। सरकार का लक्ष्य कानून, चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसे क्षेत्रों के लिए विशेष एआई सेवाओं को विकसित कर विभिन्न उद्योगों में एआई को तैनात करना भी है।

# इंडोसोल सोलर का आंध्र प्रदेश में पीवी मॉड्यूल उत्पादन शुरू

■ विनिर्माण को बढ़ावा देने की पीएलआई के तहत स्थापित की जा रही परियोजना
■ पहले चरण के लिए कंपनी को आवंटित की गई 30 एकड़ भूमि
■ पूरी परियोजना को 2028 तक पूरी तरह विकसित करने की योजना

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। सौर ऊर्जा माड्यूल विनिर्माता इंडोसोल सोलर ने कहा है कि उसने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में रामायपट्टनम में पहली पूरी तरह से एकीकृत क्वार्ट्ज से सोलर मॉड्यूल विनिर्माण परियोजना के प्रारंभिक चरण में पीवी मॉड्यूल का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी की एक विज्ञपति के अनुसार परियोजना के प्रथम प्रारंभिक चरण में वार्षिक 500 मेगावाट क्षमता के पीवी माड्यूल की विनिर्माण क्षमता के लिए 1,300 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह परियोजना घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की भारत की महत्वाकांक्षी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत स्थापित की जा रही है। कंपनी ने कहा है कि




इस साल 31 मार्च को इस सुविधा का चालू होना, बेहतर गुणवत्ता वाले सौर उत्पाद प्रदान करने की इंडोसोल की प्रतिबद्धता और आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने की इसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पहले चरण के लिए कंपनी को 30 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इस संयंत्र के पहले चरण में ग्लास-ग्लास और ग्लास-बैक शीट संयोजनों के साथ 500 मेगावाट के पूरी तरह से स्वचालित, सौर पीवी मॉड्यूल का निर्माण करने के लिए सुसज्जित है, जिसमें टॉपकान (टनल ऑक्साइड निष्क्रिय संपर्क) और एचजेटी (हेटरोजंक्शन टेक्नोलॉजी) मॉड्यूल बनाने की क्षमताएं शामिल हैं। परियोजना पूरी तरह स्थापित हो जाने के बाद यह दुनिया का पहला पूरी तरह से एकीकृत क्वार्ट्ज-टू-मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र होगा और इसकी पूरी क्षमता 30,000 अपस्ट्रीम और 20,000 मेगावाट डाउनस्ट्रीम सुविधाओं के निर्माण की होगी। पूरी परियोजना को 2028 तक पूरी तरह विकसित करने की योजना है। इस एकीकृत परियोजना के लिए 8,348 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी जिसमें सहायक उद्योग, टाउनशिप, सड़क और बिजली जैसे सामान्य बुनियादी ढांचे के लिए जगह होगी तथा 33 प्रतिशत हरित क्षेत्र शामिल होगा। इसमें कैप्टिव बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक भूमि शामिल नहीं है। इंडोसोल सोलर की प्रवर्तक कंपनी शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शरत चंद्र ने कहा कि एक बार जब हमारी एकीकृत परियोजना पूरी तरह चालू हो जाएगी तो इंडोसोल सोलर आंध्र प्रदेश राज्य में 32,000 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करते हुए 100,000 लोगों पर सकारात्मक आर्थिक प्रभाव डालेगा। शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने इस परियोजना के लिए इंडोसोल सोलर की स्थापना की है। उसे यहां उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना के तहत दो हिस्सों में कुल 10 गीगावॉट क्षमता की सुविधा के लिए सरकार से कुल 5,170 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

# खेल जगत

## सूर्यकुमार आगामी मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे

**मुम्बई।** टी-20 टीम के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रविवार को वानखेड़े में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले वाले मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। हालांकि उनके फिटनेस की पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव शुक्रवार को मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। उन्होंने फिटनेस की मंजूरी नहीं मिलने के कारण अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कोई मैच नहीं खेला है। इस वर्ष की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबरने के लिए वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में थे। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी भी करानी पड़ी थी जिसके कारण वह घरेलु मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गये थे।



## आज बेंगलुरू को मिलेगी राजस्थान की चुनौती

# जीत पर होगी राजस्थान रॉयल्स की निगाहें

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। रंग में चल रहे रेयान पराग के दो अर्धशतकों, कप्तान संजू सैमसन के एक अर्धशतक के साथ रफ्तार चतुर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (छह विकेट) की अगुआई में रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट (पांच विकेट) और नेंड्रे बर्गर (पांच विकेट) गेंदबाजी इकाई के रूप में दमदार प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपने शुरू के तीनों मैच जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स की निगाहें दमदार प्रदर्शन कर अपने घर जयपुर में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को हरा जीत के चौके के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने पर लगी हैं। वहीं आरसीबी की कोशिश जयपुर में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के विजय रथ को रोक जीत की राह पर लौटने की है। बेशक आरसीबी के लिए राजस्थान रॉयल्स के घरेलू मैदान पर उसके दर्शकों के सामने यह आसान नहीं होगा लेकिन वह इसकी कोशिश तो जरूर करेगी। आरसीबी के लिए सबसे बड़ी चुनौती मेजबान राजस्थान रॉयल्स के रंग में चल रहे रेयन पराग को रोकने की होगी। आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स से पिछले संस्करणों में दोनों मैचों सहित उससे पिछले पांच में से तीन मैच जीते हैं। राजस्थान रॉयल्स का अपनी मौजूदा फॉर्म के आधार पर आरसीबी के खिलाफ पड़ा भारी है।

विराट कोहली चार मैचों में दो अर्द्धशतक सहित मौजूदा संस्करण में शुरू के चार मैचों में कुल सबसे ज्यादा 203 रन बनाने के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को शुरू में एकमात्र जीत अपने घर बेंगलुरू में पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट से ही दिला पाए हैं। आरसीबी ने सीएसके के हाथों चेन्नई में छह विकेट से हार से आगाज किया और पिछले दो मैचों में बेंगलुरू में केकेआर से सात विकेट से और लखनउ सुपर जायंटस से 28 रन से हार गई थी। आरसीबी की चार मैचों में से अब तक तीन में हार का बड़ा कारण उसके शीर्ष क्रम में विराट कोहली को छोड़ कर खासतौर पर कप्तान फॉफ डू प्लेसी, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन का बल्ले से एकदम नाकाम रहना है। आरसीबी के बल्लेबाजों में शीर्ष क्रम में अकेले विराट और आखिर के मारधाड़ वाले ओवर में दिनेश कार्तिक की संक्षिप्त आक्रामक और पहले मैच में अनुज रावत 48 रन की पारी खेल पाए हैं। आरसीबी के बल्लेबाजों का राजस्थान के बोल्ट, बर्गर, आवेश, चहल और आवेश जैसे गेंदबाजों के खिलाफ कड़ा इम्तिहान होगा,

आरसीबी के लिए कोढ़ में खाज उसके तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (तीन विकेट), यश दयाल (चार विकेट), ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल(चार विकेट)तथा ग्रीन (तीन विकेट) और रीस टॉप्ले ( एक विकेट) गेंदबाजी इकाई के रूप में नाकाम रहना है। एक दिलचस्प बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की बीते बरस भारत में आईसीसी वन डे विश्व कप के मौजूदा आईपीएल में खेल रहे आरसीबी के लिए खेलने वाले ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और ग्रीन सहित आधा दर्जन से ज्यादा खिलाड़ियों में डेविड वॉर्नर व ट्रेविज हेड को छोड़ ज्यादातर शुरूआती चरण में नाकाम रहे हैं। आरसीबी को जीत की राह पर लौटना तो विराट के साथ फाफ डू प्लेसी, मैक्सवेल और ग्रीन को बल्ले से धमाल करना जरूरी है। रेयान पराग (कुल 181 रन) विराट के बाद रन बनाने में दूसरे स्थान पर हैं। यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर की सलामी जोड़ी के एकदम फ्लॉप रहने के बावजूद रेयन पराग ने सही वक्त पर चौकों और छक्कों की बारिश कर अपनी टीम को शुरू के दो मैचों में अपने घर जयपुर में बड़े स्कोर तक पहुंचाने के बाद उसे पहले लखनउ सुपर जायंटस पर 20 रन से और दिल्ली कैपिटल्स पर दूसरे मैच में 12 रन से जीत दिलाई। रफ्तार के सौदागर बोल्ट और चतुर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के चटकाए तीन तीन विकेट तथा रेयन पराग के तूफानी अर्द्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को उसके वानखेड़े स्टेडियम के घरेलू मैदान में छह विकेट से करारी शिकस्त दी। रेयन पराग पर राजस्थान रॉयल्स ने जो भरोसा दिखाया वह उस पर मौजूदा सीरीज में पूरी तरह खरे उतरे हैं और क्रिकेट के जानकारों को उनकी बल्लेबाज भारत और मुंबई इंडियंस के फिलहाल ऑपरेशन के बाद फिट होने में जुटे विस्फोटक सूर्य कुमार यादव की छाप दिखाई दे रही है। आरसीबी के यशस्वी जायसवाल और बटलर की सलामी जोड़ी के साथ शेमरॉन हेटमायर की कोशिश भी फिलहाल अपनी लय पाने को जूझती आरसीबी की गेंदबाजी के खिलाफ लय पाकर राजस्थान रॉयल्स को जीत के चौके साथ शीर्ष पर पहुंचा कर उसकी आगे की राह आसान करने की होगी। राजस्थान रॉयल्स के लिए खासतौर पर शुरू के ओवर में ट्रेंट बोल्ट व नैंड्रे बर्गर जैसे रफ्तार के सौदागरों और बीच के ओवर में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन व तेज गेंदबाज आवेश खान तथा आखिर के ओवर में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और संदीप शर्मा से गेंदबाजी कराने की रणनीति अब तक कारगर रही है। खासतौर पर चहल ने आखिर के ओवर में प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों को रनों के लिए तरसाने के साथ विकेट चटकाए हैं उससे आरसीबी के लिए बड़ा स्कोर खड़ा करना एक मुश्किल चुनौती जरूर होगा।



■ आरसीबी को जीतना है तो विराट के साथ गेंदबाजों को भी दिखानी होगी धार

■ राजस्थान के रेयान पराग को रोकना आरसीबी के लिए बड़ी चुनौती

आईपीएल 2024

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए तैयार

**पर्थ,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष टीम रोमांचक हॉकी मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से है। सीरीज का पहला मैच शनिवार को पर्थ में खेला जाएगा। पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों का यह अंतिम पड़ाव है। सीरीज में उनके प्रदर्शन के स्तर को ऊपर उठाने की उम्मीद जगाई है। मुख्य कोच क्रेग फल्टन इस दौरे के महत्व को व्यक्त करते हुए कहते हैं, यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले हमारी टीम की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाना और सुधार के क्षेत्रों की पहचान



पेरिस ओलंपिक 2024

7, 10, 12 और 13 अप्रैल को होने वाले अन्य चार मैचों के साथ, प्रशंसक उच्च स्तरीय हॉकी का लुत्फ उठाएंगे। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने शानदार प्रदर्शन से ताजा, जहां उन्होंने भुवनेश्वर और राउरकेला में अपना दबदबा दिखाया, भारतीय टीम, जिसका नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह कर रहे हैं, एक शानदार प्रतिष्ठा के साथ इस श्रृंखला में प्रवेश कर रही है। भुवनेश्वर में चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की और राउरकेला में अजेय क्रम बनाए रखते हुए, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम शीर्ष पर हैं। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इसी भावना को व्यक्त करते हुए घोषणा की, हम आगे आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। हर मैच हमारे लिए अपना कौशल दिखाने और अपने देश को गौरवान्वित करने का एक अवसर है। हम ऑस्ट्रेलिया द्वारा पेश की जाने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा से अवगत हैं, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं और अपनी तैयारियों पर भरोसा है। पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को भारत के साथ ग्रुप बी में शामिल किया गया है, इसलिए दांव पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।

## पांड्या ने श्री सोमनाथ महादेव के किए दर्शन

**सोमनाथ,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर और मुंबई



इंडियंस टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने ज्योतिर्लिंग देवो के देव श्री सोमनाथ महादेव के शुक्रवार को दर्शन किये। श्री सोमनाथ ट्रस्ट के महाप्रबंधक विजय सिंह चावड़ा ने इस अवसर पर श्री पंड्या को महादेव का स्मृति चित्र एवं प्रसाद भेंट कर अभिवादन किया। मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान हार्दिक ने सोमनाथ महादेव को पूजा सामग्री अर्पित की, जलाभिषेक किया एवं सोमेश्वर महापूजा और ध्वजा पूजा की।

# पंजाब किंग्स के उभरते सितारे हैं शशांक और आशुतोष

**अहमदाबाद,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स की गुजरात जायंट्स पर रोमांचक जीत से न केवल टीम का मनोबल बढ़ा है, बल्कि उसकी दो उभरती प्रतिभाओं शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की क्षमता का भी क्रिकेट जगत को नजारा देखने को मिला। शशांक ने 29 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए, जबकि आशुतोष ने 17 गेंदों में 31 रनों का योगदान दिया, दोनों बल्लेबाजों के बीच 22 गेंदों में 43 रनों की साझेदारी हुई जिससे पंजाब ने 200 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा सफलतापूर्वक किया।

32 वर्षीय बैटिंग ऑलराउंडर शशांक ने मैच के बाद कहा कि मैंने ऐसे क्षणों की कल्पना की थी लेकिन इसे हकीकत में बदलकर मैं बहुत खुश हूं और मुझे खुद पर गर्व है। मैं क्रिकेटिंग शॉट्स अधिक खेलता हूं। मेरे कोचों ने मुझसे कहा कि मुझे पहले गेंद को समझना होगा और योग्यता के आधार पर खेलना होगा। शशांक ने अपने करियर में 58 घरेलू टी20 खेले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 137.34 का है, जबकि वह राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के लिए खेलते हैं। उन्होंने पहले दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेला है।

इस बीच, इस साल पंजाब किंग्स में शामिल हुए आशुतोष मैच के दौरान इम्पैक्ट विकल्प के रूप में सामने आए और आईपीएल डेब्यू पर फ्रेंचाइजी द्वारा उन पर दिखाए गए विश्वास को सही साबित किया। मैच के बाद आशुतोष ने लगातार समर्थन के लिए पंजाब फ्रेंचाइजी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। डेब्यू मैच में अच्छा प्रदर्शन करना शानदार है, लेकिन व्यक्तिगत प्रदर्शन ज्यादा मायने रखता है कि हमारी टीम जीती और मैं इस जीत में योगदान देने में सक्षम था। मध्य प्रदेश के रतलाम शहर का रहने वाला 25 वर्षीय खिलाड़ी अपने क्रिकेट कौशल को निखारने के लिए 10 साल की उम्र में इंदौर चला गया। सीमित संसाधनों के बावजूद, आशुतोष ने अपने दम पर सब कुछ प्रबंधित करना सीखा और गुजारा करने के लिए बॉल बॉय और अंपायर के रूप में काम किया। एक महत्वपूर्ण क्रिकेट कदम में, दाएं हाथ का बल्लेबाज 2022 में रेलवे में चला गया, और पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 गेंदों में 50 रनों की शानदार पारी खेलकर युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़कर खूब सुर्खियां बटोरी।



मैंने ऐसे क्षणों की कल्पना की थी लेकिन इसे हकीकत में बदलकर मैं बहुत खुश हूं और मुझे खुद पर गर्व है : शशांक

मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं, डेब्यू मैच में अच्छा प्रदर्शन करना शानदार है, लेकिन व्यक्तिगत प्रदर्शन ज्यादा मायने रखता है कि हमारी टीम जीती और मैं इस जीत में योगदान देने में सक्षम था : आशुतोष

## सार संक्षेप

### ओलंपिक चैंपियन शॉट पुटर वैलेरी एडम्स विश्व 10के बेंगलुरु 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर नामित

**बेंगलुरु।** प्रतिष्ठित शॉट पुटर, चार बार की विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता डेम वैलेरी एडम्स को विश्व 10के बेंगलुरु रोड रनिंग प्रतियोगिता के 16वें संस्करण के लिए अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर नामित किया गया है जो 28 अप्रैल को आयोजित होगी। न्यूजीलैंड की 39 वर्षीय खिलाड़ी यकीनन अब तक की सबसे सफल महिला शॉटपुट खिलाड़ी हैं। ओलंपिक में अपने पांच प्रदर्शनों में, उन्होंने दो स्वर्ण पदक (2008 और 2012 में), एक रजत (2016 में) और एक कांस्य पदक (2020 में) जीता है। विशेष रूप से, वैलेरी के पास विश्व चैंपियनशिप में लगातार चार स्वर्ण पदक जीतने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है, साथ ही वह चार बार विश्व इंडोर चैंपियन और तीन बार राष्ट्रमंडल खेल विजेता भी हैं। वर्ल्ड 10के बेंगलुरु के 16वें संस्करण के साथ अपने जुड़ाव पर बोलते हुए, वैलेरी ने कहा कि हमें एक बड़े उद्देश्य के लिए एकजुट करने की खेल की शक्ति वास्तव में उल्लेखनीय है।

### युगांडा महिला टीम का नेतृत्व करेंगी जेनेट मबाबाजी

**कंपाला।** युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने शुक्रवार को यूएई के अबू धाबी में 19 अप्रैल से 2 मई तक होने वाले टी20 महिला विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा की। जेनेट मबाबाजी 15 सदस्यीय युगांडा टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि रीता मुसामाली को टीम का उप-कप्तान नामित किया गया है। टी20 ग्लोबल क्वालीफायर के लिए टीम में केवल एक बदलाव हुआ है, जिसमें इमैक्युलेट नंदेरा की जगह प्रोस्कोविया अलाको की वापसी हुई है। टीम के बाकी सदस्य ओमटेक्स में भारत के प्रशिक्षण दौरे और घाना में अफ्रीकी खेलों का हिस्सा थे।

## खराब फॉर्म से जूझ रहे बटलर का ब्रॉड ने किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड ने मौजूदा आईपीएल सीजन में राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर का जिक्र करते हुए कहा कि एक बार जब वो अधिक गेंदों का सामना करना शुरू कर देंगे, तो वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल होंगे। बटलर, जिन्होंने आईपीएल 2022 सीजन के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने चार शतकों की मदद से 863 रन बनाए थे। इसके बाद आईपीएल 2023 में भी उन्होंने 14 मैचों में 392 रन बनाए। लेकिन 2024 टूर्नामेंट में अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने शुरुआती तीन मैचों में 11,11 और 13 के मामूली स्कोर बनाये, जो सीज़न की कमजोर शुरुआत का संकेत देते हैं। ढ

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैरिजेन कैप को लगी फटकार

महिला टी-20

**ईस्ट लंदन,** (दक्षिण अफ्रीका), 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अफ्रीकी ऑलराउडर मारिजैन कैप को पूर्वी लंदन में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे महिला टी20 मैच के दौरान आक्रामक अंदाज में आउट करने के लिए आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। कैप को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो गलत भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो अपमानजनक हैं, या जो आउट होने पर बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं। आईसीसी ने शुक्रवार को एक बयान में बताया, इसके अलावा, कैप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक अवगुण अंक जोड़ा गया है, क्योंकि यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध है। यह घटना श्रीलंका की पारी के 13वें ओवर में घटी, जब कैप ने श्रीलंका की कप्तान चामरी अथापथु को आउट करने के बाद अनुचित भाषा का इस्तेमाल किया और पवेलियन की ओर इशारा किया।कैप ने अपराध स्वीकार कर लिया है और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के शैंड्रे फ्रिट्ज द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। कैप पर ये आरोप मैदानी अंपायर जैकलीन विलियम्स और थॉमस मोकोरोसी, तीसरे अंपायर केरिन क्लास्टे और चौथे अंपायर लॉरेन एजेनबैग ने लगाया था।



# नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**पेरिस,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। स्पेनिश टेनिस दिग्गज राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से आगामी मोंटे कार्लो मास्टर्स से अपना नाम वापस लेने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, नाम वापस लेने से नडाल की मई के अंत में 15वें फ्रेंच ओपन खिताब के लिए रौलां-गैरो लौटने की उम्मीद पर भी संशय है। नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ये मेरे लिए बहुत कठिन क्षण हैं। दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं देगा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करें जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की पिछली गर्मियों में हिप की सर्जरी हुई थी, और इस साल की शुरुआत में एक्शन में वापसी के बाद उन्होंने केवल तीन मैच खेले हैं। क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन थॉम्पसन से हारने से पहले उन्होंने डोमिनिक थिएम और जेसन कुबलर को हराया, लेकिन उनकी पुरानी चोट के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा। स्पैनियार्ड ने लिखा कि आपको अंदाजा नहीं है कि इन स्पर्धाओं में न खेल पाना मेरे लिए कितना कठिन है। केवल एक चीज जो मैं कर सकता हूं, वह है स्थिति को स्वीकार करना और खेलने के लिए उत्साह और इच्छाशक्ति को बनाए रखते हुए तत्काल भविष्य पर ध्यान देने की कोशिश करना। अब तक के सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी नडाल ने मोंटे कार्लो में रिकॉर्ड 11 खिताब जीते हैं, जिनमें से आखिरी 2018 में था।



मोंटे कार्लो मास्टर्स

## सब-जूनियर महिला हॉकी लीग : साई शक्ति फाइनल में ओडिशा नेवल टाटा सेंटर से भिड़ेगी

**लखनऊ,** 5 अप्रैल (एजेंसियां)। साई शक्ति टीम और ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने पद्मश्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के 9वें दिन अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीते। साई शक्ति टीम 6 अप्रैल को फाइनल में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर से खेलेगी। इस बीच, एचएआर हॉकी अकादमी और खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस सेंटर, बिलासपुर ने अपने-अपने 5वें/8वें स्थान के वर्गीकरण मैच जीते।

पहले सेमीफाइनल में साई शक्ति टीम ने साई बाल टीम को 5-0 से हराया। भव्या (2%, 14%) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और निशा दादेल (3%), खुशी (25%) और बिनाती मिंज (50%) ने साई शक्ति टीम के लिए एक-एक फील्ड गोल किया और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दूसरे सेमीफाइनल में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को 3-0 से हराया। डोली भोई (30%), पायल सोनकर (50%) और द्रुपति नाइक (57%) ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर के लिए एक-एक फील्ड गोल किया और बिना कोई गोल खाए सेमीफाइनल जीत लिया। 5वें/8वें वर्गीकरण मैचों के पहले मैच में, एचएआर हॉकी अकादमी ने राजा करण हॉकी अकादमी को 14-0 से हराया।



| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.249 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.518 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.976 |
| गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.580 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.483 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.347 |
| पंजाब किंग्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.220 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.876 |
| मुंबई इंडियंस | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.423 |